राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 कांग्रेस को मिली बहुमत तो कौन बनेगा हरियाणा का मुख्यमंत्री..........

पश्चिमी देशों को नेतन्याहू की दो टूक, आपके समर्थन के साथ या उसके बिना........ 12

वर्ष : 15 | अंक : 175 | नई दिल्ली, सोमवार, 07 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# कोसी का तटबंध सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण टूटा : दीपंकर

**दरभंगा, एजेंसी**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि कोसी का तटबंध सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण टूटा है। दरभंगा जिला के कीरतपूर प्रखंड के भूभौल गांव जहां इस बार कोसी का तटबंध टूटा, उस कटाव स्थल पर आज माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य पार्टी नेताओं की एक टीम के साथ पहुंचे और बाढ़ से प्रभावित लोगों से मुलाकात की एवं उससे हुए नुकसान और सरकार के राहत-बचाव कार्य का जायजा लेकर लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत की। भाकपा माले महासचिव ने कहा कि पूरा उत्तर-पूर्व बाढ़ की तबाही झेल रहा है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, लेकिन बिहार की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) -जनता दल यूनाईटेड (जदयू) सरकार सात हजार रुपये की मामूली सहायता देकर अपनी जिम्मेवारी से मुक्त हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे भी निंदनीय यह है कि नीतीश कुमार जी बाढ़ सहित राज्य की अन्य समस्याओं पर फोकस करने की बजाय 2025 के चुनाव की योजना बना रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि उन्हें जनता की नहीं बल्कि अपनी कुर्सी की चिंता है। उन्होंने कहा कि कोसी के तटबंधों का भाजपा-नीतीश सरकार में दो बार टूटना बड़ा सवाल करता है। यह सरकार की आपराधिक लापरवाही को दशार्ता है। आत्ममुग्ध सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट सी गई है। जिन लोगों के घर ध्वस्त हो गए, उन परिवारों के लिए सात हजार राहत की घोषणा ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। औराई में राहत मांग रहे लोगों पर लाठीचार्य निंदनीय है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की तबाही को देखते हुए सरकार को खुद पहल कर



सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और राहत, फसल क्षति मुआवजा व बाढ़ के स्थायी समाधान पर बातचीत करनी चाहिए थी, लेकिन इस दिशा में सरकार का कोई विचार नहीं है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि बाढ़ से दरभंगा, मधुबनी, सहरसा और समस्तीपुर जिले के लगभग 50 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में दसियों हजार परिवार बुरी तरह प्रभावित है। जहां तटबंध टूटा है वहां बस्तियां विलीन हो गई हैं, एक दो ही घर बचे हैं। दर्जनों रोड, पुल पुलिया और संपर्क पथ ध्वस्त हो गए हैं। स्कूलों के कैम्पस में पानी है। फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है और रबी फसल होने की भी कोई उम्मीद नहीं रह गई है। माल मवेशी का भारी नुकसान हुआ है। बचे मवेशियों के सामने चारा का संकट है। साथ ही, बाढ़ पीड़ित भी भोजन और इलाज का संकट झेल रहे हैं। भाकपा माले महासचिव ने कहा कि दरभंगा जिले के भूभौल में कटाव के कारण सामने का गांव पूरी तरह बर्बाद हो गया है। मुसहर समुदाय की 35 झोपड़ियां पूरी तरह तबाह हो गई है। विनोद साव और उनकी पत्नी द्रौपदी के शव को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम नहीं ढूंढ सकीं। ग्रामीणों ने अपनी पहलकदमी पर शव को ढूँढा तथा अंतिम संस्कार किया है, जबतक स्थिति सामान्य नहीं होती मृतकों और बबार्दी का सही सही आकलन नहीं किया का सकता। ग्रामीणों ने बताया कि 28 सितम्बर की रात में तटबंध टूटा. हमने बार बार प्रशासन से बालू, बोरा और बोल्डर की मांग की लेकिन कोई सहयोग नहीं मिला उल्टे हम लोग तटबंध के बचाव के लिए मिट्टी ला रहे थे उस ट्रैक्टर को प्रशासन ने रोक दिया। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि सरकार गणडॉल से भेजा तक लगातार 24 किलोमीटर तक बिजली की व्यवस्था करें, हर एक किलोमीटर की दूरी पर पर्याप्त संख्या में सरकारी नाव की व्यवस्था हो और भूभौल से भेजा तक दस सामुदायिक किचन, पांच मेडिकल और पांच मवेशी अस्पताल को कार्य में लगाया जाए। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों के लिए मोटा प्लास्टिक की व्यवस्था, मवेशियों के लिए चारा, सभी पीड़ितों को पक्का मकान बनाकर देने की गारंटी , कोसी के पश्चिम तट की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध, बाँध को ऊंचा किया जाए, बोल्डर की व्यवस्था की जाए और विशेषज्ञों की टीम लगाई जाए और बांध टूटने के जिम्मेवार लापरवाह अधिकारियों पर सरकार शीघ्र कारवाई करें। बाढ़ प्रभावित इलाके के दौरे पर आयी टीम में युवा विधायक संदीप सौरभ, विधान पार्षद शशि यादव, पार्टी के मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा, कोसी प्रभारी बैद्यनाथ यादव, मधुबनी जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण, कुमार परवेज, संतोष सहर, राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार, शनिचरी देवी, नेयाज अहमद, बैद्यनाथ यादव, मनोज यादव, रोहित सिंह, संदीप कुमार चौधरी, प्रिंस राज, राजू कर्ण, रानी सिंह, पप्पू खान, मयंक कुमार यादव, केशरी यादव, अशोक पासवान, देवेंद्र कुमार अन्य नेतागण शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई में इमारत में आग लगने से एक परिवार के सात सदस्यों की मौत

मुंबई, महाराष्ट्र में मुंबई की एक दो मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक परिवार के कम से कम सात सदस्यों की मौत हो गयी, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के करीब पांच बजे चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई। अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार, आग भूतल पर एक दुकान में लगी थी, जिसमें बिजली के सामान रखे थे। देखते ही देखते यह ऊपरी मंजिल तक फैल गयी, जहां परिवार रहता था। मृतकों की पहचान प्रीति प्रेम गुप्ता (06), मंजू प्रेम गुप्ता (30), अनीता धर्मदेव गुप्ता (39), प्रेम छेदीराम गुप्ता (30), नरेंद्र गुप्ता (10), विधि छेदीराम गुप्ता (15) और गीतादेवी धर्मदेव गुप्ता (60) के रूप में की गयी है। उन सभी को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अग्निशमन विभाग ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझायी। घटना के विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# राहुल ने भाजपा पर गोवा में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का लगाया आरोप, कहा- उनके मंसूबे नहीं होंगे सफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को भाजपा पर गोवा में जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के प्रयासों को चुनौती दी जाएगी, क्योंकि राज्य और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं। भाजपा शासन में सद्भाव पर हमला- राहुल पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा, दुर्भाग्य से, भाजपा शासन में, इस सद्भाव पर हमला हो रहा है। भाजपा जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव भड़का रही है, जिसमें एक पूर्व आरएसएस नेता ईसाइयों और संघ संगठनों को मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने के लिए उकसा रहा है। 'गोवा की प्राकृतिक और सामाजिक विरासत पर हमला' ाहुल गांधी ने कहा, गोवा में, भाजपा की रणनीति स्पष्ट है: अवैध रूप से हरी भूमि को परिवर्तित करके और पर्यावरण नियमों



को दरकिनार करके पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का शोषण करते हुए लोगों को विभाजित करना - गोवा की प्राकृतिक और सामाजिक विरासत पर हमला है। उन्होंने कहा, भाजपा के प्रयासों को चुनौती दी जाएगी। गोवा और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं और एकजुट हैं। पूर्व गोवा आरएसएस प्रमुख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन वहीं गोवा के चर्च अधिकारियों ने सेंट फ्रांसिस जेवियर पर टिप्पणी करने के लिए पूर्व गोवा आरएसएस प्रमुख सुभाष वेलिंगकर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच तटीय राज्य में शांति और संयम की अपील की है। मामले में एक अधिकारी ने पहले बताया कि पुलिस ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में शनिवार देर रात प्रदर्शनकारियों के एक समूह पर लाठीचार्ज किया और उनमें से पांच को हिरासत में ले लिया, क्योंकि उन्होंने वेलिंगकर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एक राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित कर दिया था। बता दें कि प्रदर्शनकारियों ने रविवार को आंदोलन के लिए मडगांव के साथ-साथ उत्तरी गोवा जिले के पुराने गोवा में भी समान विचारधारा वाले लोगों से इकट्ठा होने की अपील की है। गोवा के संरक्षक संत सेंट फ्रांसिस जेवियर के पवित्र अवशेष पुराने गोवा में बेसिलिका डोम जीसस में रखे गए हैं। शनिवार शाम को जारी एक बयान में, सामाजिक न्याय और शांति परिषद (सीएसजेपी) के कार्यकारी सचिव फादर सावियो फर्नांडीस ने कहा कि गोवा कैथोलिक समुदाय वेलिंगकर के अपमानजनक बयानों की निंदा करता है। बयान में कहा गया है, वेलिंगकर के बयानों ने न केवल कैथोलिकों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, बल्कि अन्य धार्मिक समुदायों से जुड़े कई लोगों की भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जो संत की पूजा करने के बाद अपने जीवन में कई उपकार प्राप्त करने के लिए उनका सम्मान करते हैं। स्थानीय लोगों ने पुराने गोवा में किया विरोध प्रदर्शन थानीय लोगों और राजनीतिक नेताओं ने गोवा के संरक्षक संत सेंट फ्रांसिस जेवियर के बारे में टिप्पणी करने के लिए आरएसएस की राज्य इकाई के पूर्व प्रमुख सुभाष वेलिंगकर के खिलाफ रविवार को पुराने गोवा में विरोध प्रदर्शन किया। सुबह विरोध प्रदर्शन के लिए समान विचारधारा वाले लोग एकत्र हुए और उन्होंने स्थानीय पुलिस स्टेशन में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें मांग की गई कि सेंट फ्रांसिस जेवियर की दस वर्षीय प्रदर्शनी पूरी होने तक वेलिंगकर को निर्वासित किया जाए। सेंट फ्रांसिस जेवियर के अवशेषों की प्रदर्शनी नवंबर 2024 और जनवरी 2025 के बीच आयोजित की जाएगी।

# भारत होगा दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब : वैष्णव

## अब तक 1.52 लाख करोड़ के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को दी गई मंजूरी



**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से कहा गया कि भारत दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में निवेश किया जा रहा है। वैष्णव ने न्यूयॉर्क में हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष टेक सीईओ के बीच हुई राउंड टेबल बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान तीन शीर्ष एग्जीक्यूटिव्स ने कहा कि ऐसा जोश हमने पिछले 35 से 40 वर्षों में इतिहास में किसी और देश में नहीं देखा है। केंद्र सरकार की ओर से अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपये के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। चिप उत्पादन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी की माइक्रोन टेक्नोलॉजी 2025 की शुरूआत भारत में चिप का उत्पादन करना शुरू कर देगी। वहीं, सीजी पावर सेमीकंडक्टर सुविधा का कंस्ट्रक्शन चल रहा है और टाटा की ओर से असम में बनाई जा रही एटीएमपी सुविधा में भी काम तेजी से किया जा रहा है और इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की वृद्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मजबूती मिलेगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री, सभी उद्योगों का आधार है। चिप का इस्तेमाल मेडिकल डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, कार, ट्रक, ट्रेन , टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है। साथ ही कहा कि अब तक सरकार की ओर से गई सभी पहल जिसमें डिजिटल इंडिया मिशन और टेलीकॉम इंडिया मिशन शामिल हैं, उसने सामान्य नागरिकों के हाथ में टेक्नोलॉजी आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2026 तक 64 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह 2019 के बाजार मूल्य से करीब 3 गुना होगा।

जानकारों के मुताबिक, अपनी भारत अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा सेमीकंडक्टर सेक्टर में एक बड़ा खिलाड़ी बनने की तरफ बढ़ रहा है। सेमीकॉम इंडिया प्रोग्राम और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) जैसी पहल के कारण भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे बड़ी संख्या में भारत में नौकरियां भी पैदा होंगी।

# एक मस्जिद पर इजराइली हवाई हमले में 19 की मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी**

गाजा पट्टी। गाजा पट्टी की एक मस्जिद पर इजराइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी। फलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ युद्ध का दायर बढ़ाते हुए उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में बमबारी तेज कर दी है। इजराइल सात अक्टूबर को हमास के हमले के करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। मध्य देर अल-बला शहर के मुख्य अस्पताल के समीप एक मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया। इजराइल ने सबूत उपलब्ध कराए बिना कहा कि उसने हमास के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। एक अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल है। इस बीच, सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की, जहां इजराइल की स्थापना के आसपास 1948 के युद्ध के घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर स्थित हैं। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखायी दे रहे हैं। सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने जबालिया को घेर लिया है। इजराइल ने उत्तरी गाजा को खाली करने का भी ताजा आदेश जारी किया है जो युद्ध के शुरूआती हफ्तों में काफी हद तक खाली हो गया जब इजराइल ने उत्तरी गाजा की पूरी आबादी को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था।

# सशस्त्र बलों ने दो विदेशी पर्वतारोहियों को चौखंबा-3 शिखर से रेस्क्यू किया, राजनाथ सिंह ने की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने रविवार को चौखंबा-3 चोटी से दो विदेशी अल्पाइन पर्वतारोहियों को रेस्क्यू किया। इसके कुछ घंटों बाद, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल ऑपरेशन के लिए जवानों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लहमें हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व है जिन्होंने चौखंबा-3 शिखर (चोटी) पर अभियान के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम की दो महिला अल्पाइन पर्वतारोहियों के लिए अद्भुत बचाव और निकासी ऑपरेशन किया। उन्होंने आगे लिखा, ह्लहमारे सशस्त्र बलों ने दिखा दिया है कि वे अपने और दूसरे देशों के लोगों की सुरक्षा के



लिए कितने समर्पित हैं। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर राष्ट्रीय और राज्य प्रशासन के साथ मिलकर जल्दी और सुरक्षित तरीके से अपने काम को पूरा किया। 60 घंटे से अधिक लंबे ऑपरेशन के बाद, अमेरिका और ब्रिटेन की दो महिला अल्पाइन पर्वतारोहियों को उत्तराखंड के चमोली जिले में चौखंबा-3 शिखर से रेस्क्यू किया गया है। समुद्र तल से 18 हजार 500 फीट की चुनौतीपूर्ण ऊंचाई पर भारतीय वायुसेना के चीता पायलट ने पर्वतारोहियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। चमोली आपदा प्रबंधन विभाग को गुरुवार को भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएमएफ) से एक अलर्ट मिला। जिसमें बताया गया था कि दो पर्वतारोही चौखंबा शिखर पर 6 हजार 15 मीटर की ऊंचाई पर फंसे हुए हैं। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई थी। दोनों विदेशी पर्वतारोहियों ने 6 हजार 995 मीटर ऊंची शिखर चौखंबा-3 पर ट्रैकिंग अभियान के लिए भारतीय पर्वतारोहण संघ से अनुमति ली थी। 11 सितंबर को शुरू हुआ पर्वतारोहियों का अभियान 18 अक्टूबर को समाप्त होने वाला था, लेकिन वे चढ़ाई के दौरान फंस गए थे।

# हिंदू समाज को एकजुट होकर मिटाना चाहिए मतभेद : भागवत



**जयपुर एजेंसी**

जयपुर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को हिंदू समाज से एकजुट होकर आपस में मतभेद और विवाद मिटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हिंदू समाज को भाषा, जाति और प्रांत के मतभेद और विवाद मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। समाज ऐसा होना चाहिए, जिसमें एकता, सद्भावना और बंधन का भाव हो। उन्होंने कहा कि समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य-उन्मुख होने का गुण जरूरी है। उन्होंने कहा, समाज सिर्फ मेरे और मेरे परिवार से नहीं बनता, बल्कि हमें समाज के प्रति सर्वांगीण चिंता के जरिए अपने जीवन में ईश्वर को प्राप्त करना है। भागवत ने कहा कि संघ का काम यांत्रिक नहीं, बल्कि विचार आधारित है। उन्होंने कहा, संघ के कार्य की तुलना में दुनिया में कोई कार्य नहीं है। संघ की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। संघ से संस्कार समूह नेता में, समूह नेता से स्वयंसेवक में और स्वयंसेवक से परिवार में जाते हैं। परिवार से समाज का निर्माण होता है। संघ में व्यक्ति के विकास की यही पद्धति अपनाई जाती है। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा देश की ताकत के कारण है। भारत एक हिंदू राष्ट्र है। हम प्राचीन काल से यहां रह रहे हैं, हालांकि हिंदू नाम बाद में आया। यहां रहने वाले भारत के सभी संप्रदायों के लिए हिंदू शब्द का इस्तेमाल किया जाता था। हिंदू सभी को अपना मानते हैं और सभी को स्वीकार करते हैं। हिंदू कहता है कि हम सही हैं और आप भी अपनी जगह सही हैं एक दूसरे से लगातार संवाद करते हुए सद्भावना से रहें। भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों को हर जगह संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा, समाज में व्याप्त कमियों को दूर करने और समाज को मजबूती देने का प्रयास करना चाहिए। समाज में सामाजिक समरसता, सामाजिक न्याय, सामाजिक स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन का आह्वान होना चाहिए।

**चुनाव** | केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार हुए चुनाव में 63 .45 प्रतिशत मतदान हुआ................

# जम्मू कश्मीर चुनाव : मतगणना केंद्रों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

- नब्बे सदस्यीय सदन के लिए 873 उम्मीदवार मैदान में हैं । प्रमुख उम्मीदवारों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला हैं

**श्रीनगर,, एजेंसी**



जम्मू कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर सभी जिला मुख्यालयों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इससे पांच साल पहले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में पहली निर्वाचित सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू कश्मीर में सभी 20 मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां मंगलवार को मतों की गिनती होगी। जम्मू कश्मीर में 2014 के बाद पहला विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ, जिसमें 18 सितंबर को पहले चरण में 24 सीट पर मतदान हुआ। दूसरे चरण का मतदान 18 सितंबर को हुआ, जिसमें 26 सीट पर मतदान हुआ जबकि शेष 40 सीट के लिए तीसरे और अंतिम चरण में मतदान एक अक्टूबर को हुआ। अधिकारी ने कहा, केवल चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के अधिकृत मतगणना एजेंट और मतगणना ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को ही मतगणना हॉल के अंदर जाने की अनुमति होगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड की मतगणना के बाद मतगणना केंद्र के बाहर सार्वजनिक संबोधन प्रणाली पर प्रत्येक उम्मीदवार के मतों की घोषणा की जाएगी। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार हुए चुनाव में 63.45 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2014 के विधानसभा चुनाव में दर्ज 65.52 प्रतिशत से कम है। नब्बे सदस्यीय सदन के लिए 873 उम्मीदवार मैदान में हैं । प्रमुख उम्मीदवारों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला हैं, जो बडगाम और गंदेरबल क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन जो हंदवाड़ा और कुपवाड़ा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा, बटमालू सीट से उम्मीदवार हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना, जो नौशेरा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अन्य उम्मीदवारों में कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर (डूरू), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता वहीद पारा (पुलवामा), इल्तिजा मुफ्ती (बिजबेहरा), अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी (चनापोरा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी (कुलगाम) और पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग और तारा चंद शामिल हैं। अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है, हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बढ़त मिलने की संभावना भी जताई गई है। कुछ एग्जिट पोल ने इस गठबंधन को बहुमत के करीब दिखाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 270 टिन अवैध लीसा बरामद

**जसपुर, एजेंसी।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 270 टिन अवैध लीसा बरामद किया है। पुलिस ने कैंटर सीजकर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शनिवार को एसएसपी के निर्देश पर संदिग्ध वाहनों की सूत मिल पुलिस चौकी के पास एसआई कृष्ण चंद्र आर्या और सौरभ भारती टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी एक कैंटर को उन्होंने रोका। चेकिंग में 270 टिन अवैध लीसा बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त किशोर पांडे निवासी चितपुर थाना कालाढूंगी और हरजीत सिंह निवासी देवलचौड़ रोड कालाढूंगी को गिरफ्तार कर कैंटर कब्जे में लेकर सील कर दिया। साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### डेबिट कार्ड ब्लॉक होने का झांसा देकर 41 हजार ठगे

**रूड़की, एजेंसी।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में एक फैक्टरीकर्मी को डेबिट कार्ड ब्लॉक होने का झांसा देकर खाते से 41 हजार रुपये साफ कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी राजू हरिद्वार के सिडकुल स्थित एक फैक्टरी में कर्मचारी है। उसके मोबाइल पर शुक्रवार देर शाम एक फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह एक बैंक का अधिकारी बोल रहा है। उसने बताया कि उनका डेबिट कार्ड ब्लॉक होने वाला है इसलिए वह अपने कार्ड का नवीनीकरण करा लें। उसने कार्ड को ऑनलाइन नवीनीकरण कराने के लिए कहा। साथ ही उसने उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। उसने लिंक को ओपन कर कार्ड के नवीनीकरण से जुड़ी सभी औपचारिकता पूरी करने के लिए कहा। लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से 41 हजार रुपये की रकम साफ हो गई। पीड़ित ने उस नंबर पर फोन किया लेकिन मोबाइल बंद मिला। खाते से रकम की निकासी का मैसेज उनके मोबाइल पर आया। यह मैसेज देख उनके होश उड़ गए। शनिवार को बैंक में जाकर जानकारी जुटाई तो पता चला कि उनके खाते से किसी दूसरे बैंक खाते में यह रकम ट्रांसफर की गई है। पीड़ित ने इसकी शिकायत गंगनहर कोतवाली पुलिस को दी है। गंगनहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ऐश्वर्य पाल ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। मामले को साइबर सेल को भेज दिया गया है।

### मजदूर के बेटे ने प्रोफेसर बन परिवार का नाम का किया रोशन

**रूड़की, एजेंसी।** मजदूर के बेटे ने प्रोफेसर बनने का सपना संजोया तो उसे पूरा भी कर दिखाया। बेटा असिस्टेंट प्रोफेसर बना तो पूरे परिवार में खुशी का माहौल हो गया। लक्सर क्षेत्र के मुंडाखेड़ा कलां गांव निवासी नेपाल सिंह के पिता इंदर सिंह मजदूरी कर परिवार की गुजर बसर करते हैं। मां संतलेश देवी गृहिणी हैं। नेपाल की प्रारंभिक शिक्षा गांव के राजकीय प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने रोशनाबाद स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से कक्षा 10 व 12वीं पास की। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते नेपाल सिंह ने 12वीं कक्षा पास करने के बाद बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपने स्कूल की फीस व अन्य खर्चे को पूरा किया। इस तरह उन्होंने बीए, एमए और पीएचडी भूगोल हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर उत्तराखंड से की। इसके बाद उन्होंने राजकीय डिग्री कॉलेज अगरोडा टिहरी गढ़वाल में गेस्ट फैकल्टी असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल के रूप में कार्य किया। नेपाल सिंह सितंबर 2 024 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल सातवीं रैंक के रूप में चयनित हुए। नेपाल सिंह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों को देते हैं।

### नाबालिग लड़की को ले जाने के मामले में आरोपी युवक दबोचा

**रूड़की, एजेंसी।** एक महिला के सहयोग से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में फरार चल रहे दूसरे समुदाय के युवक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक महिला को जेल भेज चुकी है। भिक्कमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने एक सप्ताह पूर्व लक्सर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दूसरे समुदाय का जसोदरपुर गांव निवासी युवक उसकी 17 वर्षीय बेटी के साथ रास्ते में आते जाते छेड़खानी करता आ रहा है। आरोप था कि पथरी क्षेत्र के भट्टीपुर गांव निवासी एक महिला की मदद से युवक ने उनकी बेटी को घर से बुलवाया। इसके बाद बेटी को बहला-फुसलाकर शादी करने के लिए ले जाने लगे। किसी ग्रामीण ने बेटी को महिला के साथ जाते देख इसकी सूचना उन्हें दी।

# अमित सिन्हा ने किया अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का निरीक्षण, कहा- हल्द्वानी के लोगों के लिए खोला जाएगा



**हल्द्वानी, एजेंसी।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर को बरसात में गौला नदी से हुए नुकसान और खेल विश्वविद्यालय का परिसर बनाने को लेकर शनिवार को विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने निरीक्षण किया।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर को बरसात में गौला नदी से हुए नुकसान और खेल विश्वविद्यालय का परिसर बनाने को लेकर शनिवार को विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा कार्य के संबंध में जानकारी ली। सिन्हा ने कहा कि जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर को हल्द्वानी के लोगों के लिए खोला जाएगा। सदस्यता लेकर लोग यहां स्वीमिंग, इंडोर बॉस्केटबाल, वॉलीबाल आदि खेल सकेंगे।

निरीक्षण से पूर्व प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों के साथ बैठक की। क्रिकेट स्टेडियम और उसके आसपास की जगहों का निरीक्षण किया। कहा कि जल्द खेल विश्वविद्यालय शुरू करने की योजना है। इसके लिए विधानसभा में विधेयक पारित हो चुका है। इसके लिए यहां पर हॉस्टल की व्यवस्था की जानी है। इसके बाद उन्होंने हॉस्टल के लिए जगह का निरीक्षण किया। स्वीमिंग खेल में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कहा कि सीआरपीएफ, पुलिस, आईटीबीपी, एलआईसी, ओएनजीसी, शिक्षा सहित अन्य विभागों से भी स्वीमिंग पूल में प्रतियोगिताएं कराने के लिए कहा जाएगा। ऑल वेदर स्वीमिंग पूल को कवर करने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान एथलेटिक्स खेल और खिलाड़ियों के बारे में भी जानकारी ली। सिन्हा ने कहा कि इस कांप्लेक्स का बेहतर प्रयोग हो। इसके लिए इसे हल्द्वानी के लोगों के लिए खोला जाएगा। हम इस कांप्लेक्स का प्रयोग खेल विश्व विद्यालय के लिए करेंगे।

इस दौरान अपर निदेशक खेल अजय अग्रवाल, संयुक्त निदेशक शक्ति सिंह, प्रभारी उप निदेशक रशिका सिद्दीकी, सहायक निदेशक राजेश ममगाई, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, पेयजल निगम के सहायक अभियंता शैलेंद्र भंडारी, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, कोच किशोर पाल, शुभांगिनी शाह आदि मौजूद रहे।

गौला नदी से हुए भू-कटाव और सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण के बाद विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने कहा कि गौला नदी के कारण स्टेडियम को नुकसान पहुंचा है। स्टेडियम को बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने योजना विस्तृत योजना बनाई है। जिसके लिए परमिशन का इंतजार किया जा रहा है जैसे ही परमिशन मिलेगी सुरक्षा कार्य शुरू किया जाएगा।

# बिना वीजा के उत्तराखंड में रह रहा था बांग्लादेशी दंपती, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस ने एक घर से बांग्लादेशी दंपत्ति को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बेटी के उपचार के लिए सितंबर 2023 में ये परिवार भारत आया था। इस वर्ष जुलाई में हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान कैंसर पीड़िता बेटी की मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि वीजा अवधि खत्म हो चुकी है। जिसके बाद पुलिस ने दंपति के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया।

पिछले एक सप्ताह से हल्द्वानी में पुलिस ने मुख्य मार्ग से लेकर आबादी क्षेत्रों के अंदर भी सत्यापन अभियान शुरू कर रखा है। तीन अक्टूबर को मंडी चौकी इंचार्ज भुवन सिंह राणा पुलिसकर्मियों संग गौजाजाली बिचली क्षेत्र में सत्यापन को पहुंचे थे। इस दौरान मुन्नालाल नाम के व्यक्ति के घर में एक संदिग्ध दंपत्ति मिला। जिसने अपना नाम कचुवा अभय नगर सिरधौरपुर जसौर बांग्लादेश निवासी नारायण विश्वास और गौरी विश्वास बताया। जबकि मुन्नालाल इनका रिश्तेदार था।

बांग्लादेशी नागरिक होने की वजह से खुफिया एजेंसी भी पूछताछ को पहुंच गई। पता चला कि नारायण और गौरी बेटी काकोली के उपचार के लिए दस सितंबर 2023 को बगाल के हरिदासुपर इमिग्रेशन चेक पोस्ट से मेडिकल वीजा के आधार पर भारत आए थे। मेडिकल वीजा तमिलनाडू स्थित क्रिश्चन मेडिकल कालेज के लिए जारी हुआ था। जहां 13 सितंबर से 25 सितंबर तक चली जांचों के आधार पर पता चला कि काकोली को गले का कैंसर है। इसके बाद 21 नवंबर को तीनों लालकुआं से गौजाजली बिचली में मुन्नालाल के घर पहुंच गए। गौरी की बहन शोभा ने 1997 में मुन्नालाल से विवाह किया था।

# एमबीपीजी कॉलेज बना अखाड़ा, अध्यक्ष दावेदार के समर्थक भिड़े; चले लात-घूंसे



**हल्द्वानी, एजेंसी।** एमबीपीजी कालेज छात्र संघ चुनाव की आड़ में अराजकता का अड्डा बना गया है। चुनावी समर में कुछ छात्र और बाहरी व्यक्ति परिसर का माहौल खराब कर रहे हैं। परिसर में आए दिन हो रहे बवाल से सामान्य विद्यार्थियों में डर का माहौल है।

वहीं शनिवार को अध्यक्ष पद के एक दावेदार के समर्थक ही आपस में भिड़ गए। चुनाव प्रचार को लेकर तीन समर्थकों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक के कपड़े तक फाड़ दिए गए।विवाद देख मौके पर पहुंचीं एक प्राध्यापिका ने मामला शांत करवाया।

कालेज के कस्तूरबा भवन के पास दोपहर करीब 12-30 बजे अध्यक्ष पद के दावेदारों के बीच झड़प हुई। बताया जा रहा है कि एक समर्थक ने परिसर पहुंचकर अन्य दो साथियों से छात्रों से संपर्क करने की विषय में पूछा। साथ ही उन्हें कापी में विद्यार्थियों की जानकारी दर्ज करने को कहा।

ऐसे में तीनों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते निर्देश दे रहे छात्र को अन्य दो समर्थकों ने पीटना शुरू कर दिया। इस बीच जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट होता देख आसपास खड़े विद्यार्थी भी भयभीत हो गए। वहीं निर्देश देने वाले छात्र को जमीन में लेटाकर पीटा और उसके कपड़े तक फाड़ दिए। पिट रहे छात्र ने आइक्यूएसी भवन में बने नए प्रवेश कक्ष में छिपकर जान बचाई।

वहीं पीट वालों ने कक्ष तक उसका पीछा किया, लेकिन यहां शिक्षकों के मौजूद होने पर मौके से भाग खड़े हुए। इधर, एक प्राध्यापिका ने प्राक्टोरियल बोर्ड को घटनाक्रम की सूचना दी। इसके बाद पहुंचे बोर्ड के सदस्यों ने मामले की जानकारी ली और मारपीट करने वाले छात्रों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही भविष्य में ऐसा करने पर कालेज में प्रवेश प्रतिबंधित करने की चेतावनी दी है। एमबीपीजी कालेज के चुनावी रंग में रंगने के बाद यहां आए दिन बवाल हो रहा है। इससे परिसर का माहौल खराब होने के साथ ही पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

# रुद्रपुर पहुंचीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, कहा- प्रदेश में बनेगा सशक्त भू- कानून



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** मुख्य सचिव ने किच्छा में सिलिंग की भूमि से कब्जा छुड़ाने को पुलिस, प्रशासन का अच्छा कदम बताते हुए कहा की सरकारी जमीन से अन्य अतिक्रमण भी प्राथमिकता से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी आज रुद्रपुर पहुंचीं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में सशक्त भू-कानून बनाया जाएगा। इसका ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश में भूमि खरीद फरोख्त की मानसिकता बढ़ती जा रही है। नए कानून से इस पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। कहा भू-कानून को लेकर रुद्रपुर में भी अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। मुख्य सचिव ने किच्छा में सिलिंग की भूमि से कब्जा छुड़ाने को पुलिस, प्रशासन का अच्छा कदम बताते हुए कहा की सरकारी जमीन से अन्य अतिक्रमण भी प्राथमिकता से हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे पहले सीएस ने नगर में बन रहे वैंडिंग जोन और लीगेसी वेस्ट निस्तारण स्थल का निरीक्षण किया।

# उपाध्यक्ष ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत योजनाओं की ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए ये निर्देश



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में उपाध्यक्ष दिनेश आर्या ने जलजीवन मिशन के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इसी के साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

प्राप्त सूचना के मुताबिक प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जलजीवन मिशन के तहत अल्मोड़ा में करीब 600 करोड़ की 1600 से अधिक योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल हर घर जलकार्य चल रहा है। इसमें प्रथम फेस की 1361 योजना कार्य का लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। वहीं द्वितीय चरण में 247 जलजीवन मिशन का निमार्ण कार्य की गति धीमी है। जिसको लेकर उत्तराखंड पेयजल अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जलजीवन मिशन के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक के दौरान उन्होंने जलजीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों को नवंबर माह तक जनपद के सभी विकास खंड़ों में बनाई जा रही घर-घर जल के निर्माण का पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

वहीं उपाध्यक्ष ने कहा कि बरसात व अन्य रूकावटों के कारण जलजीवन मिशन कार्य में देरी हुई है। वहीं आगे कहा कि द्वितीय चरण में जल जीवन मिशन का निमार्ण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने की जानकारी इस समीक्षा बैठक में ली गई है।

# मंडी शुल्क चोरी करने के मामले में भाकियू नेताओं के खिलाफ दी तहरीर

**रूड़की, एजेंसी।** मंगलौर क्षेत्र में मंडी शुल्क की चोरी रोकने के लिए पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक को जबरन छुड़ाने का प्रयास करने को लेकर भारतीय किसान यूनियन के दो पदाधिकारी समेत कई के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

हाल ही में रुड़की में सड़क जाम करके आमजन को परेशान करने की धारा में पुलिस ने किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अब मंगलौर कोतवाली में भारतीय किसान यूनियन के दो नेताओं समेत अन्य के खिलाफ तहरीर दी गई है। कृषि उत्पादन मंडी समिति की ओर से शुल्क चोरी रोकने के लिए अभियान के अंतर्गत झबरेड़ा क्षेत्र से तीन दिन पहले दो ट्रैक्टर-ट्रॉली लकड़ी से भरी हुई और एक ट्रक गुड़ से भरा हुआ पकड़ा था। उन्हें जबरदस्ती छुड़ाने के प्रयास करने का आरोप भाकियू के दो पदाधिकारी और उनके साथियों पर लगाया गया है।

मंडी समिति की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में किसान यूनियन के दोनों ही पदाधिकारी पर समिति कार्यालय में मौजूद महिला कर्मचारी व अन्य के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। तहरीर में बताया गया कि घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई थी जिसके बाद मंडी समिति कार्यालय पहुंची पुलिस और भाकियू के मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी ने दोनों ही पदाधिकारी को मंडी समिति कार्यालय से बाहर निकाला गया।

पुलिस को दी गई तहरीर में मंगलौर के एक व्यक्ति पर भी अपने साथियों के साथ टैक्स चोरी करने वालों का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। कृषि उत्पादन मंडी समिति की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में प्रभारी सचिव लवकेश कुमार, मंडी निरीक्षक राजेश सिंह के अलावा मीनू देवी, शुभम कुमार, रोहित कुमार, उदय सिंह, अनिल कुमार, अक्षय पुंडीर, नितिन कुमार, राजीव कुमार, विशाल, मेम कुमार, संजय आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार गंगवार ने बताया कि तहरीर मिली है जिस पर जांच की जा रही है।

# उत्तराखंड में कहां से हुआ साइबर हमला तीन दिन से पड़ताल में जुटी एसटीएफ और पुलिस

**देहरादून, एजेंसी।** तीन दिनों से किसी भी सरकारी वेबसाइट पर काम नहीं हो रहा है। हालांकि, तीसरे दिन कुछेक वेबसाइट को चालू किया गया है।

प्रदेश के आईटी सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है यह अभी तक की जांच में लगभग साबित हो चुका है। लेकिन, हमला कहां से हुआ इसकी जानकारी करने में समय लग सकता है। इसके लिए केंद्र की तकनीकी टीमों के साथ एसटीएफ और साइबर पुलिस भी जुटी हुई है। एसटीएफ और साइबर थाने के करीब 20 से ज्यादा एक्सपर्ट इसकी जांच में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही साइबर पुलिस इसके स्रोत की पहचान कर लेगी।

तीन दिनों से किसी भी सरकारी वेबसाइट पर काम नहीं हो रहा है। हालांकि, तीसरे दिन कुछेक वेबसाइट को चालू किया गया है। बाकी को स्कैनिंग के बाद चालू कर दिया जाएगा। सभी सिस्टम में एंटी वायरस आदि अपलोड करने का काम भी एक्सपर्ट तेजी से कर रहे हैं। लेकिन, अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि साइबर हमला किस जगह से और किन लोगों ने किया है।

ऐसे एसटीएफ और साइबर थाना पुलिस के भी 20 से ज्यादा एक्सपर्ट अपने स्तर से जांच करने में जुटे हुए हैं। इसके लिए केंद्रीय एजेंसियों की मदद भी ली जा रही है। खुद एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर टीम के साथ लगातार संपर्क में है।

एसएसपी भुल्लर ने बताया कि उनकी टीम हमले के स्रोत के संबंध में जांच कर रही है। बाकी आईटीडीए की टीमें सिस्टम और वेबसाइट को चालू करने में लगे हुए हैं। हर पहलू पर एसटीएफ जांच कर रही है। साइबर थाने के विशेषज्ञों को जांच में लगाया गया है।

# पांच से सात अक्तूबर तक बाधित रहेगा ट्रेनों का संचालन

**रूड़की, एजेंसी।** रेलवे की ओर से रायवाला-देहरादून के बीच रेलवे पटरी पर बने पुल की मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके कारण लक्सर से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून आने-जाने वाली ट्रेनों का संचालन पांच, छह और सात अक्तूबर को बाधित रहेगा। इसके अलावा दो पैसेंजर ट्रेन रद्द की गई हैं।ढ्ढ

ढ्ढरेलवे की ओर से त्योहारों से पहले ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने का काम किया जा रहा है। खासकर रेलवे ट्रैक और सिग्नल सिस्टम अपडेट किए जा रहे हैं। इस दौरान पांच अक्तूबर से देहरादून-रायवाला के बीच रेलवे ट्रैक पर बने पुल की मरम्मत शुरू की गई है। यह काम शनिवार, रविवार और सोमवार तीन दिन तक चलेगा। इसकी वजह से देहरादून-सहारनपुर-देहरादून, हरिद्वार-ऋषिकेश-हरिद्वार पैसेंजर ट्रेन सात अक्तूबर को रद्द रहेंगी। जम्मूतवी से योगनगरी ऋषिकेश, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, बाड़मेर से ऋषिकेश, ऋषिकेश एक्सप्रेस और अमृतसर से देहरादून, देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन छह सितंबर को हरिद्वार स्टेशन तक ही जाएंगी।

# गंगोत्री हिमालय में इस बार प्रतिकूल मौसम ने रोकी 19 दलों की राह, नहीं कर पाए आरोहण



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** गंगोत्री हिमालय में इस बार मानसून सीजन के दौरान प्रतिकूल परिस्थितियों ने पर्वतारोहियों की राह रोकी है। इसके चलते उच्च हिमालय की ट्रेकिंग पर गए सात और पर्वतारोहण के लिए गए 12 दलों को बिना आरोहण के ही वापस लौटना पड़ा।

केवल एक पर्वतारोहण और एक ट्रेकिंग दल ही कड़ी मशक्कत के बाद अपने अभियान में सफल हो पाया। वर्तमान में पर्वतारोहियों के पांच दल आरोहण अभियान और दो दल उच्च हिमालय की ट्रेकिंग पर गए हैं। उम्मीद है इन दलों को अनुकूल मौसम होने के कारण अब सफलता मिल सकती है।

गंगोत्री हिमालय हमेशा ही पर्वतारोहियों और साहसिक पर्यटकों की सैरगाह रहा है। कई विश्व प्रसिद्ध चोटियां ही नहीं, एशिया का सबसे बड़ा ऊंचा ट्रेकिंग रूट कालिंदीपास भी इसी क्षेत्र में है। इस ट्रेक रूट से गुजरना भी किसी पर्वतारोहण अभियान से कम नहीं है। कालिंदीपास की समुद्रतल से ऊंचाई 5,900 मीटर है, लेकिन इस बार मौसम अनुकूल न होने के कारण पर्वतारोही व ट्रेकिंग दलों को मायूस होना पड़ा।

जुलाई और अगस्त में अधिक वर्षा होने के कारण गंगोत्री-गोमुख ट्रेक कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे लगभग 50 दिन तक गंगोत्री हिमालय क्षेत्र में पर्वतारोहण अभियान पर रोक रही। जैसे-तैसे ट्रेक को सुचारु किया गया और अगस्त अंतिम सप्ताह से पर्वतारोहियों के दल आरोहण के लिए बढ़े। लेकिन, सितंबर के अंतिम सप्ताह भी इन दलों को अनुकूल मौसम नहीं मिल पाया।

ऐसे में उन्हें बिना आरोहण किए ही वापस गंगोत्री लौटना पड़ा। गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन के अनुसार केवल भागीरथी द्वितीय चोटी पर सेना के दल ने आरोहण किया, जबकि कालिंदीपास ट्रेक को आइटीबीपी का दल ही पार कर पाया। बाकी दलों को मौसम अनुकूल न मिलने पर बिना सफल अभियान के वापस लौटना पड़ा।

गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र में ट्रेकिंग और पर्वतारोहण के लिए अगस्त अंतिम सप्ताह और सितंबर के पहले पखवाड़े में जो प्रशिक्षित दल गए थे, उन्हें अनुकूल मौसम नहीं मिला पाया। ऐसे में अधिकांश दलों को बिना आरोहण के ही वापस लौटना पड़ा है।

ट्रेकिंग में यात्रा का आनंद लेने पर ध्यान दिया जाता है, जबकि पर्वतारोहण में शिखर के समिट प्वाइंट तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसलिए इसे एक साहसिक अभियान के रूप में लिया जाता है।

एवरेस्टर एवं प्रसिद्ध पर्वतारोही विष्ण सेमवाल ने बताया कि पर्वतारोहण में ज्यादा जोखिम के साथ चुनौतियां भी ज्यादा होती हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, सोमवार, 07 अक्टूबर, 2024



# केंद्र कानून-व्यवस्था संभालने में अक्षम, मैं रुका हुआ वेतन और पेंशन दिलवाऊंगा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को यहां राष्ट्रीय राजधानी की कानून-व्यवस्था, 10 हजार बस मार्शलों को हटाने और पांच हजार होमगार्ड के वेतन रोकने का भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरेआम गोलियां चल रही हैं, लूट और गुंडागर्दी हो रही है और केंद्र सरकार इसे रोकने में अक्षम है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उनसे दिल्ली की सुरक्षा-व्यवस्था नहीं संभल रही है। उन्होंने कहा, हमने बसों के अंदर महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यवस्था की थी, जिसे इन्होंने बंद कर दिया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, एक महिला जब दिल्ली की बस में चढ़ती है, अगर उसे बैठने की सीट न मिले तो मैं जानता हूं कि उसके साथ क्या व्यवहार किया जाता है। कोई इधर से छेड़ता है, कोई उधर से छेड़ता है। कोई तंग करता है। किस तरह से दिल्ली की बसों में जेब कतरे काम करते हैं। किस तरह से अपराध होते हैं। जब हमारी सरकार बनी तो हमने दिल्ली की बसों में ह्यबस मार्शलह्व नियुक्त किए थे। मुझे पता है किसी महिला से छेड़खानी होने पर बस मार्शल आरोपी को पकड़कर थाने ले जाते थे। एक बस मार्शल ने तो बकायदा चार साल के बच्चे को किडनैपर से बचाया था।

केजरीवाल ने कहा कि बस मार्शलों को हटाने से एक तरफ दिल्ली की बसों में महिला सुरक्षा के साथ समझौता किया गया, दूसरी तरफ बस मार्शलों की नौकरी करने वाले युवा बेरोजगार हो गए। उन्होंने कहा, एक बस मार्शल को केवल 15 हजार रुपये का वेतन मिलता था, लेकिन इन लोगों ने 10 हजार मार्शलों की नौकरी छीन ली। बस मार्शल की नौकरी करने वाले ये सब लोग गरीब परिवारों से थे।

केजरीवाल ने कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री आतिशी समेत पूरी कैबिनेट ने बस मार्शल के मुद्दे पर उनके साथ चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लजब मैं जेल में था तो इन लोगों ने 500 डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को नौकरी से निकाल दिया जो सरकारी अस्पतालों में रोगियों की पर्चियां बनाते थे। सीवर की सफाई करने वाले एक हजार लोगों को इन्होंने नौकरी से निकाल दिया। इन्होंने अलग-अलग विभागों से फेलो हटा दिए। पांच हजार होमगार्ड्स का वेतन पिछले पांच महीने से रोक रखा है। पिछले पांच-छह महीने से वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन रोक रखी है। इन लोगों ने डीटीसी कर्मचारियों की पिछले आठ महीने से पेंशन रोक रखी है। ये सभी गरीब लोग हैं, जिनकी वेतन या पेंशन रोक ली गई।

आप संयोजक ने कहा कि अब चिंता करने की कोई बात नहीं है, मैं आ गया हूं और सबको उनका पेंशन और वेतन दिलवाऊंगा। उन्होंने भाजपा को उसके और उसके सहयोगी दलों की सरकारों वाले 22 राज्यों में दिल्ली की तरह मुफ्त बिजली देने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, अगर भाजपा ऐसा करती है तो दिल्ली में, मैं स्वयं घूम-घूमकर भाजपा को वोट देने के लिए प्रचार करूंगा।

# सेल:100 रुपए में सड़क पर लगी रावण की सेल

- महंगाई की मार, घटा रावण का कद, पहुंच गया 1 फुट तक
- 212 फुट रावण पर भारी एक एक फुट का सैकड़ों रावण
- विकासपुरी, द्वारका, रघुवीर नगर, तातारपुर में बिक रहा है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दशहरा पर रावण दहन करना एक प्रमुख हिस्सा है। राजधानी दिल्ली में सैकड़ों जगह रावण के बड़े बड़े पुतले जलाए जाते हैं। कहीं कहीं तो रावण के साथ - साथ कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले भी जलाए जाते हैं। लेकिन इस बार महंगाई का असर रावण के कद पर बहुत ही भारी पड़ गया है। जहां पहले 5 फुट से 200 फुट तक का रावण मार्केट में बिकता था। जिसमें 5 फुट के रावण के पुतले की संख्या बहुत कम होती थी।

विकासपुरी, द्वारका, रघुवीर नगर, ततारपुर में बिक रहा

लेकिन इस बार छोटे छोटे कद के रावण के पुतले की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ। जनकपुरी से पीरागढ़ी की तरफ जाने वाले एलिवेटेड फ्लाई ओवर के नीचे विकासपुरी रोड पर और द्वारका में भी सैकड़ों रावण के छोटे पुतले बिक रहे हैं। रावण मार्केट के नाम से मशहूर टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के नीचे ततारपुर रावण मार्केट में भी एक फुट से लेकर चार फुट के रावण के छोटे छोटे पुतले की भरमार है। जिसकी कीमत 100 से लेकर 650 तक मात्र है।

बड़ा पुतला 500 रुपए फुट, छोटा एक फुट का 100 में

ठीक इसके उल्ट बड़े रावण के पुतले की कीमत की शुरूआत ही 500 रुपए प्रति फुट से होती है। जो आगे ऊंचाई के हिसाब से कीमत बढ़ती जाती है। रावण बनाने वाले सुमित ने कहा छोटे रावण के पुतले की डिमांड ज्यादा है, बड़े की कम। छोटे पुतले को बनाने में आसानी भी होती है और बनाने में झंझट भी कम होता है। बचत भी बड़े के मुकाबले ज्यादा होता है ऊंचाई के हिसाब से।

बच्चे भी कर रहे हैं छोटे छोटे पुतले को खूब पसंद

ग्राहक भी आजकल छोटे छोटे पुतले ज्यादा पसंद करने लगे हैं, क्योंकि उन्हें ले जाने में भी कोई दिक्कत नही होती है। बाइक, स्कूटी या गाड़ी की डिग्गी में डालकर ले जाते हैं अपने घर के बच्चों के लिए। रावण बनाने वाले पवन ने कहा की पहले गली गली में बच्चे आपस में मिलकर पैसा कंट्रीब्यूट करके रावण का पुतला बनाते थे। समय भी लगता था और मेहनत भी, फिर भी पुतला उतना बढ़िया नहीं बनता था। लेकिन अब रंग बिरंगे कलर में रावण के ये छोटे छोटे पुतले को वे मात्र 100 से 650 में खरीदकर अपने अपने घर पर ले जा रहे हैं।

सड़क किनारे बिकते छोटे छोटे रावण के पुतले

# केजरीवाल जी वो व्यक्ति है जिन्होंने दिल्ली के आम लोगों के दर्द को समझा और उनकी जिंदगी बदल दी-सीएम आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित जनता की अदालत में केजरीवाल सभा में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी वो व्यक्ति है जिन्होंने दिल्ली के आम लोगों के दर्द को समझा और उनकी जिंदगी बदल दी। अरविंद केजरीवाल जी ने 10 सालों में वो कर दिखाया जो बाकी सरकारें आजादी के 75 सालों बाद भी नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी की बदौलत दिल्ली में पिछले 10 साल में 10,000 किमी पानी की पाइपलाइन डली; कच्ची कॉलोनियों में 4200 किमी सीवर लाइनें डली और 5000 किमी से ज्यादा सड़कें बनी। सीएम आतिशी ने कहा कि, अपने भाई अरविंद केजरीवाल जी की बदौलत आज रोजाना 11 लाख से ज्यादा महिलाएं डीटीसी बसों में फ्री यात्रा करती है। उन्होंने कहा कि, ये अरविंद केजरीवाल जी की दिल्ली है जहाँ मोहल्ला क्लिनिक-सरकारी अस्पतालों में 500 रुपये का इलाज हो या 50 लाख का इलाज सब फ्री होता है। सीएम आतिशी ने कहा कि, भाजपा अरविंद केजरीवाल जी के कामों का मुकाबला नहीं कर सकी इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया। और अरविंद केजरीवाल जी को जेल भेजकर गरीब विरोधी बीजेपी ने दिल्ली में झुग्गियाँ तोड़ीं, 6 महीने तक बुजुर्गों-विधवाओं की पेंशन रोकी और 10,000 बस मार्शलों की नौकरी छीनकर उन्हें सड़क पर ला दिया लेकिन अरविंद केजरीवाल जी को अपनी ईमानदारी पर लगा ये दाग बर्दाश्त नहीं है, इसलिए एक पल भी सोचे बिना मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि, अब अरविंद केजरीवाल जी का फैसला जनता की अदालत में है; दिल्ली की जनता उनकी ईमानदारी पर मुहर लगाकर अपने बेटे को फिर से मुख्यमंत्री बनाएगी।

जनता की अदालत में केजरीवाल सभा में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, दस साल पहले की दिल्ली में तपती गर्मी में लंबे पॉवर कट लगते थे। 2015 से पहले तक की गर्मी में दिल्ली में 8-8 घंटे के पॉवरकट लगते थे। इसके बावजूद भी बिजली के महंगे बिल आते थे। और एक सामान्य परिवार को बिजली का बिल देने के लिए घर का कोई और खर्च काटना पड़ता था। उन्होंने कहा कि, कच्ची कॉलोनियों-झुग्गी-झोपड़ियों में महिलाओं को घंटों-घंटों तक पानी के टैंकर के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता था। कच्ची कॉलोनियों में पानी की पाइपलाइन नहीं होती थी। सीएम आतिशी ने कहा कि, सरकारी स्कूलों में जहाँ गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ने आते थे, उनका हाल बदहाल होता था। स्कूल के अंदर घुसते ही सबसे पहले टॉयलेट की बदबू आती थी। स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए न टेबल-कुर्सी होती थी, न ब्लैक बोर्ड होते थे, न पंखा होता था, न पीने का पानी होता था न ही टीचर होते थे। उन्होंने कहा कि, परिवार में कोई एक व्यक्ति बीमार हो जाए तो सरकारी स्कूलों का इतना बुरा हाल होता था

### त्योहारी सीजन में चलेंगी लगभग 400 स्पेशल ट्रेन, 11 नवंबर तक लगाएंगी 5,975 स्पेशल ट्रिप

नई दिल्ली। नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही देश में फेस्टिव सीजन भी शुरू हो गया है। और इसके साथ ही छुट्टियों में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले मुसाफिरों की संख्या में भी तेजी के साथ बढ़ोतरी होने लगी है। फेस्टिव सीजन में यात्रियों की संख्या के दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने इस साल भी बड़ी तैयारी की है। नवरात्रि से लेकर छठ पूजा तक की अवधि में मुसाफिरों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 400 से स्पेशल ट्रेन लॉन्च की है। फेस्टिव सीजन के दौरान ये स्पेशल ट्रेन 5,975 फेरे (ट्रिप) लगाएंगी, ताकि यात्रियों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्रेन मिल सके। इसके पहले 2023 में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे। इस तरह इस साल मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन पिछले साल की तुलना में 1,546 फेरे अधिक लगाएंगी। हालांकि मंत्रालय की ओर से ये भी कहा गया है कि अगर मुसाफिरों की संख्या का दबाव और बढ़ा तो स्पेशल ट्रेन के फेरों की संख्या में और बढ़ोतरी की जा सकती है।

# अदालत ने दिया एक फैशन डिजाइनर के कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस को फैशन डिजाइनर पल्लवी मोहन के दो पूर्व कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। फैशन डिजाइनर के कर्मचारियों पर आरोप हैं कि उन्होंने समानांतर व्यवसाय संचालित किया और अपने उत्पादों को बेचने के लिए फैशन डिजाइनर के ब्रांड का नाम और ग्राहकों का इस्तेमाल किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अक्षय शर्मा ने पुलिस को मोहन के स्वामित्व वाली ह्यनॉट सो सीरियस ट्रेडिंग एलएलपीह्व की शिकायत पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

न्यायाधीश ने कंपनी की ओर से अधिवक्ता सुमित गहलोत और निखिल भल्ला की दलीलों को स्वीकार किया कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध किया गया है। न्यायाधीश ने चार अक्टूबर को पारित आदेश में कहा, ह्यद्य आरोपी मनु उनियाल और सुरेंद्र कुमार ने आपराधिक विश्वासघात का संज्ञेय अपराध किया है। इसके अलावा, अदालत का मानना है कि उचित जांच आवश्यक है। न्यायाधीश ने ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने के प्रभारी को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और सुनवाई की अगली तारीख यानी 18 अक्टूबर को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने मोहन के ग्राहकों से गुप्त रूप से ऑर्डर स्वीकार किए। मोहन ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस में शिकायत के बावजूद कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

### दिल्ली के डॉक्टर को लगी इंस्टाग्राम पर रील देखने की लत




बाहरी दिल्ली। रोहिणी स्थित आंबेडकर अस्पताल में कार्यरत एक रेजिडेंट डॉक्टर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने उन्हें स्टाक मार्केट में निवेश कर कम समय अच्छा रिटर्न का भरोसा दिया। झांसे में आकर डॉक्टर ने रुपये 7.68 लाख रुपये गंवा दिए। डॉक्टर की शिकायत पर रोहिणी जिला साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगाने में जुट गई है। पीड़ित डॉक्टर शिवम पांडेय मूलरूप से महाराष्ट्र के पालघर के रहने वाले हैं। यहां रोहिणी सेक्टर छह में रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में डॉक्टर ने बताया कि वह 18 फरवरी को इंस्टाग्राम पर रील देखने के दौरान तभी स्टॉक मार्केट का एक विज्ञापन दिखा। जिसमें कम समय में ज्यादा पैसे देने का दावा किया गया था। वीडियो के नीचे ही एक लिंक था।

# सहसपुर में मिला 2 माह के शिशु का शव, क्षेत्र से फैली सनसनी

**पुलिस ने किया खुलासा, माँ ही निकली बच्चे की कातिल**

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा/सहसपुर। दो माह के बच्चा का शव मिलने से सनसनी फैल गई और शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर थाना स्योहरा पुलिस व पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर नगर में आज सुबह किसी राहगीर ने मौहल्ला मुस्लिम चौधरियांन पुराना डाक खाना के निकट खाली पड़े प्लाट में शिशु के शव को देखा और उसने अन्य को बताया देखते ही देखते यह खबर जंगल की आग की तरह पूरे नगर में फेल गई और शिशु का शव मिलने से सहसपुर में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ,पुलिस क्षेत्राधिकार धामपुर सर्वम सिंह थाना स्योहारा अध्यक्ष अवनीत मान और सहसपुर पुलिस चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे और गहनता से छानबीन शरू की। शव को देखने के लिए भारी भीड़ इकट्ठा हो गई शिशु का शव मिलने की सूचना पर भीड़ में ही आई एक महिला ने शव को पहचान लिया और उसने शव की पहचान अपनी बहन के पुत्र अब्दुल हसन के रूप में की। पुलिस ने शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिशु का शव मिलने की सूचना पर भी बच्चे की माता का मौक पर न आना सभी को अजीब से लगा जबकि दो, तीन दिन से मृतक की माँ अपने मायके मौहल्ला शेखान सहसपुर में रह थी।

# बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 89 जयंती लखनऊ इको गार्डन में मनाई गई




प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ/ बिजनौर।भारतीय किसान यूनियन ब्लाक स्योहारा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती लखनऊ इको गार्डन में उत्साहपूर्वक मनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया राष्ट्रीय नेतृत्व के आहवान पर प्रदेश के कोने-कोने का किसान लखनऊ इको गार्डन पहुंचा।वहां बड़े ही उत्साहपूर्वक और धूमधाम से बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया की बाबा टिकैत के बनाये हुए किसान हितेषी रास्ते पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए सभी भाकियू योद्धा तन, मन ,धन से कार्य करेंगे। इस अवसर पर लखनऊ में उपस्थित भाकियू कार्यकर्ता गजराम सिंह, सुखवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अजीम खान, अंकित धीमान, राजीव चौधरी, कमलजीत सिंह, शराफत अली, प्रमोद चौहान आदि सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# मुफ्त बिजली देने का ऐलान करें मोदी जी, मैं करूंगा भाजपा का प्रचार : केजरीवाल

**दिल्ली के पूर्व सीएम ने जनता की अदालत में उठाए जनहित के मामले**



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित जनता की अदालत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दिल्ली में अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट है। यूपी, हरियाणा, और मणिपुर जैसे राज्यों में डबल इंजन सरकारों की असफलता का उदाहरण देते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में समस्याएं बढ़ रही हैं, खासकर मणिपुर जहां पिछले दो साल से अशांति है। केजरीवाल ने पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह भाजपा शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा करते हैं, तो वह खुद भाजपा का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा, कि 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में कुछ खास नहीं हुआ। अब कम से कम जनता के लिए कुछ करके जाइए। उन्होंने दिल्ली में अपराध बढ़ने और महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति को लेकर दिल्ली पुलिस और भाजपा सरकार की आलोचना की। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली में बस मार्शलों को हटाकर सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा कि इन मार्शलों ने बसों में कई अपराधों को रोका था, लेकिन भाजपा ने इनकी नौकरी छीन ली। केजरीवाल ने भाजपा को गरीब विरोधी बताया और कहा कि भाजपा सरकार ने कई गरीबों की नौकरियां खत्म की हैं। उन्होंने अंत में कहा कि भाजपा की नीतियों से गरीबों को नुकसान हो रहा है, और उनकी हाय इन नेताओं को लगेगी।

# राष्ट्रकवि को भारत रत्न दिया जाए - डॉ विपिन कुमार

**राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं के लिए बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी, एसवी कॉलेज, वीकेएसयू आरा में राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ विपिन कुमार ने कहा कि बहुआयामी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व को आज याद किया जा रहा है, जो समाजवाद और राष्ट्रवाद को मानते थे, ऐसे राष्ट्रकवि दिनकर की याद में आज मैं यहां दिल्ली से आया हूँ। रामधारी सिंह दिनकर जी ने अपनी रचना में हर वर्ग का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी रचना ने हर वर्ग को छुआ है। उनसे पूरा विश्व प्रभावित है। आये दिन प्रधानमंत्री, गृह मंत्री समेत अन्य उनकी रचनाओं को पढ़ते है। दिनकर जी आज भी प्रासंगिक है। भारत के नवनिर्माण में उनका बड़ा योगदान है, उनकी रचना से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदी परिषद यह घोषणा करती है कि दिनकर जी की रचनाओं को एक कर जगह लाने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जायेगी। मंच से राष्ट्रकवि को भारत रत्न देने की मांग उन्होंने की। एसवी कॉलेज का 54 वां स्थापना दिवस स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में मनाया गया। साथ ही राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 116 वीं जयंती को लेकर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, प्राचार्या एसबी कॉलेज ड़ॉ. पूनम कुमारी, कुलसचिव डॉ. रणविजय कुमार, राष्ट्रकवि दिनकर के पौत्र डॉ. अरविंद कुमार, समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात प्राचार्या डॉ. पूनम कुमारी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ राम बहादुर शर्मा, संचालन डॉ सुदीप्ता शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ पंकज कुमार ने किया। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए डॉ. रविंद्र नाथ राय ने कॉलेज के नींव से लेकर अभी तक का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडे ने कहा कि कॉलेज अपना स्वर्ण जयंती समारोह मना रहा है यह गौरव का संदर्भ है। कहा कि किसान आंदोलन के प्रणेता थे स्वामी सहजानंद जिनके नाम पर यह कॉलेज स्थापित है।

डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी कुलपति वीकेएसयू ने कहा कि 1970 में एसबी कॉलेज की स्थापना शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए हुई। 1980 में यह कॉलेज अंगीभूत हुआ। विगत 30 वर्षों में यह कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में नया-नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मैं इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम कुमारी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर की प्रासंगिकता सदैव बनी रहेगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवि के सत्र को नियमित कर दिया गया। आगे कहा कि शिक्षकों को अपनी भूमिका को पहनचाना होगा। यूजी और पीजी में अब फाइनल वर्ष की परीक्षा से पूर्व प्रोन्नत विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने के बाद ही फाइनल परीक्षा ली जायेगी राष्ट्रकवि दिनकर जी के पौत्र डॉ अरविंद कुमार सिंह ने उनकी कई कविताओं को सुनाया, कविता के माध्यम से उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कॉलेज की पत्रिका सहज और डॉ. पूनम कुमारी की पुस्तक लोक - कथाएं का विमोचन किया गया। - एसबी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ राम बहादुर राय ने कहा की इस कॉलेज की स्थापना में भोजपुर के सभी वर्गों का सहयोग रहा है। यह कॉलेज किसी एक का नही सबका है। कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो रविंद्र नाथ राय, डॉ शैलेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. सुनील कुमार, कुलसचिव डॉ रणविजय ने कुमार, प्राचार्य डॉ नवीन कुमार आदि ने भी अपनी अपनी बातें रखी।

ये रहे मौजूदः मौके पर प्रो. मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. दिवाकर पांडेय, डॉ. विश्वनाथ चौधरी, सीसीसीडी प्रो. पीके सिन्हा, कॉलेज इंस्पेक्टर प्रो. शंभू शरण शर्मा, डॉ. अनुज रजक, डॉ. शिव प्रकाश राय सहित अन्य अधिकारी और कॉलेज की प्रो. कनकलता कुमारी, डॉ. भावप्रिता, डॉ. स्मिता ठाकुर, डॉ. अभिनव, डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. अरविंद, डॉ. नीतू, डॉ. अर्चना, डॉ. उमेश कुमार राय, बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ. विनय कुमार, डॉ. आदित्य, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, सुमिर, रमेश, कृष्ण भास्कर समेत अन्य मौजूद थे।

# केजरीवाल को जेल में डालकर दिल्ली का काम रोकने के लिए मोदी जी को मांगनी चाहिए माफी-सिसोदिया

**केजरीवाल और मैं जनता का भरोसा जीत कर सीएम और डिप्टी सीएम की कुर्सी पर बैठेंगे**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित जनता की अदालत कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज ने दिल्लीवालों का काम रोकने पर भाजपा, प्रधानमंत्री और एलजी पर जमकर निशाना साधा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल कर दिल्ली का काम रोकने की कोशिश की। इसके लिए उन्हें दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल चाहे जेल में रहें या बाहर, लेकिन उनको काम करने से नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और मैं बीजेपी के लांछन के साथ सीएम और डिप्टी सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, बल्कि आगामी चुनाव में दिल्लीवालों का भरोसा जीत कर कुर्सी पर बैठेंगे। दिल्लीवाले जानते हैं कि अगर केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो उनके बच्चों की शिक्षा, अस्पताल, मुफ्त बिजली और बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा का क्या होगा? दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और मैं बीजेपी के लांछन के साथ सीएम और डिप्टी सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। अगर दिल्ली की जनता यह मानती है कि अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं, तभी वह सम्मान के साथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे। अगर दिल्ली की जनता मेरे ऊपर दोबारा भरोसा करती है तभी मैं शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। पदयात्रा के दौरान दूसरे राज्यों के कई लोग मुझसे कहते हैं कि जब से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हैं, तब से उन्हें लगता है कि उनके बच्चों का भविष्य केजरीवाल सरकार में ही बन सकता है। मुझसे दिल्ली के लोग पूछते हैं कि अगर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो हमारे बच्चों की शिक्षा, अस्पतालों, मुफ्त बिजली और बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा का क्या होगा? दिल्ली की जनता ने संकल्प किया है कि आने वाले चुनाव में अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी पर मुहर लगाएंगे। दिल्ली के लोगों को अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में चाहिए। क्योंकि वे जानते हैं कि अगर केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो उनका जो बिजली का बिल अभी जीरो आ रहा है वो कई हजार रुपए में आने लगेगा और मोहल्ला क्लिनिक व महिलाओं की बसों में मुफ्त यात्रा बंद हो जाएगी।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने देखा है कि अरविंद केजरीवाल को 6 महीने जेल में डाला तो दिल्ली की सड़कों पर आफत आ गई। लोगों को यह एहसास हुआ कि बिना केजरीवाल के दिल्ली बेहाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना चाहता हूं कि आपने आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को झूठे आरोप लगाकर जेल भेजा। आपने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स व दिल्ली पुलिस को ह्यद्यआपह्लह्ल को तोड़ने के काम पर लगाया हुआ है। आपको ऐसा करके क्या मिला? आपने 6 महीने अरविंद केजरीवाल को जेल में रखकर दिल्ली के काम को रोक दिया, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के लोगों का काम रुकवाने व बच्चों का भविष्य खराब करने की साजिश के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। लेकिन अगर उन्हें माफी मांगने में शर्म आ रही है तो उन्हें देश के लोगों से वादा करना चाहिए कि वे दोबारा ऐसा नहीं करेंगे।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि आप नेताओं पर लगे सारे आरोप झूठे हैं। मैं नरेंद्र मोदी से कहना चाहता हूं कि आपने अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंदता में एक ऐसे शख्स को जेल भिजवाया, जिसके पूरी दिल्ली व देश ईमानदारी का प्रतीक समझता है। आज लोग अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी की कसमें खाते हैं। नरेंद्र मोदी हमें काम करने से नहीं रोक पाएंगे। अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर रहें या बाहर रहें, वह 24 घंटे दिल्ली के बारे में सोचते हैं।भाजपा में जरा भी मानवता होती तो वह बस मार्शलों को बर्खास्त नहीं कराती- संजय सिंहराज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भारत की राजनीति में लूट खटोस और बबार्दी के माहौल को बदलने की हिम्मत और बड़े-बड़े गुंडों का सामना करके उनको जमीन दिखाने का काम किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशिक्षण तैनाती पर ओमान पहुंचे नौसेना के जहाज

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के दो समुद्री जहाज तीर और शार्दुल, तथा भारतीय तटरक्षक बल (कोस्टगार्ड) का जहाज वीरा ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच चुका है। लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पर ये जहाज मस्कट पहुंचे हैं। नौसेना के मुताबिक, यह भारत एवं ओमान के बीच मौजूदा समुद्री और रक्षा संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। भारतीय सैन्य समुद्री जहाजों की ओमान की यह यात्रा 9 अक्टूबर तक जारी रहेगी। ओमान पहुंचने वाले ये जहाज नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) का हिस्सा हैं। वहीं, नौसेना की दक्षिणी कमान के प्रमुख भी रविवार को ओमान पहुंच गए। अपनी इस यात्रा के दौरान, भारतीय नौसेना ओमान की रॉयल नेवी के साथ समुद्री सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करेगी। वार्ता में हार्बर-डिस्कशन और नौसेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास को लेकर चर्चा भी शामिल है। भारतीय नौसेना का कहना है कि ओमान में नौसेना के जहाजों की तैनाती के दौरान दोनों नौसेनाओं के बीच प्रशिक्षण आदान-प्रदान, पेशेवर बातचीत और मैत्रीपूर्ण खेल आयोजन भी होंगे।

पिछले 10 साल में ओमान की राजधानी मस्कट की 1टीएस की यह तीसरी यात्रा है। यह बातचीत नौसेना सहयोग को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच मौजूदा साझेदारी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नौसेना के मुताबिक, 1टीएस की यात्रा के साथ नौसेना की दक्षिणी कमान के कमांडिंग-इन-चीफ फ्लैग ऑफिसर वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास भी रविवार 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2024 तक ओमान की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। यात्रा के दौरान नौसेना की दक्षिणी कमान के प्रमुख ओमान के सुल्तान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल अब्दुल्ला बिन खामिस अल रायसी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वाइस एडमिरल श्रीनिवास ओमान की रॉयल नेवी के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर बिन मोहसिन अल-रहबी के साथ भी द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। इसके साथ ही भारतीय नौसेना के यह अधिकारी ओमान में प्रमुख रक्षा और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों का भी दौरा करेंगे।

भारतीय नौसेना और ओमान की रॉयल नेवी विभिन्न क्षेत्रों में संचालन, प्रशिक्षण और सहयोगात्मक प्रयासों में एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने की इच्छुक रही हैं। हाल ही में, भारतीय नौसेना और ओमान की रॉयल नेवी स्टाफ वार्ता का छठा संस्करण 24 जून को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

### अमृतसर से गिरफ्तार गिल की निशानदेही पर दिल्ली से 10 करोड़ की कोकेन बरामद

नई दिल्ली। बीते तीन अक्टूबर को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किए गए अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट के प्रमुख सदस्य जतिंदर सिंह गिल की निशानदेही पर स्पेशल सेल ने पंजाब से एक फार्च्यूनर कार जब्त कर उससे में रखी 10 करोड़ मूल्य की कोकेन बरामद की है। पंजाब के कुछ बड़े ड्रग्स तस्करों ने दुबई में छिपे सिंडिकेट के सरगना वीरेंद्र वसोया को कोकेन की बड़ी खेप की मांग की थी। इस पर वसोया ने इंग्लैंड में रहे सिंडिकेट के प्रमुख सदस्य जतिंदर सिंह गिल को भारत भेजकर कोकेन की खेप पंजाब के तस्करों को आपूर्ति करने के लिए भेजा था। दिल्ली से बरामद कोकेन की बड़ी मात्रा नए साल पर पंजाब में होनी थी।

# केजरीवाल ने लोगों में बांटीं मुफ्त की छह-छह रेवड़ियां

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक जनसभा में मुक्त की रेवड़ियां बांटने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जब आप की सरकार दिल्ली के लोगों को सुविधाएं देती है तो प्रधानमंत्री कहते हैं कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटी जा रही हैं, इसलिए आज वह मुफ्त की रेवड़ियों के पैकेट बनवाकर बांटने के लिए लाए हैं।

केजरीवाल ने आप द्वारा आयोजित जनता की अदालत कार्यक्रम में कहा, आज मैं मुफ्त की छह रेवड़ियां लेकर आया हूं और अपने पास से रेवड़ियों का एक पैकेट निकालकर दिखाया।

उन्होंने कहा, इस सभा से बाहर जाने पर लोगों को छह-छह रेवड़ियों का एक पैकेट मिलेगा। इन छह मुफ्त की रेवड़ियों में दिल्ली वालों के लिए निःशुल्क बिजली, पानी, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा, महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा, सबके लिए फ्री और शानदार शिक्षा, और निःशुल्क एवं अच्छा उपचार शामिल है। सातवीं रेवड़ी के रूप में हर महिला को एक-एक हजार रुपये उनके बैंक खाते में मिलेंगे।

केजरीवाल ने लोगों से कहा कि आज रेवड़ियों का जो पैकेट मिला है यह प्रसाद है। इसको अपने घर के मंदिर में रखने के बाद सबको बांट दें।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज दिल्ली में जनतंत्र नहीं है यहां ह्यएलजी राज है। उन्होंने कहा कि क्या भगत सिंह इसी दिन के लिए फांसी पर चढ़े थे कि अंग्रेज जाएंगे और दिल्ली में एक उपराज्यपाल का राज हो जाएगा।

केजरीवाल ने कहा, मैं कसम खाकर जा रहा हूं, अपनी जिंदगी के अंदर आपको आपके पूरे अधिकार दिलाकर रहूंगा। दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाकर रहेंगे। दिल्ली को एलजी के राज से मुक्ति दिलाकर रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को उन्होंने देखा कि कैसे दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज, भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता के पैरों पर पड़े थे। उन्होंने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं है। यदि कोई मंत्री बन जाए तो उसमें अहंकार आ जाता है, लेकिन हमारे मंत्री दिल्ली के लोगों के लिए इनके पैरों में भी गिर जाते हैं।

केजरीवाल ने कहा, सौरभ भारद्वाज भाजपा के पैरों में नहीं गिरा था। सौरभ भारद्वाज कोई एक शख्स नहीं है, बल्कि दिल्ली के दो करोड़ लोगों द्वारा चुना हुआ मंत्री है। इस देश का जनतंत्र भाजपा के पैरों में गिरकर कहा रहा था। बड़ी शर्म आई; 62 सीटों वाली सरकार, भाजपा के पैरों में गिरकर उनसे भीख मांग रही है कि हमारे बस मार्शलों को बचा लो।

केजरीवाल ने कहा कि जब वह जेल गए तो दिल्ली की सड़कों की मरम्मत बंद हो गई, जगह-जगह सीवर की मेंटेनेंस बंद करवा दी, आठ साल से मिल रही मुफ्त की दवाइयां और जांच बंद करवा दी। उन्होंने कहा, सत्ता के अहंकार में पाप नहीं किया जाना चाहिए। अगर दवाइयों की कमी की वजह से किसी की मौत हो जाएगी तो इससे दिल्ली के लोगों का ही नुकसान होगा।

केजरीवाल ने कहा कि पूरी दिल्ली के अंदर सड़कों की मरम्मत का काम दोबारा शुरू हो गया है। सीवर की सफाई भी जल्द शुरू की जाएगी। निःशुल्क दवाइयां और मेडिकल जांच फिर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन अब शुरू हो गई है।

# आप ने दोहराई दिल्ली में जल्दी चुनाव कराने की मांग

- आपके बच्चों के लिए स्कूल बनाए, हमेशा आपके बच्चों का ख्याल रखा।
- आप नेता ने कहा कि सारी पार्टियों के अंदर जब चुनाव के टिकट देने की बात आती है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ इस साल नवंबर में दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव कराने की मांग की।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने आप द्वारा यहां रविवार को जनता की अदालत नाम से आयोजित केंद्र की एनडीए सरकार को चुनौती देते हुए कहा, आप चुनाव कराओ, हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यदि वे नवंबर में चुनाव नहीं कराते हैं तो इसका मतलब कि भाजपा डर गई है और वे चुनाव हार गए हैं। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले साल फरवरी में पूरा हो रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मुख्यमंत्री बनने के लिए बेताब नहीं हैं। उन्होंने सदैव केवल जनता के लिए काम किया है। कभी भी अपने या अपने परिवार के लिए काम नहीं किया। आप नेता ने कहा कि सारी पार्टियों के अंदर जब चुनाव के टिकट देने की बात आती है तो विधायक, सांसद का टिकट देते समय इनको अपने बच्चे याद आते हैं। उन्होंने कहा, मैंने कभी अपने किसी रिश्तेदार को आज तक टिकट नहीं दिया। मैंने कभी अपने बेटे को टिकट नहीं दिया। मैंने आपके बच्चों को टिकट दिया है। आपके बच्चों के लिए स्कूल बनाए, हमेशा आपके बच्चों का ख्याल रखा।

उन्होंने कहा कि जब नया मुख्यमंत्री बनाने की बात आई तो भाजपा वालों ने यह बात खूब उछाली कि केजरीवाल अपनी पत्नी को नया मुख्यमंत्री बनाएंगे। हमने अपनी कार्यकर्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया है।

केजरीवाल ने कहा कि आज देश की जनता जान गई है, डबल इंजन सरकार मतलब महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है। इसीलिए वह छाती चौड़ी करके जनता के बीच में जा रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि मैं ईमानदार हूं तो मुझे वोट देना, वरना वोट मत देना। मेरे अंदर यह कहने की हिम्मत है क्योंकि मैंने चोरी नहीं की है।

# भाजपा के डबल इंजन का मतलब महंगाई और भ्रष्टाचार है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर कटाक्ष किया। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की ह्यडबल इंजन सरकार का नतीजा केवल महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है।

अरविंद केजरीवाल ने ह्यआप की जनता की अदालत में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार खत्म होने वाली है। डबल इंजन का सिद्धांत पूरे देश में विफल हो गया है। एक इंजन जून में टूट गया था, जब उन्हें सिर्फ 240 सीटें मिलीं थीं। अब दूसरा इंजन हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में फेल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अब यह एहसास हो गया है कि डबल इंजन मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का पर्याय है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, जैसे-जैसे दिल्ली चुनाव नजदीक आएंगे, वे एक बार फिर डबल इंजन वाली सरकार की मांग करेंगे। लेकिन आपको उनसे पूछना चाहिए कि क्या हरियाणा में डबल इंजन वाली सरकार ने कुछ हासिल किया? उन्होंने 10 साल तक शासन किया, फिर भी मैंने अपने अभियान के दौरान देखा कि लोग भाजपा नेताओं को अपने गांवों में प्रवेश तक नहीं करने देना चाहते हैं।

केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासन की आलोचना करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में सात साल से उनकी डबल इंजन वाली सरकार है, फिर भी वे हाल के चुनावों में केवल आधी सीटें ही जीत पाए हैं। मणिपुर उनके शासन में दो साल से जल रहा है। देश इस डबल इंजन प्रणाली से थक चुका है, इससे केवल लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

भाजपा के चुनावी वादों पर सीधा प्रहार करते हुए केजरीवाल ने मतदाताओं से पार्टी के दावों को चुनौती देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ह्लवे आपके घर आएंगे और वादा करेंगे कि वे वही सब करेंगे जो मैंने किया। लेकिन अगर ऐसा है, तो हमें उनकी क्या जरूरत है? उन्होंने 22 राज्यों पर शासन किया है, फिर भी हमने दिल्ली में शिक्षा को बदल दिया है। उनसे पूछिए, उन्होंने किस राज्य में स्कूलों में सुधार किया है? गुजरात में, जहां भाजपा एक दशक से अधिक समय से सत्ता में है, एक भी स्कूल अच्छी स्थिति में नहीं है।

दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर करते हुए, केजरीवाल ने इसकी तुलना 1990 के दशक में मुंबई (तब बम्बई) की अराजकता से की। उन्होंने कहा, दिल्ली में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने से डरते हैं। आम आदमी के लिए इस शहर में सुरक्षित रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

# दिल्ली हाईकोर्ट उमर खालिद की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। छात्र नेता 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित बड़ी साजिश मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सितंबर 2020 से सलाखों में बंद है।

दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ 7 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करेगी। इस साल जुलाई में जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस गिरीश कठपालिया की पीठ ने नोटिस जारी कर दिल्ली पुलिस से खालिद की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

न्यायमूर्ति कैत की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के साथ ही मामले को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष पुनः अधिसूचित किया गया है।

इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस अमित शर्मा ने खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इसके बाद जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले को 24 जुलाई को किसी दूसरी बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

दिल्ली अदालत ने 28 मई को खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी। याचिका में मुकदमे की देरी और अन्य सह-आरोपियों के साथ समानता का हवाला दिया गया था, जिन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इससे पहले, अप्रैल 2022 में एक ट्रायल कोर्ट ने खालिद की पहली जमानत याचिका खारिज कर दी थी और बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी उनकी अपील खारिज कर दी थी। इस साल फरवरी में, खालिद ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी जमानत याचिका वापस ले ली। उन्होंने कहा कि हालात बदल गए हैं, इसलिए उन्हें निचली अदालत में फिर से जमानत के लिए आवेदन करने की इजाजत दी जाए।

सितंबर 2020 से हिरासत में चल रहे खालिद पर कड़े आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# दिल्ली में रामलीला के मंचन के दौरान, श्री राम का किरदार निभाने वाले शख्स की हार्ट अटैक से मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के शाहदरा में रामलीला का मंचन करते हुए भगवान श्री राम का किरदार निभाने वाले सुशील कौशिक का निधन हो गया। मंचन के दौरान उनके सीने में एकदम तेज दर्द और घबराहट हुई, जिसके बाद एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में उनकी मौत हो गई। वो 54 साल के थे।

बताया जा रहा है कि कलाकार सुशील कौशिक पेशे से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। राम लीला कमेटी में वह पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से जुड़े थे। घटना के समय वह भगवान श्री राम का किरदार निभा रहे थे। जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो वह मंच से नीचे उतर गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों का कहना है कि उनको यह नहीं मालूम था कि उनके साथ कुछ ऐसा हो सकता है।

इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह रामलीला मंच पर भगवान श्री राम के किरदार का मंचन कर रहे हैं और बाकायदा डॉयलाग भी बोल रहे हैं। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। इसके बाद वह मंच से नीचे जाने लगे। जहां वह अपने सीने में दर्द और उलझन होने की बात कह रहे हैं। इसके बाद रामलीला कमेटी के अन्य लोगों ने एंबुलेंस बुलाई और उनको अस्पताल के लिए ले कर निकले।

एक अन्य वीडियो में वह स्टेज से नीचे बैठकर भजन गाते दिख रहे हैं। उनके बगल में कई अन्य लोग भी भजन गा रहे हैं। जिसके बाद उनकी तबियत खराब हुई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

बता दें की अश्विन मास की प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ हो जाता है। विजय दशमी के साथ पर्व का समापन होता है। कामान्यता है कि इसी दिन मां दुर्गा ने दानव महिषासुर का वध किया था तो भगवान राम ने विजयादशमी के दिन ही रावण का वध किया था। इसी उपलक्ष्य में देश के विभिन्न इलाकों में रामलीला खेली जाती है। जिसमें श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत किया जाता है।

# देश की जनता ने केजरीवाल को नकारा, अब दिल्ली की बारी : रमेश बिधूड़ी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने एक विशाल जनसभा आयोजति की। इसमें दक्षिण दिल्ली के भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। पूर्व रमेश बिधूड़ी ने हरियाणा वधिानसभा चुनाव में मतदान के बाद आए एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर कहा कि केजरीवाल को हरियाणा और जम्मू की जनता ने नकार दयिा है, अब दिल्ली की जनता भी इनको नकारेगी। केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार ने दिल्ली को लूटने का काम किया है। हरियाणा में सभी सीटों पर अरविंद केजरीवाल की जमानत जब्त हो जाएगी। जम्मू-कश्मीर में इनका कुछ पता नहीं चल रहा है। उत्तर प्रदेश में 365 सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी और उत्तराखंड में 68 सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि अगर दिल्ली में आज मुझे बिजली चाहिए, तो ट्रांसफर लगाने के लिए जगह खरीद कर देनी पडेगी। इससे बड़ा ब्लंडर क्या हो सकता है। इसके बाद भी ऐसे लोग सत्ता में बने रहे। ये दिल्ली के लोगों के लिए शर्म की बात है। देश के लोग इनको नकार चुके हैं और अब दिल्ली के लोगों की बारी है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खालिस्तानी उग्रवादी को छोड़ने के लिए अमेरिका के गुरुद्वारे से कई मिलियन डॉलर ले आता है और राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखकर 1996 के बम धमाके के खालिस्तानी आरोपी भुल्लर को छोड़ने का आग्रह करता है। उसके देशद्रोही और जन विरोधी होने का इससे बड़ा सबूत और क्या होगा? ऐसे शख्सर को दिल्ली से हटाने के लिए हम सभी को कमर कसनी पड़ेगी। बता दें कि कि इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बस मार्शलों की नियुक्ति को लेकर शनिवार को भाजपा और आप मंत्रियों के बीच खींचतान देखने को मिली थी।

### निर्वाचित महिला प्रतिनिधि को हटाने के कदम को हल्के में नहीं लिया जा सकता : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के एक गांव की महिला सरपंच को हटाने का आदेश रद्द करते हुए कहा कि निर्वाचित जन प्रतिनिधि को हटाने के फैसले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, खासतौर पर तब, जब मामला ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से संबंधित हो। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने इस मामले को इस बात का सटीक उदाहरण बताया जिसमें गांव के निवासी इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सके कि एक महिला को सरपंच के पद पर चुना गया है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि यह ऐसा मामला है जिसमें ग्रामीण इस वास्तविकता को स्वीकार नहीं कर सके कि एक महिला सरपंच उनकी ओर से निर्णय लेगी और उन्हें उसके निदेशों का पालन करना होगा।

# डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट, यूपी में सात साल से यही हो रहा, भाजपा पर बरसे केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता का प्यार, समर्थन और विश्वास ही मेरी ईमानदारी का प्रमाण बनेगा। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट है। यूपी में पिछले सात साल से डबल इंजन की सरकार है, लेकिन फेल है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, इनकी (भाजपा) 22 राज्यों में सरकारें हैं। आप इनसे पूछना कि वे एक राज्य बता दें, जहां उन्होंने बिजली फ्री की हो...गुजरात में इनके 30 साल से सरकार है। उन्होंने एक भी स्कूल ठीक नहीं कराया...22 राज्यों में इनकी सरकारें हैं, एक काम ये बता दें जो इन्होंने अच्छा काम किया हो। अगली साल 17 सितंबर को पीएम मोदी रिटायर हो जाएंगे। मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप इन एक साल में 22 राज्यों में कोई ऐसा काम करके दिखा दीजिए जो दिल्ली में हुए हैं...10 साल में इन्होंने कुछ नहीं करा। केजरीवाल ने कहा, जब आप रिटायर होंगे तो सब ये तो सोचेंगे कि आपने 10 साल तो कुछ नहीं किया, लेकिन 11वें साल में तो कुछ किया। आज मैं पीएम मोदी को कहता हूं कि फरवरी में दिल्ली के चुनाव हैं। फरवरी के पहले इन 22 राज्यों में बिजली फ्री कर दीजिए, मैं दिल्ली की चुनाव में मोदी जी का प्रचार करूंगा। जनता की अदालत कार्यक्रम के दौरान दिल्ली की सीएम और आप नेता आतिशी ने कहा, दिल्ली ही एक ऐसी जगह है, जहां भीषण गर्मी में भी 24 घंटे बिजली मिलती है और फिर भी बिल जीरो आता है, ये अरविंद केजरीवाल की दिल्ली है। भाजपा एक गरीब विरोधी पार्टी है और गरीबों को परेशान करती है। पिछले कुछ वर्षों से भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली भर में झुग्गियों को एक-एक करके ध्वस्त कर रही है

### दिल्ली पुलिस ने हथियारों का जखीरा पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ इलाके में एक अवैध हथियारों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से हथियार बनाने वाले रॉ मटेरियल और करीब एक दर्जन से ज्यादा देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस अब पता लगा रही है कि ये हथियार कहां और किसके पास सप्लाई होने थे। हरियाणा से अवैध शराब लेकर पहुंचा तस्कर दबोचा उधर, द्वारका सेक्टर 23 थाना पुलिस ने अवैध शराब के तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 कार्टन अवैध शराब बरामद की है। आरोपित की पहचान महिपालपुर के आमिर के रूप में हुई है। पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में इस्तेमाल की गई वैगनआर कार भी जब्त की है।

### न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 72 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने का अनुमान जताया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 142 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच ह्यसंतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

# बस मार्शल मुद्दे पर हंगामा: मंत्री सौरभ भारद्वाज व अन्य विधायकों ने किया था हाईवोल्टेज ड्रामा, केस दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में शनिवार को बस मार्शल बहाली के मुददे को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ था। अब इस मामले में आप मंत्री सौरभ भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस थाने में बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सौरभ भारद्वाज के अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य विधायकों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 और 238 के तहत मामला दर्ज किया है।

राजधानी के लोग शनिवार दोपहर उस समय चौंक उठे जब मुख्यमंत्री आतिशी और नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता को एक ही कार में बैठे देखा। कार में आप के विधायक व मंत्री भी थे। विजेंद्र गुप्ता आगे की सीट पर बैठे थे। पक्ष व विपक्ष को एक साथ कार में बैठे देखना दिल्लीवासियों के लिए कौतूहल का विषय था। इससे पहले दिल्ली सचिवालय में मंत्री व विधायकों द्वारा नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ने के वायरल वीडियो को देखकर लोग पूरे माजरे को समझने की कोशिश करते रहे।

कैबिनेट नोट पास होने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी नेता विपक्ष समेत भाजपा विधायकों को उपराज्यपाल कार्यालय चलने के लिए कह रही थीं। अचानक मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य विधायक नेता विपक्ष के पैर पकड़ने लगे। इससे पहले कुछ मार्शलों ने भी कैबिनेट बैठक के दौरान भाजपा विधायकों के पैर पकड़े थे। आप नेताओं का कहना था कि नेता विपक्ष एलजी हाउस जाना नहीं चाहते थे और मौके से भाग रहे थे। इस कारण उनको रोका गया।

इसके बाद मुख्यमंत्री नीचे आईं और विजेंद्र गुप्ता की कार में बैठ गईं। इस पर विजेंद्र गुप्ता कार के इधर-उधर घूमते रहे और दूसरी कार मंगाने के लिए फोन करने लगे, लेकिन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जबरदस्ती उन्हें कार में बैठा लिया। इसके बाद विजेंद्र व आतिशी एलजी हाउस पहुंचे। रास्ते में एक-दो बार कार को मुड़वाने की कोशिश की गई।

इधर, एलजी से मुलाकात के बाद आश्वासन न मिलने पर बस मार्शल और दिल्ली सरकार के मंत्री व विधायक मार्शल के साथ धरने पर बैठ गए। बस मार्शलों के साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज और मुकेश अहलावत, विधायक दिलीप पांडे, संजीव झा, कुलदीप कुमार, राजेश गुप्ता, रोहित महरौलिया, अजय दत्त सहित अन्य से एलजी से प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की मांग रखी। साथ ही, कहा कि दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा किया। अब आपकी बारी है। हालांकि, बाद में पुलिस ने मंत्री सहित अन्य को हिरासत में लेकर कुछ देर बाद दूर ले जाकर छोड़ दिया। धरने पर आए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने बस मार्शलों को धोखा दिया है। शनिवार को कैबिनेट नोट पर सभी मंत्रियों ने हस्ताक्षर कर दिए। अब एलजी के हस्ताक्षर का इंतजार है।

महिला मार्शल को लात मारने का आरोप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि एलजी हाउस के बाहर प्रदर्शन करने के दौरान विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ने गई महिला मार्शल को उन्होंने लात मारी। इसके बाद जब सौरभ रोती हुई उस महिला को पुलिस के पास लेकर गए और उसकी शिकायत लिखने के लिए कहा तो शिकायत दर्ज करने की जगह पुलिसकर्मी हंसते हुए चले गए। महिला ने भी इस बात की पुष्टि की।

# दिल्ली दंगे 2020: यूएपीए मामले में उमर खालिद की जमानत याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। इस मामले में अन्य सह-आरोपियों शरजील इमाम और गुलफिशा फातिमा, ह्ययूनाइटेड अगेंस्ट हेटह्ल के संस्थापक खालिद सैफी और अन्य की जमानत याचिकाएं भी न्यायमूर्ति नवीन चावला और शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष नए सिरे से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं।

दरअसल ये मामले पहले न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष थे, लेकिन न्यायाधीश को हाल ही में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया। उमर खालिद, शरजील इमाम और कई अन्य लोगों पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित तौर पर ह्लमास्टरमाइंडह्ल होने के लिए आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे।

सितंबर 2020 में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए उमर खालिद ने 28 मई के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसने मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया था। जुलाई में उच्च न्यायालय द्वारा उनकी अपील पर नोटिस जारी किया गया था। इमाम, सैफी और अन्य आरोपियों की याचिकाएँ 2022 में दायर की गई थीं और तब से समय-समय पर विभिन्न पीठों के समक्ष सूचीबद्ध की गई हैं।

शरजील इमाम ने 2022 में दायर अपनी अपील में 11 अप्रैल, 2022 के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उसे जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में इमाम को 25 अगस्त, 2020 को गिरफ्तार किया था। 28 मई को ट्रायल कोर्ट ने उमर खालिद की दूसरी बार नियमित जमानत की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

### दिल्ली के मुस्तफाबाद में एनआईए की छापेमारी, संदिग्ध सामग्री बरामद

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कई जगहों पर छापेमारी लगातार जारी है। इसी क्रम में एनआईए ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी इलाके मुस्तफाबाद सहित कई जगहों पर छापेमारी की और संदिग्ध सामग्री बरामद की।एनआईए ने यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और स्थानीय पुलिस की मदद से की। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान संदिग्ध सामग्री बरामद की गई और कुछ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, साथ ही पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। छापेमारी शनिवार सुबह खत्म हुई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई एनआईए की केस आरसी-13/24/एनआईए/डीएलआई के तहत जांच का हिस्सा है। इसके तहत आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क पर एनआईए छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई के तहत देश के पांच राज्यों में 22 जगहों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। बता दें कि एनआईए और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को संयुक्त रूप से महाराष्ट्र में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता अभियान चलाया गया

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान पॉलिटेक्निक कॉलेज हवेली खड़गपुर मुंगेर के प्राचार्य खुशबू रानी के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान में सभी सफाई कर्मी अध्यापकों छात्र और छात्राओं ने मिलकर भाग लिया। प्राचार्य खुशबू रानी ने बताया कि शनिवार रविवार और सोमवार तक यह अभियान चला कर कॉलेज परिसर को स्वच्छ बनाया जा रहा है।

### नप की ओर से दुगार्पूजा को लेकर किया जा रहा है साफ-सफाई

जमुई [ झाझा ] मुख्य बाजार, रेलवे कॉलौनी, स्टेशन रोड़ सहित अन्य वैसे मार्ग जिन रास्तों से श्रद्धालु मंदिर जाते है उस मार्ग पर सड़क किनारे कचरों का उठाव करवाया जा रहा है। दुगार्पूजा को देखते हुए नगर क्षेत्र स्थित दुगार्मंदिर जाने वाली मार्ग का साफ- सफाई का कार्य नगर परिषद कार्यालय की ओर से करवाया जा रहा है। नप के मुख्य पार्षद संजय यादव ने बताया कि त्योहार को लेकर नगर क्षेत्र में विशेष साफ- सफाई करवाया जा रहा है।

# विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रमंडल आयुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने संयुक्त रूप से की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिले में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एजेंडावार विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, विशेष कार्य पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मुंगेर, हवेली खड़गपुर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अभियोजन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था के संबंध में अद्यतन जानकारी दी। आयुक्त ने लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश देते हुए स्पीडी ट्रायल करा कर नियमित सुनवाई कराने को कहा। हत्या और आर्म्स एक्ट के मामलों सहित एससीएसटी, पोक्सो एक्ट के वांछित अपराधियों की भी गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने जिला अभियोजन पदाधिकारी को लंबित मामलों के स्पीडी ट्रायल में तीव्रता लाने का निर्देश दिया। गंभीर अपराधियों के लिए सीसीए एक्ट के बारे में पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिले में वर्तमान में सात अपराधियों को सीसीए एक्ट के तहत करवाई के लिए अनुशंसा की गई है, आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को अंचल स्तर पर होने वाले भूमि विवाद से संबंधित जनता दरबार को अंचलाधिकारी और एसएचओ गंभीरता से लें और नियमानुसार निष्पादन की कार्रवाई करें।भूमिहीन थानों के भवन निर्माण हेतु जमीन चिन्हित करने तथा सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे के अधिष्ठापन तथा हमेशा उसे सक्रिय रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा साइबर क्राइम के लंबित मामलों के निष्पादन में भी तेजी लाने की बात कही। वहीं थानों में दर्ज प्राथमिकी को पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने का भी निर्देश दिया।

# बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष की 94 वीं जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाया



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई समाजवादी जन नेता एवं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय त्रिपुरारी प्रसाद सिंह की 94 वीं जयंती राजकीय समारोह के रूप में रविवार 06 अक्टूबर को मनाई गई। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री (मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग)झसहझजमुई जिला प्रभारी मंत्री माननीय रत्नेश सदा के द्वारा माल्यार्पण किया गया। राजकीय जयंती समारोह में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश द्वारा कचहरी चौक स्थित प्रतिमा पर फूलझमाला अर्पित किया गया। समारोह में जमुई जिले के अपर समाहर्ता सुभाष चंद्र मंडल, उप विकास उपायुक्त सुमित कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। कियूल नदी समाधि स्थल पर माननीय प्रभारी मंत्री, डीएम महोदया एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समाजवादी नेता एवं पूर्व अध्यक्ष बिहार विधानसभा स्वङ्ग त्रिपुरारी प्रसाद सिंह के पुत्र शांतनु सिंह, परिवारजन एवं गणमान्य लोग के द्वारा श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया गया।

# नवरात्रि-पान के पत्तों के दाम में दुगनी वृद्धि

## दाम में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत वृद्धि



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- शारदीय नवरात्रि में फूलों के दाम बढ़ गए हैं। 2 अक्टूबर के पहले की तुलना में तीन अक्टूबर से शुरू नवरात्रि में 25 से 100 प्रतिशत तक फूलों के दामों में वृद्धि हुई है। देवी की पूजा में सबसे अधिक मांग अड़हुल की होती है। दो अक्टूबर के पहले एक अड़हुल का फूल 1 रुपए में मिलता था। तीन अक्टूबर से यह 2 रुपए में बिक रहा है। पान के पत्तों के दाम में भी दुगनी वृद्धि हुई है। गेंदा के फूलों की छोटी माला 15 रुपए में बिक रही थी। अभी 20 से 25 रुपए तक बिक रही है। सप्तमी, अष्टमी,नवमी को इसके मूल्य में अधिक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मेला परिसर में फूल दुकानदार अवधेश कुमार व दिनेश साव ने बताया कि नवरात्रि में फूलों की मांग बढ़ जाती है। पश्चिम बंगाल से फूल मंगाए जाते हैं। नवरात्रि से पहले गेंदे की माला की 15 से 16 रुपए में मिलती थी। अब 20 से 25 रुपए में बिक रहा है। अपराजिता का माला पहले 10 रुपए का था अब 20 रुपए है। दाना मडुआ का माला पहले 50 रुपए और अब 80 रुपए में मिल रहा है। नवरात्रि में विशेष तौर से सप्तमी, अष्टमी,नवमी के दिन फूलों की सबसे ज्यादा मांग रहती है। थोक बाजार में नवरात्रि से पूर्व अड़हुल 50 से 60 रुपए बंडल तक मिलता था। जिसे एक रुपए प्रति पीस के हिसाब से हमलोग बेचते थे। लेकिन नवरात्रि के पहले दिन 200 रुपये प्रति बंडल मिला।दूसरे व तीसरे दिन 120 रूपया से 150 रुपया प्रति बंडल मिल रहा है। एक रुपए में बेचने से दुकानदारों को घाटा होगा। जिससे बाजार में 2 रूपए प्रति पीस के हिसाब से बिक्री हो रही है।बजरंगवली मंदिर के फूल दुकानदार राहुल कुमार बताते हैं की नवरात्रि के फूल के भावों में तेजी आ गई है। नवरात्रि में फूलों के दाम छू रहे हैं आसमान फूल खरीदने पहुंचे गोलू कुमार बताते हैं कि फूलों की कीमत पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा है। नवरात्रि के समय मां दुर्गा की पूजा में फूल चढ़ाना जरूरी है। इसलिए खरीदारी कर रहे हैं।पुनम कुमारी का कहना है कि हर रोज पूजा के लिए फूल ले जाती हूं। लेकिन इस बार नवरात्रि में फूलों के दाम आसमान छू रहे हैं। पान के पत्ते की कीमत में वृद्धि,60 रुपये के बजाय 150 रुपए ढोली पान के पत्ते की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई है। पूर्व में 60 रुपए प्रति ढोली था।जिसे में 1 रुपए प्रति पीस के हिसाब से बेचा जाता था। अब डेढ़ सौ रुपए प्रति ढोली है जिसे बाजार में 2 रुपए प्रति पीस बिक्री हो रही है।

# सेवा मुसहरी में पुलिस ने छापेमारी कर 180 किलो जावा महुआ और 26 लीटर शराब बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के सेवा पंचायत अन्तर्गत पड़नेवाले सेवा मुसहरी में गिद्धौर थाना पुलिस ने 26 लीटर देशी शराब एवं बड़े मात्रा में फुला हुआ जावा महुआ को बरामद किया। जानकारी के अनुसार सेवा पंचायत अन्तर्गत पड़नेवाले सेवा मुसहरी में गिद्धौर थाना पुलिस को गुप्त रूप से देशी शराब के संचालन व बिक्री की सूचना मिली थी। जिसपर त्वरित कारवाई करते हुए गिद्धौर थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा सेवा मुसहरी पहुंचकर चिन्हित स्थलों पर छापेमारी कर 180 किलो फुला हुआ जावा महुआ सहित देशी शराब की भट्टी निर्माण में प्रयोग किये जानेवाले दर्जनों प्लास्टिक के जार सहित देशी शराब निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले अर्धनिर्मित सामग्री को बरामद किया गया। हालांकि छापेमारी के दौरान देशी शराब के कारोबारी भागने में सफल हुए। उक्त इलाके में गिद्धौर थानाध्यक्ष पंकज कुमार,अवर निरीक्षक अनुज कुमार के संयुक्त नेतृत्व में इलाके में शराब बंदी को सफल बनाने के लिये छापेमारी अभियान चलाया गया था। जिसके तहत ये कारवाई की गई। फिलहाल गिद्धौर थाना पुलिस द्वारा शराबबंदी के इस मामले को लेकर एक पुरूष व एक महिला पे मामला दर्ज कर गहन छानबीन जारी है।

# आस्था का प्रतीक है अलीगंज का बड़ी दुर्गा मंदिर

## इलाके में मनोकामना सिद्धि के रूप में प्रसिद्ध है बड़ी दुर्गा मंदिर

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अलीगंज अंदर बाजार की सार्वजनिक बड़ी दुर्गा मंदिर इलाके में मनोकामना सिद्धि को लेकर प्रसिद्ध है,। जिसकी अपनी एतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक महत्ता है। सच्चे मन से मन्नते मांगने पर पूर्ण होती है श्रद्धालुओं की मनोकामना। यह मंदिर धार्मिक और आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक महत्व को भी दशार्ता है। यहां सदियों से पारंपरिक तरीके से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाती है। पूजा के दौरान कई देवी-देवताओं की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। मंदिर कमिटी और प्रशासन के सहयोग से भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है। मेले में हर साल नौ दिनों तक भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि माता का दर्शन से भक्तजनों के हर एक मनोकामना को पूर्ण करता है। ग्रामीणों ने बताया कि नवरात्र के मौके पर अलीगंज और आस-पास के भक्तों की भारी भीड़ जमा हो जाती है। यहां के हर एक गली और सड़क खचाखच भर जाती है। प्रबुद्धजनों ने बताया की यहां माता के मंदिर में आने वाले भक्तों खाली हाथ नहीं लौटते हैं। पुत्र, पौत्रादि, नौकरी, सुख, वैभव, दौलत, शौहरत, सब मनोकामना पूर्ण होती है। असाध्य रोगी भी माता के दरबार में आने के बाद स्वस्थ हो जाता है। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु मां दुर्गा के चरणों में सोने के जेवर चढ़ाते हैं। सोने के सभी चढ़ावे को एकत्रित कर मां दुर्गा का जेवरात बनाकर हर वर्ष दुर्गा पूजा में माता दुर्गा को पहनाया जाता है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भक्तों के समस्याओं को दूर करने हेतु स्थानीय ग्रामीण एवं सभी वर्गों के युवा कमिटी व्यवस्था व देख-रेख में लगे रहते हैं। पुत्र प्राप्ति को लेकर प्रसिद्ध है बड़ी दुर्गा मंदिर यह है मां दुर्गा मंदिर का इतिहास अलीगंज बाजार निवासी सोमर साव निः संतान थे। मां की आराधना को आए मंदिर की नींव रखी, लगभग 55 वर्ष पूर्व अलीगंज बाजार निवासी सोमर साव को संतान प्राप्त को लेकर अलीगंज मां दुर्गा मंदिर की नींव एक पीपल पेड़ के नीचे दुर्गा मंदिर की नीव रख कर पांच वर्षों तक माता की प्रतिमा स्थापित पूजा अर्चना की शुरूआत की और दुर्गा माता की अपार कृपा से उन्हें संतान की प्राप्ति हुई, पांच वर्षों तक सोमर साव अपने खर्चे से माता की सारी जिम्मेदारी उठाई और पांच वर्षों के बाद से अलीगंज बाजार वासियों के द्वारा लगभग 50 वर्षों से प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है, शारदीय नवरात्र पर लगता है भव्य मेला, यहां पर कई वर्षों से नवरात्र के मौके पर सप्तमी, अष्टमी, नवमी एवं दशमी को मेला का आयोजन होता है। तीन दिन लगता है मेला इस मेले के दौरान मां का आशीर्वाद लेने भक्त दूर-दूर से आते हैं। भक्तों का सैलाब अलीगंज अंदर बाजार में रहता है, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मनोज मेहता ने बताया की अलीगंज वासियो के सहयोग से वर्षों से दुर्गा पूजा के दौरान भव्य मेले का आयोजन होता आ रहा,उन्हों ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष होने वाली दुर्गा पूजा को लेकर माता की प्रतिमा का अंतिम रूप दिया जा रहा,इस कार्य हेतु मां दुर्गा पूजा समिति के युवा सदस्य पूरी तन्मयता और तत्परता से लगे हुए हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग,शौचालय,पानी एवं अन्य जरूरतों के लिए समिति के द्वारा विशेष ध्यान रखा जा रहा हैं।हर साल की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर को भव्य डेकोरेशन से सजाया गया,पूजा समिति के सदस्यों द्वारा मेले में असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाती है, नवरात्रा प्रारंभ होते ही गांव से बाहर रहने वाले युवक भी गांव आ जाते हैं। गांव के हर घर में सगे संबंधियों से भर जाता है। तीन दिनों तक मेले का आनंद लेते हैं। यहां अभी से ही मिठाईयां एवं खिलौने की दुकानें लगने लगी है। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा प्रारंभ हो चुका है। अलीगंज में भक्तिमय माहौल देखा जा रहा है। ुरक्षा व्यवस्था का खासा ध्यान मेला को लेकर सुरक्षा का खासा ध्यान रखा गया हैं। मेले में दुर्गा पूजा समिति के करीब सौ से भी अधिक वोलेंटियर तैनात रहेंगे साथ ही पुलिस बल के भी जवान उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ पूरे मेले में सीसीटीवी कैमरा, डिजिटल कैमरा, ड्रोन कैमरे से पूरे मेले पर नजर रखी जायेगी ताकि कोई भी व्यक्ति व्यवधान उत्पन्न न कर पाए। कानपुर के कई कलाकार बिखेर रहे अपना जलवा भक्तों के मनोरंजन के लिए नौ दिवसीय भक्ति जागरण का आयोजन किया जा रहा हैं। नवरात्रि को लेकर शाम मे दुर्गा मंदिर परिसर मे, कानपुर के जोजो मयूजिकल ग्रुप के द्वारा संगीत, नृत्य, ड्रामा, भक्ति ड्रामा, जागरण सहित एक से बढ़ कर एक काला का प्रदर्शन कर भक्तिमय माहौल मे श्रद्धालू झूमते दिखे।

### जमीन विवाद में दंपति के साथ कि गई मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जमीन विवाद में एक दंपति के साथ उसके गोतिया के लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया। मामला सिमुलतला थानाक्षेत्र के असनघटिया गांव की है। मारपीट में घायल हुए बच्चिया देवी और उसका पति श्यामसुंदर यादव के रूप में हुई है। जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल दंपति का इलाज किया गया। घायल दंपति ने सिमुलतला थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी दिया। बच्चियां देवी ने बताया कि मै सुबह घर पर काम कर रही थी कि तभी गोतिया अनील यादव, शंकर यादव, दीपक यादव गाली गलौज करने लगा और जब मैने विरोध किया तो वे लोग मेरे साथ मारपीट करने लगा और हल्ला सुनकर मेरे पति मुझको बचाने के लिए आए तो उक्त तीनो ने लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया।

# विकास योजना की राशि का खर्च अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी को चरितार्थ कर रहा है

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र में पंचायत समिति के मद से की जा रही विकास योजना की राशि का खर्च ह्लअंधेर नगरी चौपट राजा के कहानी को चरितार्थ कर रहा हैह्व जिसे ना तो कोई देखने वाला है और ना ही योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल पा रहा है। मामला प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत अंतर्गत दुगार्पुर गांव का है जहां किसी व्यक्ति विशेष के लाभ के उद्देश्य को लेकर गली के पीसीसी का कार्य करवाया जा रहा है जिसको लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने विरोध करते हुए संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी से कार्य की जांच कर सार्वजनिक रूप से ग्रामीणों को लाभान्वित होने वाले योजना करने का आग्रह किया है ग्रामीण मृत्युंजय यादव सुभाष भगत रघुनंदन साह श्याम सुंदर आदि ने कहा कि पंचायत समिति के द्वारा जितने भी कार्य दुगार्पुर में हुआ है वह सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष को ही लाभ पहुंचाने के उद्देश्य किया गया है। कोई भी ऐसा योजना नहीं है जिससे समाज के लोगों को लाभ मिल सके ऐसे में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सरकार के राजस्व से पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में भी जो नाले का निर्माण किया गया है उसने भी किसी ग्रामीण को फायदा नहीं हो पाया। वहीं संदर्भ में पंचायत समिति सदस्य रंजनी कुमारी ने कहा कि योजना को लेकर आरोप लगाने वाले यह सभी लोग ऐसे हैं जिसे हर योजना में अवैध रूप से राशि की तहसीलदारी करने का आदत है पैसा नहीं देने पर विकास कार्यों में बाधा पहुंच कर बेवजह का आरोप लगाया जा रहा है वहीं संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन ने कहा कि स्थल निरीक्षण कर योजना की जानकारी ली जाएगी एवं उचित करवाई की जाएगी ।

# उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में लगे वाटर एटीएम बंद

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर आज जहां सरकार नल जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल की सुविधा मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित है। वहीं प्रखंड के एक ऐसा भी विद्यालय है जहां पेयजल सुविधा हेतु नल जल से लेकर वाटर एटीएम तक बंद पड़ा है। छात्र-छात्रा अब सिर्फ चापाकल के भरोसे रह गए हैं। ये हाल प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर की है। जहां नल जल के नल तो पांच लगा है परंतु एक भी नल से पानी नहीं निकल रहा है। वहीं सांसद कोटा से लगाया गया वाटर एटीएम भी कई माह से खराब बंद पड़ा है। इतना ही नहीं चुनाव के समय लगाया गया समरसेबल भी एक सप्ताह से बेकार पड़ा हुआ है। सिर्फ दो चापाकल पर यहां के छात्र-छात्रा आधारित है।जहां मध्याह्न भोजन के बाद पानी लेने के लिए बच्चों को लाइन लगाना पड़ता है। गौरतलब है कि उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में प्रथम वर्ग से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। जिसमें कुल नामांकित छात्र-छात्राएं की संख्या 1356 है। जिसमें 761 छात्रा एवं 595 छात्र हैं। एक ओर जहां पेयजल की समस्या फिलहाल इस विद्यालय में बनी है वहीं दूसरी ओर मध्य विद्यालय रहते इस विद्यालय को माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक में उत्क्रमित तो कर दिया गया परंतु उसके लायक आवश्यक संसाधन की व्यवस्था नहीं की गई। यहां वर्ग कक्ष का घोर अभाव है जिसके कारण एक बेंच पर ठूंस ठूंस कर 6 से 7 छात्र-छात्राएं बैठते ही हैं वही मजबूरी में बरामदे पर भी वर्ग का संचालन करना पड़ता है। फिलहाल बीपीएससी के माध्यम से बहाल की गई शिक्षकों की संख्या में तो इजाफा हुई है। परंतु वर्ग कक्ष के अभाव में इनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि वर्ग 1 से 8 तक में कुल 14 शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यरत हैं, वहीं वर्ग 9वीं,10 वीं में 6 तथा इंटर में आठ शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। परंतु आवश्यक संसाधन और वर्ग कक्ष के अभाव के कारण छात्रों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक सुरेश राय बताते हैं कि सरकार के नीतिगत फैसले के अनुसार इस विद्यालय को मध्य विद्यालय से उत्क्रमित कर इंटर विद्यालय बना दिया गया। परंतु उसके अनुरूप वर्ग कक्ष अभी तक नहीं दिया गया है। जिसके कारण मध्य विद्यालय के वर्ग कक्ष में ही माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक दोनों का वर्ग संचालन करना मजबूरी बना है। उन्होंने बताया कि पेयजल की समस्या के समाधान हेतु वे लगातार तत्पर हैं। जल्द ही कोई ना कोई रास्ता निकल जाएगा।

### ताराकुरा जाने वाली मुख्य मार्ग के जिर्णोद्धार करने की ग्रामीणों ने उठाई मांग

जमुई [ झाझा ] जंगलक्षेत्र में नगर क्षेत्र से पंचायत को जोड़ने वाले झाझा ताराकुरा मुख्य मार्ग जर्जर रहने के कारण ताराकुरा गांव के ग्रामीणों ने रविवार को यक्षराज स्थान समीप सड़क निर्माण की मांग को लेकर आवाज उठाने का काम किया। ताराकुरा गांव के रहने वाले इजरेल अंसारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि यक्षराज स्थान से होकर करहरा पंचायत अंतर्गत ताराकुरा, बाबुकरा सहित आधा दर्जनभर गांव को जोड़ने वाली यह सड़क है। लेकिन सड़क की स्थिति इस कदर जर्जर है कि इस मार्ग से लोग दो पहिया वाहन लेकर भी चल नही सकते है। सड़कों पर जगह जगह गडडा बना हुआ है तो कई जगहों पर पहाड़ का बड़ा बड़ा पत्थर सड़क पर रखा हुआ है। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस ताराकुरा, बाबूकुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में स्कूल भी है जहां शहर से शिक्षकों को भी आने जाने में परेशानी होती है। लोगों ने कहा कि सबसे ज्यादा परेशानी उस वक्त होती है जब गांव में कोई बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल लाने के लिए बड़ी कठिनाईयों का सामना करते हुए अस्पताल लाते है। लोगों ने कहा कि जंगल क्षेत्र में पड़ने वाली इस सड़क का जिर्णोद्धार जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन की ओर से अबतक नही करवाया गया है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# चित्रकला संस्थान की नई शाखा का उद्घाटन



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। चित्रकला के लिए समर्पित नॉर्थ बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ फाईन आर्ट्स(एनबीआई) की दूसरी शाखा का उद्घाटन शिवशंकर पथ, मिठनपुरा में कला-संस्कृति पदाधिकारी सुष्मिता झा, साहित्यकार डॉ संजय पंकज, चित्रकार डॉ विमल विश्वास, शिक्षाविद कन्हैया मिश्र, लेखिका चांदनी समर ने किया।दीप प्रज्वलित करके अतिथियों ने विधिवत संस्थान के उद्घाटन की घोषणा की और कहा कि कला हमारी मनुष्यता को सुरक्षित रखते हुए संस्कृति को संबर्धित करती है। डॉ संजय पंकज ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके गुणों और आंतरिक शक्ति से होती है। कला साधना हमारी संवेदना और दृष्टि को मूल्यों के साथ विकसित करती है। रंग और रेखाओं की भाषा हमारे मनोभाव को अभिव्यक्त करती है। सुष्मिता झा ने कहा कि हमें नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर कला ले जाती है। ललित कलाओं में चित्रकला का अपना विशेष स्थान है। हमारे बच्चे चित्रकला की दुनिया में प्रवेश करके अपने योग्य गुरु के संरक्षण में अपनी प्रातिभ शक्ति के साथ ही समाज और राष्ट्र की शक्ति बनेंगे। संस्था के संस्थापक-निदेशक आनंद कुमार ने कहा कि यह इंस्टीट्यूट पिछले सात वर्षों से कला के क्षेत्र में महतवपूर्ण कार्य कर रहा है। इससे निकलकर कई कलाकार आज देश के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कला के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। यह संस्था कला के उत्थान एवं विस्तार के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। यहां के कलाकारों को कला के क्षेत्र में योग्य बनाकर आगे बढ़ाने का यह एक माध्यम है जहां बहुत ही कम खर्च में बच्चों को सभी प्रकार की चित्रकला सिखाई जाती है। ज्ञात हो कि इस वर्ष जिला युवा उत्सव में इसी इंस्टिट्यूट की छात्रा विनीता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो राज्य में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। आनंद कुमार ने सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार डॉ महेंद्र मधुकर के शुभकामना संदेश को पढ़ा जिसमें चित्रकला के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ ही यह कहा गया कि कला हमारी जीवन-शैली को आकर्षक और प्रभावशाली बनाती है। यह चित्रकला संस्थान बच्चों के भीतर छिपी हुई प्रतिभा को ऐश्वर्य, सौंदर्य और संवेदना से संपन्न करेगा। डॉ महेंद्र मधुकर ने मोबाइल के माध्यम से अपने आशीर्वाद में कहा कि दुख, क्रोध और उदासी से हमें बाहर निकालने का काम कला करती है। विश्वास है कि यह संस्थान जाने-माने युवा चित्रकार आनंद के साथ सांस्कृतिक विकास और कला जागरण में पूरी निष्ठा से काम करेगा। इस अवसर पर केक काटकर संस्थान का जन्मोत्सव भी मनाया गया जिसमें नरेंद्र कुमार झा, मिलन दास, श्वेता, पूजा आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा स्थल का निरीक्षण किया और दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश द्वारा दुर्गा पूजा, 2024 के अवसर पर विधि व्यवस्था तथा तैयारी ,व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा बोधवन तालाब, जमुई के आस-पास के पूजा पंडाल मंदिर में स्थापित माँ दुर्गा प्रतिमा पंचमंदिर, जमुई, गाँधी पुस्तकालय के पास मंदिर, वीर कुंवर सेवा समिति, स्टेडियम, जमुई में स्थापित प्रतिमा का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पीएचईडी एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, जमुई को निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अन्दर मंदिरों के आसझ पास अतिक्रमण हटाने, पानी,विद्युत, चलंत टॉयलेट की व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। सभी पूजा समितियों को पूजा पंडाल के पास नियंत्रण कच्छ स्थापित करने का निर्देश दिया गया जहां मजिस्ट्रेट,पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी और स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया जाएगा।

# आरपीएफ एवं जीआरपी ने दुगार्पूजा को लेकर रेलवे स्टेशन पर चलाया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रविवार को दुगार्पूजा को लेकर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से आरपीएफ एवं जीआरपी के द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन परिसर में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर रेलयात्रियों की सामान की तलाशी ली साथ ही साथ रेलयात्रियों से रेलवे टिकट देखते हुए यात्रा का पूरा डिटेल लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा की दृष्टिकोण से रेलवे स्टेशन के अप एवं डाउन प्लेटफार्म पर सर्च अभियान चलाया गया। मौके पर रेलथानाध्यक्ष ने बताया कि पर्व के समय रेलवे स्टेशन पर किसी अप्रिय घटना न हो इसको लेकर वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान कई बिंदुओं पर सावधानी बरतने को लेकर रेलयात्रियों को भी जागरूक किया गया। जिसमें रेलयात्रियों को यह भी बताया गया कि अगर रेलवे स्टेशन पर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए या फिर कोई लावारिस वस्तु नजर आए तो तुरंत इस बात की सूचना आरपीएफ या फिर जीआरपी को दे। इसके अलावे अन्य कई आवश्यक जानकारी भी दी गई।

सम्पादकीय

## गुटेरेस ने चली इजराइल को फंसान हेतु जहरीली चाल

दुनिया भर में इजराइल के साहस की चचार्यें जोरों पर है। पहले गाजा से हमास ने यहूदी राष्ट्र को अपने आतंक की चपेट में लिया। प्रतियोत्तर में की गई कार्यवाही पर संसार के अन्य मुस्लिम देशों के पाले हुए आतंकी संगठनों ने एक जुट होकर धमकाना शुरू कर दिया। धमकी के परिणामरहित होने पर ईरान के संरक्षण में विकसित हुए लेबनान से संचालित होने वाले हिजबुल्लाह ने भी इजराइल पर नया मोर्चा खोलकर आक्रमण शुरू कर दिया। ऐसे में दो मोर्चों पर इस्लामी जेहाद झेल रहे इस देश पर यमन के कट्टरपंथी गिरोह हूती ने भी मिसाइलें दागना शुरू कर दीं। इतना ही ईरान ने भी अपने पाले जल्लादों को हौसला देने के लिए स्वयं भी युध्द में भागीदारी दर्ज कर दी। चौतरफा घिर चुके इजराइल की आक्रामकता के आगे तार-तार होते जेहादी मंसूबों के बौखला कर गजवा-ए-दुनिया को संयुक्त राष्ट्र संघ के विवादास्पद महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी अपना खुला समर्थन दे दिया। आतंक को संरक्षित रखने की गरज से मानवता का राग अलापते हुए शान्ति सेना की तैनाती कट्टरपंथी बाहुल्य इलाकों में कर दी। इस पर इजराइल ने ब्लू लाइन के पास से शान्ति सेना हटाने निवेदन किया किन्तु गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कट्टरपंथियों का पक्ष लेते हुए कहा कि हम वहीं जमें रहेंगे, साथ ही साथ हम अपने रुख और शान्ति सैनिकों की सुरक्षा का हर घंटे आंकलन करेंगे। दुश्मन-ए-इंसान के रूप में पहचान बना चुके गुटेरेस ने अपनी पहली पारी कोरोना काल में चीन के पक्ष में खेली थी, जिसमें वायरस फैलाने के आरोपों में घिरे बुहान लैब को क्लीन चिट दी गई थी। चीन की करामात से लाशों में तब्दील हो रही जिन्दगियों की हकीकत को नजरंदाज करने वाला गुटेरेस चीनी षडयंत्र के साथ अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उडाते हुए खडा रहा। ड्रेगन का खूनी खेल चलता रहे और होते रहे भारत जैसे मानवतावादी राष्ट्रों पर प्रहार। वर्तमान में उसने एक और षडयंत्र को अंजाम देते हुए लेबनान के आतंकियों के ठिकानों की सुरक्षा हेतु शान्ति सेना के नाम पर 900 भारतीय सैनिकों को तैनात कर दिया। इजराइल की तरह ही जेहाद के जख्म झेलने वाले भारत को उसके ही मित्र राष्ट्र के विरुध्द इस्तेमाल करके संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने अपनी जहरीली सोच को ज्यादा घातक ढंग से पेश किया। हमास के व्दारा इजराइल पर होने वाले आतंकी हमले पर लगभग खामोशी अख्तियार करने वाले गुटेरेस पर हमेशा से ही सुख, शान्ति और सौहार्य का खुलेआम कत्ल करने के आरोप लगते रहे हैं। भारतीय जवानों को आतंकियों की सुरक्षा में तैनात करके उसे रेखांकित करने की गरज से गुटेरेस ने भारतीय सैनिकों की कर्तव्यनिष्ठा की तारीफ भी की ताकि इजराइल की मिसाइलें उसके दोस्त भारत का खून बहाने में संकोच करें। यदि संकोच की दीवार टूट जाये तो फिर मित्रता के कांच में दरार भी पड जाये। अपनों की शहादत पर भारत के अन्दर खून पीकर बडे हो रहे जन्मजात मीर जाफरों की जमात के हाथ में देश की सरकार को गिराने का मुद्दा आ जाये। देश के बाहर राष्ट्रविरोधी बयानों की परिभाषा बन चुके पैदाइशी नेता सहित अन्य स्वार्थियों को गृह युध्द का धरातल तैयार करने के लिए संसाधन मुहैया कराने वालों की हरकतें अब उजागर हो चुकीं हैं। अनेक राष्ट्रों में घरेलू कलह पैदा करके उन्हें खूनी युध्द में झौंकने वाले राष्ट्रों को संरक्षण देने में संयुक्त राष्ट्र संघ का वर्तमान चेहरा नित नये कीर्तिमान गढने में लगा है। संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल यानी यूएन आईएफआईएल में शामिल भारतीय सैनिकों को ही लेबनान में आतंकियों की सुरक्षा में लगाने की चाल चल कर गुटेरेस ने इजराइल के सामने धर्म संकट पैदा कर दिया है। एक ओर कट्टरता के मदरसे में पढकर निकले आतंकियों के सफाये का संकल्प तो दूसरी ओर मित्र देश के सैनिकों का बचाव। देखा जाये तो अभी तक का इजराइल ने अपने लगभग सभी लक्ष्य हासिल किये हैं। पाताल में छुपे धरती को नस्तनाबूत करने का इरादा रखने वाले दैत्यों को चुन-चुनकर मारना, किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में गुटेरेस व्दारा चली गई इजराइल और भारत को एक साथ फंसाने वाली जहरीली चाल से उसकी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर दिया है। शान्ति सेना में भारत के अलावा भी अन्य देशों के सैनिक हैं परन्तु जानबूझकर उसने इजराइल के सामने भारतीय दीवार खडी की ताकि उसके दौनों हाथों में लड्डू रह सकें। अन्तर्राष्ट्रीयस्तर पर चल रहे इस षडयंत्र ने हमेशा ही शान्ति विरोधी गतिविधियों का सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटते हुए आतिताइयों सुरक्षा कवच ही मजबूत किया है। हथियारों के सौदागरों से साथ आतंकियों की जुगलबंदी को हवा देने में संयुक्त राष्ट्र संघ की वर्तमान भूमिका सर्वोच्च है। समूचे संसार में चल रही सम्प्रदायवाद की आंधी के मध्य देश में भी जातिवादी जहर, आस्थावादी कट्टरता और स्वच्छन्दवादी हरकतें चरम सीमा की ओर बढ चुकीं हैं। देश-दुनिया के वर्तमान हालातों के देखते हुए यह कहना अतिशयोक्ति न होगा संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर देश की संयुक्त संसदीय समिति तक को जेहादी जिस्मों ने अपनी कैद में कर रखा है जिसकी मुक्ति हेतु सकारात्मक सोच वालों को संयुक्त रूप से प्रयास करना होंगे अन्यथा रूह की वकालत का लबादा ओढने वालों के गिरोह, जिस्मों की जिन्दगियों को गुलामों की फौज में तब्दील करके रख देंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## क्या कुछ भी शुद्ध बचा है

व्रत त्योहार शुरू होते ही मिलावटी पनीर और मावे की मिठाइयों के मिलने या कुट्टू के आटे से बनी चीजें खाने से लोगों के बीमार होने की खबरें आने लगती हैं। गाजियाबाद में कल इसी कारण 62 लोग अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद जागी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने एनसीआर के मार्केट में छापेमारी अभियान शुरू कर दिया। इसी के तहत नोएडा में नकली घी और पनीर पकड़ में आया। अब जब मार्केट और वहां से हजारों घरों में ये सब सामान पहुंच चुका है, तब ऐसी छापेमारी और सैंपल एकत्र करने की कवायद का क्या मतलब है? जो दूध भी हम पी रहे हैं, वास्तव में वह दूध है ही नहीं। इसका व्यवसाय करने वाले खुद कहते हैं कि मार्केट में जितनी डिमांड है, उतना दूध सप्लाई करना संभव ही नहीं। जब मांग के मुताबिक दूध उपलब्ध ही नहीं तो जाहिर है कि पनीर और मावा भी शुद्ध कैसे मिलेगा। डिमांड अधिक है तो मिलावटी दूध का धंधा खूब फलफूल रहा है। कुछ महीनों पहले बुलंदशहर में नकली दूध का कारोबार करने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ था। यहां से पूरे दिल्ली एनसीआर में यह दूध सप्लाई हो रहा था। इससे पहले राजस्थान के अलवर से भी तीन हजार लीटर नकली दूध पकड़ा गया था। देश की संसद में बताया जा चुका है कि तीन में से दो भारतीय रिफाइंड तेल, यूरिया, कास्टिक सोडा और डिटर्जेंट से बना नकली दूध पी रहे हैं। पानी की मिलावट तक तो ठीक था, पर केमिकल की यह मिलावट हमारी आंतों, किडनी और लिवर को नुकसान पहुंचाने के साथ हड्डियां कमजोर कर रही है। मिलावट से कोई भी खाद्य पदार्थ अछूता नहीं बचा है। सब्ज़ियों और फलों में पेस्टिसाइड, पोल्ट्री प्रॉडक्ट्स में एंटीबायोटिक्स तो पानी में लेड और आर्सनिक पाया जा रहा है। स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी की हालिया रिसर्च के दौरान देश के 17 शहरों से लिए गए फूड सैंपल में बड़ी मात्रा में मेटल पाया गया। पिछले साल संसद में प्रस्तुत डेटा बताता है कि एक साल में एकत्रित खाद्य पदार्थों के सैंपल में 25 फीसदी से अधिक मिलावटी पाया गया। तिरुपति लड्डू विवाद के बाद साफ है कि जब भगवान का प्रसाद ही शुद्ध नहीं बचा तो आम लोगों के खाने-पीने का सामान कैसे बचेगा। जो मिलावटी खाना हमें बीमार कर रहा है, उसके इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं। पिछले हफ्ते ही गाजियाबाद के पास पिलखुवा में बिना लाइसेंस के चल रही एक फैक्ट्री में छापा मारकर 25 लाख रुपये की नकली पैरासिटामोल और एंटीबायोटिक दवाएं पकड़ी गईं। इन्हें नामी कंपनियों के रैपर लगाकर मार्केट में बेचा जा रहा था। इससे पहले भी यहां गैस और मधुमेह की नकली दवा बनाने के कारोबार का फंडाफोड़ हुआ था। दो महीने पहले मुरादाबाद में आयुर्वेद की नकली दवाओं की फैक्ट्री पकड़ में आई थी। हाल ही में नागपुर के सरकारी अस्पतालों में सप्लाई होने वाली एंटीबायोटिक्स में स्टार्च और टेलकम पाउडर की मिलावट पाई गई। ये दवाएं महाराष्ट्र, यूपी, झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों को सप्लाई की जा रही थीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने पैरासिटामोल और पैंटोसिड समेत 50 से अधिक दवाओं को क्वॉलिटी टेस्ट में फेल बताया है, जिनमें बीपी, शुगर और विटामिन की मेडिसिन भी शामिल हैं। 1954 के फूड एडल्टरेशन एक्ट को 2006 में फूड सेफ्टी एक्ट में तब्दील कर दिया गया, लेकिन मिलावटखोरी पर लगाम की सारी कोशिशें बस औपचारिकता बन कर रह गई हैं। आज मार्केट में बिक रही हर चीज संदेह के घेरे में है।

# संतान सुख के लिए किया जाता है मां स्कंदमाता की पूजा

**मां स्कंदमाता शेर की सवारी करती हैं जो क्रोध का प्रतीक है और उनकी गोद में पुत्र रूप में भगवान कार्तिकेय हैं, पुत्र मोह का भी प्रतीक है। देवी का ये रूप हमें सीखाता है कि जब हम ईश्वर को पाने के लिए भक्ति के मार्ग पर चलते हैं तो क्रोध पर हमारा पूरा नियंत्रण होना चाहिए, जिस प्रकार देवी शेर को अपने काबू में रखती है। उनकी गोद में पुत्र रूप में भगवान कार्तिकेय हैं जो पुत्र मोह का प्रतीक है, मां सिखाती हैं कि सांसारिक मोह-माया में रहते हुए भी भक्ति के मार्ग पर चला जा सकता है, इसके लिए मन में दृढ़ विश्वास होना जरूरी है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

आश्विन माह में मनाई जाने वाली शारदीय नवरात्र 03 अक्टूबर से शुरू हो गई है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा होती है। हर दिन माता के खास रूप की पूजा का विधान है। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा और चौथे दिन कुष्मांडा की आराधना हो चुकी है। अब पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा होनी है। मां दुर्गा की भक्ति, साधना और पूजा-पाठ का महापर्व उत्सव को शारदीय नवरात्र कहा जाता है। नवरात्र के ये नौ दिन पूरे हर्षोल्लास से मनाए जाते हैं। मान्यता है कि नवरात्र के नौ दिनों में जो भी देवी मां की पूजा सच्चे मन से करता है उसे मां दोनों हाथों से आशीष देती हैं। नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की अराधना होती है। भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय को स्कंद के नाम से भी जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार [कार्तिकेय] की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कंद मातृ- स्वरूपिणी देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकडा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं । इसी से इन्हें पद्मासना की देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। स्कंदमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी है। इनकी उपासना करने से साधक अलौकिक तेज की प्राप्ति करता है। यह अलौकिक प्रभामंडल प्रतिक्षण उसके योगक्षेम का निर्वहन करता है। एकाग्रभाव से मन को पवित्र करके मां की स्तुति करने से दुःखों से मुक्ति पाकर मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है। मां स्कंदमाता की पूजा करने से संतान सुख मिलता है। बुद्धि और चेतना बढ़ती है। कहा गया है कि देवी स्कंदमाता की कृपा से ही कालिदास द्वारा रचित रघुवंशम महाकाव्य और मेघदूत जैसी रचनाएं हुई हैं। मां स्कंदमाता शेर की सवारी करती हैं जो क्रोध का प्रतीक है और उनकी गोद में पुत्र रूप में भगवान कार्तिकेय हैं, पुत्र मोह का भी प्रतीक है। देवी का ये रूप हमें सीखाता है कि जब हम ईश्वर को पाने के लिए भक्ति के मार्ग पर चलते हैं तो क्रोध पर हमारा पूरा नियंत्रण होना चाहिए, जिस प्रकार देवी शेर को अपने काबू में रखती है। उनकी गोद में पुत्र रूप में भगवान कार्तिकेय हैं जो पुत्र मोह का प्रतीक है, मां सिखाती हैं कि सांसारिक मोह-माया में रहते हुए भी भक्ति के मार्ग पर चला जा सकता है, इसके लिए मन में दृढ़ विश्वास होना जरूरी है। मां स्कंदमाता हिमायल की पुत्री पार्वती ही हैं। इन्हें गौरी भी कहा जाता है। भगवान स्कंद को कुमार कार्तिकेय के नाम से जाना जाता है और ये देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति थे। इनकी मां देवी दुर्गा थी और इसी वजह से मां दुर्गा के स्वरूप को स्कंदमाता भी कहा जाता है। मान्यता है कि जिस साधक पर स्कंदमाता की कृपा होती है उसके मन और मस्तिष्क में अपूर्व ज्ञान की उत्पत्ति होती है। मां स्कंदमाता की पूजा भी वैसी ही होती है जैसी ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा और अन्य देवियों की होती है। मान्यता है कि मां स्कंदमाता की पूजा करने से बाल रूप स्कंद कुमार की भी पूजा पूरी मानी जाती है। मां स्कंदमाता की पूजा करते वक्त नारंगी रंग के वस्त्र धारण करना चाहिए और नारंगी रंग के कपड़ों और श्रृंगार सामग्री से ही माता को सजाना चाहिए। इस रंग को ताजगी का प्रतीक भी माना जाता है। स्कंदमाता को नैवेद्य में केला प्रिय हैं, इसलिए उन्हें केले का भोग लगाना चाहिए और बाद में इस भोग को ब्राह्मण को दे देना चाहिए। ऐसा करने से साधक का स्वास्थ्य ठीक रहता है। इसके साथ ही खीर और सूखे मेवे का भी नैवेद्य चढ़ाया जाता है। भारत में स्कंदमाता की दो मंदिर प्राचीन मंदिर है । वाराणसी के पुरोहितों और ज्योतिष के जानकारों के अनुसार वाराणसी के जगतपुरा क्षेत्र के बागेश्वरी देवी मंदिर परिसर में दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता का मंदिर है। देवी के इस रूप का उल्लेख काशी खंड और देवी पुराण में मिलता है। काशी की बुरी शक्तियों से रक्षा करती हैं। मान्यता है कि एक समय देवासुर नाम के राक्षस ने वाराणसी में संतों आम लोगों पर अत्याचार शुरू कर दिया था। इस पर मां स्कंदमाता ने उस राक्षस का विनाश कर दिया। इस घटना के बाद यहां माता की पूजा की जाने लगी। मान्यता है कि माता यहां विराजमान हो गईं और काशी की बुरी शक्तियों से रक्षा करती हैं। दूसरा मंदिर, विदिशा (मध्य प्रदेश) में पुराने बस स्टैंड के पास सांकल कुआं के पास दुगार्जी का विशाल मंदिर है। इसकी स्थापना 1998 में हुई थी, यहां माता दुर्गा का स्कंदमाता स्वरूप विराजमान है। मंदिर के पुजारी के अनुसार 40 से 45 साल पहले इस जगह पर झांकी लगाई जाती थी। नवरात्र में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है। मां स्कंदमाता का मंत्र है -

या देवी सर्वभूतेषु स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।

# नवरात्रि में देवी द्वारा धारण किए गए नौ रूप एवं उनकी कायार्नुसार विशिष्टताएं !

**अष्टमी यह तिथि आदिशक्ति से संबंधित है । कृष्ण अष्टमी को श्री कृष्ण के जन्म से पहले आदिशक्ति स्वयं योग माया के रूप में जन्म लेती हैं । योग माया अर्थात जगत जननी ही। उसकी माया अनंत एवं अवर्णनीय है । यही योग माया श्री विष्णु के श्री राम अवतार के समय सीता बनकर आई एवं रावण असुर के बंधन में रहीं । साक्षात आदि शक्ति को एक असुर के बंधन में रहने का क्या काम? परंतु यही उसकी माया है जो कोई भी समझ नहीं सकता। आदिशक्ति योग माया की सहायता से श्री विष्णु ने मधु एवं कैटभ इन असुरों का नाश किया । केवल योग माया की कृपा से ही श्री विष्णु ने अत्यंत बलशाली मधु एवं कैटभ इन असुरों का नाश किया ।**





**सौ. प्राची जुवेकर**
लेखक

प्रस्तावना - युगों युगों से नवरात्रि का व्रत किया जाता है। इन नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है । नवरात्रि के निमित्त हम इन देवियों के नौ रूपों की महिमा जान कर लेंगे ।नवरात्रि का व्रत अर्थात आदि शक्ति की उपासना है। देवी के नौ रूपों के बारे में आज हम इस लेख के माध्यम से जानने वाले हैं । देवी के नौ रूपों के बारे में ! देवीकवच में लिखा हुआ निम्न श्लोक एवं उसका अर्थ दे रहे हैं । प्रथमं शैलपुत्रीति द्वितीयं ब्रह्मचारिणी । तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम् ।। पञ्चमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च । सप्तमं कालरात्रिश्च महागौरीति चाष्टमम् ।। नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः । उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ।। अर्थ : प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी ,तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंदमाता, छठवीं कात्यायनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी एवं नौवीं सिद्धिदात्री, ऐसे ये नव दुर्गा के नौ नाम साक्षात ब्रह्म देव ने बतलाए हैं। नवरात्रि में नौ दिन देवी के उपरोक्त नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन आदिशक्ति देवी का प्रकट होने वाला शैलपुत्री रूप ! वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम। वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।। अर्थ : मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करने वाली, वृषभ पर आरूढ, त्रिशूल धारिणी, वैभवशाली ऐसी शैलपुत्री देवी को इच्छित मनोकामना पूर्ण हो इसलिए मैं वंदन करता हूं। शैलपुत्री : पर्वत राज हिमालय की कन्या होने के कारण उन्हें शैलपुत्री ऐसे संबोधित किया जाता है। समस्त देवताओं के अहंकार का भी हरण करने वाली शैलपुत्री को हैमवती भी संबोधित किया जाता है। भक्तों के मनोवांछित पूर्ण करने वाली, चंद्रालंकार धारण करने वाली, वृषभ आरूढ,त्रिशूल धारिणी एवं यश प्राप्त करवाने वाली शैलपुत्री देवी के चरणों में कोटि-कोटि वंदन। नवरात्रि के दूसरे दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का रूपह्वब्रह्म चारिणीह्व ! - ब्रह्मचारिणी यह देवी सती का अविवाहित रूप है। ब्रह्मचारिणी इस नाम में ब्रह्म अर्थात शुद्ध आत्म तत्व एवं ब्रह्मचारिणी अर्थात आत्म तत्व की उपासना में सतत रत (मग्न), रहने वाली पार्वती ने शिव पति रूप में प्राप्त हो इसलिए महर्षि नारद के बतलाने पर सहस्त्रों वर्ष कठिन तपश्चर्या की ।अंत के कुछ सहस्त्र वर्ष वह केवल बिल्व पत्र के आहार पर रहीं, एवं अंत में उन्होंने बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिया तब उसे अपर्णा यह नाम प्राप्त हुआ। पर्ण अर्थात पत्ता एवं अपर्णा अर्थात व्रत पालन करते समय जिसने पत्तों के सेवन का भी त्याग कर दिया वह ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप ज्योतिर्मय एवं भव्य है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्म देव ने आकाशवाणी के माध्यम से बताया देवी आज तक आपके जैसी एक निष्ठ होकर किसी ने भी साधना नहीं की। तुम्हें साक्षात शिव शंकर पति रूप में प्राप्त होने वाले हैं । देवी ने संसार के सामने ईश्वर प्राप्ति के लिए अखंड साधना करके अविरत साधना का अति उत्तम आदर्श रखा है। चंद्रघंटा यह आदिशक्ति का तीसरे दिन प्रकट होने वाला रूप ! - देवी चंद्रघंटा यह पार्वती का विवाहित रूप है । देवी पार्वती का शिव से विवाह होने के बाद देवी ने अपने मस्तक पर घंटा रूप में अलंकार अर्थात गहने के रूप में चंद्र धारण किया है। देवी का चंद्रघंटा यह रूप सदैव शस्त्र युक्त होता है । वह दश भुजा है व उनकी कांति सुवर्णमय है। चंद्रघंटा देवी के घंटे से निकलने वाली चंड ध्वनि से दानव सदैव घबराते हैं । देवी चंद्रघंटा भक्तों के जीवन के दुख दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं । देवी उनके भक्तों के जीवन से भूत, प्रेत एवं पिशाच बाधा दूर करती हैं। आदिशक्ति का नवरात्रि के चौथे दिन प्रकट होने वाला कूष्मांडा रूप ! - कूष्म अर्थात स्मित हास्यह्व ! - कूष्मांडा अर्थात केवल अपने स्मितहास्य से ब्रह्मांड की उत्पत्ति करने वाली । जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था एवं सर्वत्र अंधकार था उस समय देवी ने कूष्मांडा रूप में केवल हास्य से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। कूष्मांडा यह आदि शक्ति का आदि स्वरूप है। सूर्य मंडल के अंदर जो शक्ति है वही कुष्मांडा है । कूष्मांडा देवी अष्टभुजा देवी है । संस्कृत भाषा में भूरे कुम्हडे को भी कूष्मांड कहा जाता है । कुष्मांडा देवी को भूरे कुम्हडे की बली अत्यंत प्रिय है । कुष्मांडा देवी भक्तों के रोग एवं शोक दूर करने वाली एवं आयुष्य वृद्धि करने वाली देवी है । देवी के इस नाम के विषय में अनेक पाठ भेद हैं। आदिशक्ति देवी का नवरात्रि के पांचवें दिन प्रकट होने वाला स्कंदमाता रूप ! - बाल रूप कार्तिकेय को गोद में ली हुई आदिशक्ति ज्ञान दायिनी होने के कारण उनका स्कंदमाता यह ज्ञान स्वरूप है। देवताओं के सेनापति अर्थात कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है । स्कंद माता अर्थात कार्तिकेय की माता । इस अर्थ से देवी का एक नाम स्कंदमाता ऐसा भी है नवरात्रि की पंचमी तिथि को आदिशक्ति की स्कंदमाता इस रूप में पूजा की जाती है । इस रूप में देवी की गोद में भगवान कार्तिकेय बाल रूप में बैठे हैं। चतुर्भुज स्कंद माता सिंह पर आरूढ है । इस रूप में देवी ज्ञान दायिनी है । इस रूप में स्कंदमाता ने बाल रूप के कार्तिकेय को स्वरूप का ज्ञान दिया इसलिए वह ज्ञान स्वरूपिणी है। नवरात्रि के छटवें दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का भय,शोक दूर करने वाला ह्लकात्यायनी ह्लरूप ! - महर्षि कत के पुत्र कात्य ऋषि एवं कात्य ऋषि के पुत्र महर्षि कात्यायन। महर्षि कात्यायन की इच्छा थी कि देवी उनके घर में पुत्री के रूप में जन्म लें। इसलिए उन्होंने आदिशक्ति की कठोर तपश्चर्या की थी । महर्षि की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने योग्य समय आने पर आपके घर में पुत्री के रूप में जन्म लूंगी ऐसा उन्हें बताया । कालांतर में महिषासुर का आतंक बढ़ने से ब्रह्मा विष्णु एवं महेश इनकी संयुक्त ऊर्जा से जिस शक्ति स्वरूपिणी की उत्पत्ति हुई उस शक्ति ने अश्विन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को कात्यायन ऋषि के यहां जन्म लिया। देवी ने कात्यायन ऋषि के यहां जन्म लिया इसलिए उन्हें कात्यायनी कहा जाता है। दुर्गा, भवानी, चामुंडा यह सब कात्यायनी देवी के ही रूप हैं। नवरात्रि के छठवें दिन देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है। नवरात्रि के सातवें दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का कालरात्रि रूप अर्थात शुभंकरी ! - नवरात्रि के सातवें दिन देवी कालरात्रि की पूजा की जाती है । कालरात्रि देवी का रंग काला है। इस देवी के उच्छवास से अर्थात सांसों से अग्नि की ज्वालाएं निकलती हैं। देवी के ब्रह्मांड के समान गोल आकार के तीन नेत्र हैं।

# दवा के नाम पर मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़

कुमार कृष्णन

दवा के नाम पर इंसानी जिन्दगी के साथ लगातार खिलबाड़ किया जा रहा है। हालिया उदाहरण है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। परीक्षण में असफल होने वाली दवाओं में रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर, शर्करा यानी डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय औषधि नियामक ने जिन दवाओं को गुणवत्ता के मानकों के अनुकुल नहीं बताया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल/दर्द निवारक डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी दवा कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। इन 53 दवाओं में से परीक्षण में नाकाम की सूची में अभी केवल 48 दवाओं का ही नाम सामने आया है। क्योंकि इसमें से पांच दवाइयां जो मानक फेल हुई हैं उनकी निमार्ता कंपनी का कहना है कि ये दवाएं उनकी नहीं है। बल्कि उनके नाम से नकली दवा को बाजार में बेचा जा रहा है। जो दवाएं फेल की गई हैं उनमें सनफार्मा द्वारा निर्मित पैन्टोसिड टैबलेट भी है, जिसका इस्तेमाल प्रायः एसिडिटी रोकथाम के लिए किया जाता है। इटेस्ट में फेल हो गई ये सभी दवाओं को सेवन को सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। अजीवोगरीब विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक के इस परीक्षण ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि एक तरफ दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं और दूसरी तरफ नकली दवाओं के बाजार में आने की भी खबर है। जांच तो केवल पांच दवाओं का नाम सामने आया है, हो सकता है नकली दवाओं के इस खतरनाक कारोबार में और दवाओं को भी बेचा जा रहा हो। स्वास्थ्य मंत्रालय नकली और परीक्षण में फेल होने वाली दवाओं की बिक्री और इन दवाओं को बनाने वालों पर कितनी सख्त कार्रवाई करेगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, यह तो आनेवाल वक्त ही बताएगा। फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा दोहरी जवाबदेही निभा रहे हैं। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं, उन पर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का जिम्मा है। हालांकि तीन दिन पहले आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के छह बरस पूरे होने पर नड्डा ने नरेन्द्र मोदी की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा था कि यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा पहलों में से एक बन गई है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा पहुंच प्रदान करने के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

केंद्रीय औषधि नियामक के दवाओं के परीक्षण और उसके नतीजे से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वर्ना सेहत सुधारने के नाम पर नकली और असफल दवाओं का सेवन लोगों को और बीमार बना ही रहा था। चिंता की बात यह है कि असफल दवाओं में कई ऐसी दवाएं हैं, जिनका इस्तेमाल सबसे अधिक होता है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत के साथ खिलबाड़ करते हैं। जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते हों। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि देश में करीब 220 मिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं, इसी तरह 2021 में डायबिटीज मरीजों की संख्या 529 मिलियन थी। करोड़ों लोग एसीडिटी रोकने की और विटामिन्स की दवाएं लेते हैं। इन सबके स्वास्थ्य पर इन दवाओं का कितना विपरीत असर हुआ होगा, यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना तो यह है कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। लेकिन कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों के स्तर में इतनी गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

# शांति, सद्भाव एवं सौहार्द के साथ मनाएं दुगार्पूजा: जिलाधिकारी

## जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क, सुरक्षा की रहेगी चाक-चौबंद व्यवस्था

■ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें जिलेवासी

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा (दशहरा) त्यौहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व-त्यौहार के अवसर पर समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने में आपका सहयोग अपेक्षित है। आपके सहयोग से पूर्व के पर्व-त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया है। दुगार्पूजा का त्यौहार भी सद्भाव, सौहार्द के साथ संपन्न कराना है। आप सभी जिला प्रशासन को सहयोग करें और जिले में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व-त्योहार को हषोल्लास के साथ मनाएं।

शांति समिति के सदस्यों से जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा अवधि में रात्रि के समय पूजा पंडाल श्रद्धालुओं से खाली रहता है। इस दौरान पूजा समिति के वोलिएंटर्स को सजग एवं सतर्क रहना है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा-पंडालों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस मजिस्ट्रेट, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस बल सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक, लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सजग एवं सचेत रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा जिलेवासियों से अपील की गयी है कि हर्षोल्लास के साथ पर्व-त्योहार को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं। जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। असामाजिक तत्वों तथा अन्य अपराधियों की सूचना त्वरित गति से पुलिस प्रशासन को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के पोस्टों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने अपील की है कि जिलेवासी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है।

जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री शौर्य सुमन ने कहा कि शांतिपूर्वक, भाईचारे, जोश एवं उमंग के साथ पर्व त्यौहार मनाएं। पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। आप सभी भी शांतिपूर्ण पर्व सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा अन्य कारणों से फूहड़पन तथा अश्लीलता नहीं होनी चाहिए। जुलूस वगैरह में हथियार लहराने की घटना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने सदस्यों से कहा कि शांतिपूर्ण त्यौहार को सम्पन्न कराने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सभी का सक्रिय सहयोग पुलिस प्रशासन को मिलना चाहिए। पूजा, विसर्जन के दौरान ड्रोन पेट्रोलिंग सहित वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करायी जाएगी। प्रत्येक गतिविधि पर नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से कहा कि यहाँ जो भी बाते बतायी जा रही है, उसे वार्ड स्तर पर भी लोगों के साथ शेयर करें।

# प्रथम सोपान शिविर के तीसरे दिन बच्चों ने सीखा प्राथमिक उपचार और गांठ विद्या की कला



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहड़ी में प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर में तीसरे दिन स्काउट गाइड को प्राथमिक उपचार और गांठ विद्या का प्रशिक्षण दिया गया।मुख्य रूप से स्काउट गाइड को प्राथमिक उपचार बॉक्स,स्ट्रेचर बनाया,प्राथमिक उपचार का उद्देश्य,नियम और रस्सीयो के सहारे गांठ विद्या,मार्च पास्ट, ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया।

विद्यालय की प्राचार्य विनोद ठाकुर ने बताया कि इस छह दिनों के प्रशिक्षण में स्काउट गाइड को स्वालंबी एवं अनुशासित बनाने का कार्य प्रशिक्षकों के द्वारा किया जा रहा है।इस तरह के प्रशिक्षण से विद्यालय के लिए काफी अनुशासित स्काउट और गाइड मिलेंगे जिस से विद्यालय के बाह्य क्रियाकलाप में काफी सहयोग मिलेगा।इस शिविर में उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहड़ी के अलावे उच्च माध्यामिक विद्यालय बसाढी एवम मध्य विद्यालय लोहड़ी के स्काउट गाइड भाग ले रहे है।शिविर के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षक बृजभूषण राय,प्रभात कुमार, प्रियंका कुमारी का सहयोग सराहनीय है।

# संक्षिप्त खबरें

## ताला तोड़कर हजारों की संपत्ति चोरी

प्रातः किरण संवाददाता

लहलादपुर: जनता बाजार थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव में ताला तोड़कर हजारों रुपए की चोरी कर ली गईं है. इस संबंध में सिवान जिला के भगवानपुर हॉट थाना क्षेत्र के बादरजीमी गांव निवासी सुवास कुमार ने जनता बाजार थाना में एक आवेदन दिया है. अपने आवेदन में उन्होने कहा है कि पंडितपुर गांव में वे मकान निर्माण करा रहें हैं तथा मकान निर्माण से संबंधित सामग्रियों को रखने के लिये कर्कट तथा एंगल के सहारे एक कमरा बनाया गया है, जिसका ताला तोड़कर चोरों ने लोहा कटर, लकड़ी कटर, स्टेपलायजर, स्टैंड पंखा, क्रमप्टन मोटर आदि सामान लगभग पचास हजार रुपए मूल्य के सामान चोरी कर ले गये. घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर घटना का मुआयना किया. घटना शनिवार की रात की है.

## रसूलपुर में 75 वें उमा - महेश्वर पूजन की तैयारी को लेकर बैठक

रसूलपुर, प्रातः किरण। स्थानीय चट्टी पर प्रसिद्ध उमा - महेश्वर पूजन समारोह 16 अक्टूबर बुधवार को आयोजित होगा।रविवार को अरूण मिश्र की अध्यक्षता में इसकी तैयारी को लेकर बैठक हुई।बताया गया कि प्रवचनकर्ता व प्रधानाचार्य के रूप से चर्चित समाजसेवी स्व सूर्यनारारण मिश्र उर्फ बच्चा बाबा द्वारा प्रारंभ किये गये यह पूजन समारोह अपना 75 वां स्थापना दिवस भी मनायेगा।इसलिए स्व बच्चा बाबा रामायण गायन का मुकाबला बिहार के प्रसिद्ध ब्यास बिजेन्द्र गिरि व यूपी के गायक स्वामीनाथ के बीच मुकाबला कराने का निर्णय लिया गया।बैठक का संचालन आदित्य मिश्र व धन्यवादज्ञापन मृगेंद्र पिंटू ने किया।उमाशंकर चौबे , संतोष गुप्ता , हरेंद्र सिह ,.मुरली सोनी , सुरेंद्र तिवारी , प्रिस प्रसाद ,विजय उपाध्याय ,नितेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## नगरा और जलालपुर में चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

प्रातः किरण संवाददाता

नगरा।प्रखंड क्षेत्र में विद्युत मेंटेनेंस कार्य के कारण सोमवार को नगरा और जलालपुर प्रखंड में चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इस संबंध में नगरा के कनिय विद्युत अभियंता मो. ओबैदुल्लाह अंसारी ने बताया कि 33 केवी नगरा फीडर को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखा जाएगा, जिससे पूरे नगरा और जलालपुर प्रखंड के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति ठप रहेगी.वहीं कनिय अभियंता ने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली संबंधी आवश्यक कार्य निर्धारित अवधि से पहले ही निपटा लें, ताकि मेंटेनेंस के दौरान किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके.

नगरा पुलिस ने दो नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल.

नगरा।नगरा थाना क्षेत्र के अफौर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर जमीनी विवाद में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.गिरफ्तार व्यक्ति शत्रोहन सिंह व पासपति राय बताया जाता हैं.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष बिजय कुमार रंजन ने बताया कि कांड संख्या 61/24 में जमीनी विवाद का मामला दर्ज था. जहां दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा अन्य नामजद लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रही हैं.

## नगरा पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

नगरा नगरा थाना क्षेत्र के अफौर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर जमीनी विवाद में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.गिरफ्तार व्यक्ति शत्रोहन सिंह व पासपति राय बताया जाता हैं.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष बिजय कुमार रंजन ने बताया कि कांड संख्या 61/24 में जमीनी विवाद का मामला दर्ज था. जहां दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा अन्य नामजद लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रही हैं.

## जमीन विवाद में दंपति के साथ की गई मारपीट

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । जमीन विवाद में एक दंपति के साथ उसके गोतिया के लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया। मामला सिमुलतला थानाक्षेत्र के असनघटिया गांव की है। मारपीट में घायल हुए बच्चिया देवी और उसका पति श्यामसुंदर यादव के रूप में हुई है। जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल दंपति का इलाज किया गया।

घायल दंपति ने सिमुलतला थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी दिया। बच्चियां देवी ने बताया कि मै सुबह घर पर काम कर रही थी कि तभी गोतिया अनील यादव, शंकर यादव, दीपक यादव गाली गलौज करने लगा।

# भव्य सतयुग आगमन प्राचार्य यात्रा निकाली गई बाबा जी का कहना है शाकाहारी रहना है

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। छपरा शहर में भव्य सतयुग आगमन प्राचार्य यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में जय गुरुदेव संगठन के सदस्य मौजूद रहे वहीं निज धाम वास परम संत बाबा जय गुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी गुरु उज्जैन वाले बाबा उमाकांत जी महाराज के निदेर्शानुसार रविवार को सैकड़ो की संख्या में बच्चे एवं बच्चियों द्वारा नशा मुक्ति शाकाहारी सतयुग आगमन प्रचार यात्रा सारण जिले के मुख्यालय छपरा शहर में निकाली गई जिसमें बच्चों एवं बच्चियों ने संकल्प लिया कि जब तक सतयुग नहीं आ जाता हम बाबा जय गुरुदेव के बच्चे दम नहीं लेंगे वही आज के इस सतयुग आगमन प्रचार यात्रा के दौरान सभी ने अपने इस शोभा यात्रा से लोगों तक यह मैसेज पहुंचाया कि सभी लोगों को शाकाहारी बन जाना चाहिए महाराज बाबा उमाकांत जी का कहना है की जय गुरुदेव नाम कलयुग का जागृत नाम है इस नाम से विश्व में शांति आएगी बाबा जय गुरुदेव जी महाराज एवं अन्य संतों की भविष्यवाणी है कि कलयुग में ही एक हजार वर्ष के लिए सतयुग आएगा सतयुग आने का समय निकट है अतः बच्चों द्वारा परम पूज्य उमाकांत जी महाराज सारी दुनिया में अपना पैगाम दे रहे हैं कि सतयुग की अगवानी के लिए शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्ति एवं देशभक्त बन जाओ साथ ही गौ माता की जान बचाओ और सतयुग आओ इसी संकल्प के साथ आज शहर में एक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जय गुरुदेव संगठन के सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से राजमोहन महतो कामेश्वर सिंह पप्पू मुरारी सिंह मनोज दुबे रामजी सिंह संतोष

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए शिक्षक

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल के सृजन हेतु अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शनिवार को रक्सौल स्थित आर्य अतिथिशाला में स्वच्छ रक्सौल संस्था के द्वारा भारत एवं नेपाल से आए दर्जनों शिक्षकों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत गुरु वंदना से हुई। बता दें कि उक्त समारोह में आदापुर के शिक्षकद्वय शिव शंकर गिरि एवं मो.नुरुल होदा को माल्यार्पित कर अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र आदि देकर सेवानिवृत्त आरडीडीई, तिरहुत प्रक्षेत्र बृजेश ओझा ने सम्मानित किया। सम्प्रति श्री गिरि तथा मो. होदा क्रमशः यूएमएस बीएमसी पीपरा उर्दू छौड़ादानों तथा जीपीएस बसतपुर आदापुर में कार्यरत हैं।

उक्त बाबत उल्लेखित संस्था के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि शिक्षक भावी पीढ़ियों के दिमाग और चरित्र को आकार देकर सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदाता हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए मार्गदर्शक, रोल मॉडल और उत्प्रेरक के रूप में भी काम करते हैं। समारोह का संचालन शिक्षक रवींद्र मिश्र ने किया। मौके पर साहित्यिक संस्था संभावना के अध्यक्ष भरत प्रसाद गुप्त,आर्य समाज अतिथिशाला के मंत्री व केसीटीसी कॉलेज के प्रो. रामाशंकर प्रसाद गुप्ता,पूर्व आरडीडीई बृजेश ओझा, जवाहर नवोदय विद्यालय पीपराकोठी के पूर्व प्राचार्य जगत नारायण प्रसाद, लायंस क्लब के सचिव विमल सर्राफ सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संघ के पूर्व प्रमंडलीय सचिव स्व वीर बहादुर सिंह की आठवीं पुण्यतिथि मनी




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ सारण प्रमंडल के पूर्व सचिव स्व वीर बहादुर सिंह की आठवीं पुण्यतिथि जिला माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में पूर्व प्रमंडलीय सचिव चुल्हन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ने किया।

सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा में आए सभी शिक्षक एवं शिक्षक नेता ने स्व वीर बहादुर सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में पूर्व प्रमंडलीय सचिव चुल्हन प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हम सभी शिक्षक उनके सादगी, कर्मठता, शिक्षकत्व गुण और संगठन क्षमता को याद कर उसे रास्ते पर चलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम लोग जिस भवन में उनकी पुण्यतिथि मना रहे हैं, वह भवन भी उनके ही त्याग और बलिदान का देन है। उन्होंने कहा कि स्व सिंह हर समय शिक्षक हित के लिए ही सोचते थे और उनके हित के लिए ही काम करते थे।

जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी मैं अपने संबोधन में कहा कि हम तो उनके साथ 1984 से जुड़े लेकिन जब उनके नजदीक आए तो उनके ईमानदारी, संघ के प्रति निष्ठा और शिक्षकों के हित में काम करना देखकर मैं भी अचंभित रहता था। उन्होंने कहा कि वह जब भी उन्हें शिक्षक संघ का जो भी दायित्व मिला उसे पूरी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया।

उन्होंने कहा कि आज हम सभी शिक्षकों को उनके पद चिन्ह पर चलने की कोशिश करना चाहिए। आज इस श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से शिक्षक नेता सुरेंद्र सिंह, अजीत सिंह सहित बहुत सारे शिक्षको ने भी संबोधित किया। आज के इस श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल थी

# स्थापना दिवस पर दर्जनों रक्त-वीरों ने किया रक्तदान

प्रातः किरण संवाददाता




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। युवा क्रांति रोटी बैंक का छठे वार्षिकोत्सव पर रक्त दान शिविर का आयोजन बल्ड बैंक छपरा में किया गया रक्तदाता अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा कि रक्तदान जैसा महादान कोई दूसरा दान नहीं है।

मौके पर संस्थापक ई. विजय राज द्वारा दर्जनों रक्तविकारों से रक्तदान करवाए गए । उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल व सीमा जयसवाल ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। युवा क्रांति संस्थापक ई० विजय राज ने कहा कि एक यूनिट रक्त से किसी की जान बचाया जा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। मीडिया प्रभारी राशिद रिजवी ने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खासतौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है, जिनके अंदर रक्त की भारी कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है।

मौके पर अध्यक्षा नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल सदस्य निशांत गुप्ता, ओम शरण, संदीप मनमन, सौरव श्रीवास्तव,विवेक चौहान, अभिषेक सारण नर्सरी,संतोष सिंह, रवि लड्डू, पिंटू,तारिक अनवर, बंटी तिवारी,जाहिद इकबाल, मोइन अहमद, रंजन गुप्ता, इत्यादि उपस्थित रहें।

# विश्व शिक्षक दिवस पर मोहम्मद नुरूल होदा सम्मानित




प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को स्वच्छ रक्सौल संस्था द्वारा रक्सौल के आर्य अतिथिशाला में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मोहम्मद नुरूल होदा को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक श्री ब्रजेश ओझा के हाथों मिला। मोहम्मद होदा को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। बता दें कि मोहम्मद नुरूल होदा आदापुर प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में कार्यरत हैं और अपने नित्य नये नवाचारों एवं गतिविधियों के माध्यम से सुगम एवं रूचिकर शिक्षा देने के लिए जाने जाते हैं। उनके बेहतर शैक्षणिक कार्यों के लिए जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण सहित देश भर के कई संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। मोहम्मद होदा ने बताया कि मैं यह सम्मान अपने विद्यालय के बच्चों को समर्पित करता हूं।

# सांसद रूडी के प्रति लोगों ने जताया आभार

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सोनपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 सोनपुर आदम का रोड काफी जर्जर स्थिति मे था जिसको लेकर स्थानीय लोगो और वरिष्ठ पत्रकार शंकर सिंह भी इस बात को लेकर सांसद राजीव प्रताप रूडी से मिलकर रोड बनवाने का आग्रह किया था जिसको लेकर रूडी ने भी गंभीरता से लेते हुए अधिकारी से बात कर जल्दी करवाने की बात कही थीं जिसके बाद रविवार को रोड बनने के बाद वहाँ पहुंचने पर सांसद प्रतिनिधि प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह और राजीव मुनमुन का वार्ड सदस्य विनोद चौधरी और वार्ड प्रतिनिधि बाबुल राणा के नेतृत्व मे अंग वस्त्र और फुल माला से जोरदार स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर मंटू कुमार सिंह मनीष कुमार सिंह पारस नाथ सिंह राहुल कुमार सिंह शैलेश शर्मा लाला कुमार सनी कुमार सिंह आदित्य कुमार अमित सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो की यह रोड लगभग 55 लाख की लागत से बना है इस कार्य के लिए लोगो ने माननीय सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया(

# सफाई वाहन चालक का उपचार के दौरान पटना में हुई मौत



परसा, प्रातः किरण। नगर पंचायत परसा बाजार में सफाई वाहन के चालक का उपचार के दौरान पटना में मौत हो गई।मृतक चालक परसा शंकरडीह बाजार निवासी स्व कृष्ण मोहन साह का 38 बर्षीय पुत्र संजय साह बताया जाता है।मौत की खबर मिलते ही माता चंदावा देवी,पत्नी रिंकी देवी,सीता देवी,पुत्र रंधीर कुमार,रितिष कुमार पुत्री संजना कुमारी,तन्नू कुमारी,गुनगुन कुमारी के चीख पुकार से महौल गूंज उठा।परिजनों की चीख पुकार से उपस्थित लोगों की आँखे नम हो गई।घटना के संबंध में बताया जाता है कि संजय साह का गत कुछ दिनों से तबियत खराब चल रहा था।जिसका उपचार पटना में चल रहा था।शनिवार को अचानक ज्यादा तबियत बिगड़ी और पटना में उपचार के दौरान मौत हो गई।पटना से घर शव पहुँचते ही अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शव को देख पत्नी की चीख पुकार से महौल गामहिन हो उठा।मालूम हो कि संजय साह बर्ष 2018 से नगर पंचायत में सफाई वाहन चालक के पद पर कार्यरत था।घटना की सूचना मिलते ही मुख्य पार्षद प्रतिनिधि करमुल्लाह,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमोद शर्मा,शैलेन्द्र राय,पवन कुमार सिंह,मुकेश दास,विकास कुमार,हैदर अली,अशोक राय आदि के परिजनों से मुलाकात कर घटना को जानकारी लिया और सांत्वना दिया।

# सफल चुनाव संपन्न कराने में मास्टर ट्रेनर की भूमिका सर्वोपरि: जावेद

● प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किए गए सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर के निदेश पर लोक सभा चुनाव में कार्य करने वाले मास्टर प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया. उन्हें निर्वाचन कार्यालय में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने कहा कि शिक्षक समुदाय निर्वाचन कार्य के रीढ़ की हड्डी हैं. उनके सहयोग के बिना चुनाव जैसे बृहत कार्य के सफलता की कामना भी नहीं की जा सकती है. वहीं मास्टर ट्रेनर की भूमिका मतदान और मतगणना के सफल और त्रुटि रहित आयोजन में सर्वोपरि है. 2024 का लोक सभा चुनाव कई मायनों में मिसाल है. कहीं भी पोलिंग पार्टी से मानवीय भूल की समस्या नहीं आयी. एक भी बूथ पर रिपोल नहीं हुआ. वहीं काउंटिंग में भी टेक्निकल या मैनुअल किसी भी प्रकार के एक चूक की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा. इसका सारा श्रेय मास्टर प्रशिक्षकों को जाता है. उन्होंने इतने अच्छे ढंग से कार्मिकों को ट्रेनिंग दी कि प्रारम्भ से अंत तक सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुए.

उन्होंने कहा कि इस बार रिकार्ड रूप से बहुत ही कम इवीएम खराब या रिप्लेस हुए. इसका अर्थ है कि मास्टर ट्रेनर ने कमिशनिंग का कार्य बेहतर ढंग से करने के साथ ही चुनाव कर्मियों को सटीक जानकारियां दीं. फिल्ड में भी वे सेक्टर पदाधिकारी के साथ मॉक पोल प्रारम्भ कराने से लेकर मतदान समाप्ति तक उपस्थित रहे. उन्होंने क्विक रिस्पॉन्स टीम के रूप में किसी भी शिकायत पर तत्काल मौके पर पहुंच उसका निपटारा किया. वहीं अपेक्षाकृत कम समय में पोल्ड मशीन रिसीव हुए. जिसका अर्थ है कि कर्मियों को बेहतर ढंग से प्रपत्र भरने की ट्रेनिंग थी. हर कार्य और चरण में मास्टर ट्रेनर सहयोगी और रिसोर्स पर्सनल के रूप में उपस्थित रहे. जिस काम में उन्हें लगाया गया उन्होंने बेहतर और ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन किया. कई कोषांगों को भी उन्होंने अपनी सेवा देकर सफलता तक पहुंचाया. श्री एकबाल ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्कूलों की व्यस्तता देखते हुए विभिन्न चरणों में उन्हें सम्मानित करने का निदेश दिया है.

# विद्युत चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज,छापेमारी दल के साथ किया दुर्व्यवहार

बनियापुर , प्रातः किरण। थाना क्षेत्र लौवा कला गाव मे अनाधिकृत रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे व्यक्ति के यहां विभाग की टीम द्वारा छापमारी करने गए पदाधिकारियो को बंधक बनाने,घेराव करने,नगदी अवैध राशि मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। दर्ज प्राथमिकी मे लहलादपुर आपूर्ति शाखा के कनीय अभियंता चंद्रशेखर ने बताया है कि छतवा कला वार्ड 4 के शुक्ला पोखरा के समीप ओम प्रकाश गिरी के निमार्णाधीन गोदाम मे बिना किसी वैध कनेक्शन के डायरेक्ट मेन एल टी सर्विस तार जोड़कर आर्थात बिना मीटर के विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही है।जब छापमारी मौके पर गोदाम पर पहुंच विद्युत विच्छेद करने का प्रयास किया गया तब श्री गिरी द्वारा टीम के पदाधिकारियो के साथ गाली गलौज ,बदतमीजी,बंधक बनाने ,जान से मारने की धमकी,धैरव तथा अवैध राशि की मांग की गयी,झूठे मुकदमे फसाने की बात कही गयी।इस उपरांत हम सभी किसी तरह जान बचाकर वहा भागे।विद्युत विच्छेद करना संभव नही था,प्राथमिकी मे विभाग के जेई द्वारा (4,45 390 )चार लाख पैतालिस हजार तीन सौ नब्बे रुपया की क्षति का श्री गिरी पर मामला दर्ज कराया है।जिसमे कम्पाउंड राशि शामिल नही है।

# जेपीयू में आरपार की लड़ाई लड़ेगा आरएसए

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा सदर। रविवार को छात्र संगठन आर एस ए के सारण, सिवान एवं गोपालगंज के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई। इस बैठक में जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में फैले शैक्षणिक अराजकता, भ्रष्टाचार एवं जातियता पर विस्तार से चर्चा हुआ। संगठन के नेताओं के द्वारा कहा गया कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में जब से कुलपति आए हैं तब से पीएचडी का एक भी मौखिक परीक्षा आयोजित नहीं हुआ। विभिन्न परीक्षा हुए 6 से 8 महीने हो गए लेकिन आज तक किसी भी परीक्षा का परीक्षा फल प्रकाशित नहीं हुआ। वर्तमान कुलपति के कार्यकाल में बीएड के परीक्षा में एक भी परक्षार्थी का निष्कासन नहीं होना परीक्षा पर प्रश्न चिह्न खड़ा करता है। वही स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के परीक्षाओं में निष्कासन की झड़ी लग जाती है। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में एक विशेष जाति को प्रश्रय दिया जा रहा है।दूसरे जाति का लोगो को प्रताड़ित किया जा रहा है।छात्र हित में कोई भी कार्य जब से यह कुलपति के रूप में आए हैं नहीं हुआ है। भ्रष्टाचारियों की टोली बैठकर विभिन्न तरीके के योजना बनाती है कैसे इस विश्वविद्यालय को लूट लिया जाए। कुलपति की नियुक्ति पर्यटन मंत्री के रूप में हुई है, प्रत्येक एक दिन के बाद यह व्यक्ति अपना कार्यालय में नहीं रहते है। जिसके कारण हजारों डिग्रियां हस्ताक्षर का राह देख रही हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान कुलपति से आर -पार की लड़ाई प्रारंभ की जाएगी। क्योंकि जब से यह आए हैं छात्र हित कोई भी कार्य नहीं हुआ है। बैठक में प्रमुख रूप से उज्ज्वल कुमार सिंह, विवेक कुमार विजय, गुलशन यादव, परमेंद्र कुशवाहा, छपरा के लाल छोटूआ, गोलू कुमार, श्रुति पांडे,इशा मिश्रा, दीपा कुमारी, अलिसा, तनु, विकास सिंह सेंगर, अबुल हसन सोनू, जयराम, सुनील कुमार सिंह, समेत सैकड़ो तीनों जिला के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त बातो की जानकारी आर एस ए के उज्ज्वल कुमार ने दी।

# मेरे सेवाकाल में लहलादपुर का विकास हुआ है: धूमल सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



लहलादपुर: अपने सेवाकाल में लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र में मैंने विकास किया है. सड़क एवं विद्यालय बनवाया तथा बनियापुर से लहलादपुर में प्रखंड सह अंचल कार्यालय लाने का काम मैंने ही किया है. उक्त बातें एकमा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा. सिंह जनता बाजार में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर रहे थे. बैठक के सम्बोधन में उन्होंने कहा कि एकमा विधान क्षेत्र के विकास के लिये मैं हमेशा प्रयासरत रहा हूं और रहूँगा. जदयू प्रवक्ता डॉक्टर दिनेश प्रसाद ने धूमल सिंह के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधायक नहीं रहते हुए भी श्री सिंह ने अपने क्षेत्र के विकास के लिये बराबर प्रयास करते रहते हैं तथा इसी क्रम में उन्होंने सारण गांव स्थित गंडकी नदी के ध्वस्त पूल के बदले फिलहाल चंचरी (बांस-बल्ला से बना हुआ) पूल बनवाने के लिये अपने निजी कोष से पच्चास हजार रुपए देकर सहयोग किया. श्री सिंह ने श्रीढोंढ़नाथ मंदिर के समीप गढ़ेनुमा सड़क की मरम्मति के लिये भी आश्वासन दिया. बैठक में पूर्व प्रमुख अरुण पांडेय एवं अनिल सिंह, मुखिया राकेश कुमार साह एवं पंकज तिवारी, राजबल सिंह कुशवाहा, पप्पु खां, राजीव रंजन मिश्र, जीतेन्द्र सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### ठग ने एसबीआई खाताधारक के खाते से निकाले 1.23 लाख रूपये

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) भारतीय स्टेट बैंक बिक्रमगंज की शाखा से एक ग्राहक के अकाउंट से साइबर क्राइम द्वारा 1 लाख 23 हजार 6 सौ 46 रुपए की लूट का मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक काराकाट थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अखिलेश चौधरी की पत्नी कंचन देवी ने घटना की सूचना साइबर क्राइम ब्रांच में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि उनके अकाउंट नंबर 310835145 77 से 17 बार में यूपीआई द्वारा इस राशि की निकासी की गई है। जो 17 किस्तों में नेट बैंकिंग धारक बिक्रमगंज की आरती कुमारी के नाम पर संचालित पेटीएम पर राशि को ट्रांसफर किया गया है। पीड़िता ने बताया कि मेरे एवं पति के नाम पर संयुक्त खाता एसबीआई बिक्रमगंज की शाखा में संचालित है। खाता से टैग मेरा मोबाइल नंबर अचानक 22 नवंबर को बंद हो गया था। जिसे 29 नवंबर को चालू कराया गया। अकाउंट का बैलेंस जानने के लिए एसबीआई के टोल फ्री नंबर पर फोन करने पर पता चला कि 24 नवंबर से लेकर 27 नवंबर के बीच मेरे अकाउंट से 17 बार यूपीआई द्वारा निकासी की गई है। आये दिन हो रहे साइबर क्राइम से नेट बैंकिंग धारकों के बीच भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है।

### मंदिरों में सुबह से ही लगा रहा भक्तों का तांता

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज । अनुमंडल में शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन रविवार को घरों और मंदिरों में मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ लग गई। शहर के धनगाई वाली देवी मंदिर,रजिस्ट्री कार्यालय समीप देवी मंदिर,सासाराम रोड सब्जी मंडी समीप देवी मंदिर,तेंदुनी मां काली मंदिर,मां आस्कामिनी मंदिर,नगर परिषद धारूपुर वार्ड 21 में अवस्थित मां काली मंदिर,दिनारा नगर पंचायत अंतर्गत मां यक्षिणी भवानी भलुनी धाम, काराकाट प्रखंड अंतर्गत काराकाट बाजार पर अवस्थित मां दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। शारदीय नवरात्र में इस समय रोजाना देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा है। मंदिरों के आसपास शाम को रोजाना मेले जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। काफी भक्तों ने नवरात्रि के तीसरे दिन उपवास रखा और मंदिरों में पहुंचकर मनोकामना मांगी।

### युवती की हत्या के 4 महीने बाद एक अभियुक्त, छह नामजद अभी भी फरार

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) । काराकाट थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से एक युवती की लापता कर हत्या करने की मामले में चार महीने बाद एक अभयुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । घटना के संबंध में बताया गया की विशुनपुर गांव से एक युवती को गायब कर हत्या करने की रिपोर्ट जुलाई महीने में दर्ज करायी गयी थी। पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया गया था कि विशुनपुर गांव से 27 जून से एक 18 वर्षीय युवती लपाता है । युवती के चाचा ने बताया की भोजपुर जिला के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोशीहान निवासी रमेश चौधरी के साथ जून महीने में भतीजी उनके गांव गई थी । काफी खोजबीन के बाद कही आता पता नही मिलने पर थाने में छह लोगों को के खिलाफ एफआईआर किया । उन्होंने बताया की गुप्त सुचना से पता चली थी की उसकी सौतेली मां ने अपने परिजनों और रिश्तेदारों के सहयोग से उसे अपने यहां ले जाकर उसकी हत्या कर दिया गया है । हमने हर रिश्तेदारों के यहां अपने भतीजी की तलाश व खोजबीन किया लेकिन कही कुछ सुराग नही मिला । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जुलाई महीने से ही कारवाई शुरू कर दी गई थी। मामले कि हर पहलू को ध्यान में रख कर अनुसंधान किया गया तो घटना में शामिल एक अभियुक्त विशुनपुर गांव निवासी स्वर्गीय दसई पासी के पुत्र राजन पासी को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से की गिरफ्तारी की गई हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को जांचोंप्रांत जेल भेज दिया गया ।

### नवादा के दुर्गा पूजा पंडाल में बाल कलाकारों ने किया कला का प्रदर्शन

इसुआपुर । प्रखंड के नवादा मठिया परिसर में नवादा दुर्गा पूजा समिति के द्वारा स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल में नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार की रात बाल कलाकारों ने अपनी कला की बेहतरीन प्रस्तुति की। इसके पूर्व बाल कलाकारों द्वारा एक झांकी भी निकल गई। ह्य मां शेरावाली तेरा शेर आ गया ह्य तथा सुदामा कृष्ण मिलन, ह्यअरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो ह्य गाने को बहुत ही सुंदर नाटकीय अंदाज में नृत्य तथा झांकी के साथ प्रस्तुत किया। वहीं लोगों की खूब वाहवाही लूटी।

# रामलीला-चतुर्थ दिन राम सीता का बगिया में मिलन देख आनंदित हुए दर्शक





प्रातः किरण संवाददाता

आरा (भोजपुर )- 18 दिवसीय रामलीला के कार्यक्रम में आज अहिल्या उद्धार गंगा दर्शन और राम सीता का बगिया में मिलन देखकर आनंदित और प्रसन्नचित हुए सभी दर्शक. विश्वामित्र के साथ प्रभु राम जब आश्रम जा रहे थे तो उन्होंने आश्रम के सुनसान होने का रहस्य पूछा विश्वामित्र के द्वारा पूरा प्रकरण बताने के बाद विश्वामित्र ने श्री राम से अहिल्या उद्धार करने के लिए कहा श्री राम के चरण स्पर्श से ही अहिल्या श्राप मुक्त हो गई मंडली के कलाकारों द्वारा इस दृश्य का मंचन बहुत ही सराहनीय था. एक दृश्य में दशार्या गया की प्रभु राम बगिया में घूम रहे हैं और वही माता-पिता से उनकी मुलाकात होती है. अपनी सखियों सहित मां सीता राम को देखकर देखते ही रह गई यह प्रासंगिक दृश्य बहुत ही मनमोहक था. सर्वप्रथम 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के द्वारा आमंत्रित मुख्य अतिथियों ने राम सीता का आरती कर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया .इसके उपरांत वृंदावन के मंडली द्वारा मारीच वध, अहिल्या उद्धार, गंगा दर्शन, राम सीता का बगिया मिलन का मंचन किया गया. कार्यक्रम में दर्शकों की उपस्थिति को देख अध्यक्ष सोनू राय ने कहा कि मैं सभी शहर वासियों का बहुत-बहुत अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस रामलीला के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और प्रभु श्री राम के इस लीला का आदर्श अपने जीवन में उतारने के लिए यहां पर आ रहे हैं और आगे भी ऐसे ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी सहयोग करेंगे .उन्होंने आए हुए अतिथियों का भी अभिवादन और सम्मान किया.

मुख्य अतिथि में राजेश्वर पासवान, पूर्व रामलीला अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी ,राजेश साहू, विकास सिंह, कुंवर उपेंद्र सिंह ,अरविंद ओझा, मालती देवी वार्ड पार्षद ,आलोक अंजन, राज गौरव टाइगर ,गौतम कुमार उर्फ राजा, सामाजिक कार्यकर्ता विजय भारती ,संरक्षक मंडल के हकीम प्रसाद ,रामेश्वर प्रसाद शत्रुघ्न प्रसाद, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, सनी शाहाबादी ,शंभू नाथ केसरी, गोपाल जी , सचिव शंभू नाथ प्रसाद, और मंच संचालन दिलीप गुप्ता ने किया कार्यक्रम की जानकारी प्रवक्ता पंकज प्रभाकर ने दिया.

# भोजपुर पुलिस द्वारा लगभग 15 लाख रुपये से ज्यादा का चोरी व दर्जनों मोबाईल को बरामद कर उसके वास्तविक धारकों को सौपा गया



प्रातः किरण संवाददाता

आराःभोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने अपने कार्यालय में सभी मोबाइल धारकों का मोबाइल सौपा गया मोबाइल धारकों को मोबाइल मिलने पर सभी के चेहरे पर मुस्कान देखी गई और इसके लिए मोबाइल धारकों ने भोजपुर पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दी ,पुलिस अधीक्षक भोजपुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्र में मोबाईल खोने/चोरी होने/गिरने की घटनाओं से संबंधित दर्ज सनहा के आलोक में उक्त के साथ एक स्पेशल टीम का गठन करते हुए उसका वैज्ञानिक अनुसंधान कर मोबाईल की बरामदगी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी कर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

इस संदर्भ में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम हुए कुल-75 मोबाईल जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपए से ज्यादा है। पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के द्वारा उसके वास्तविक धारकों को मोबाईल देकर उनके चेहरे की मुस्कान लौटाने का प्रयास किया गया है। साथ ही पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाईल चोरी करने वाले / चोरी का मोबाईल रखने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

दिनांक-06.10.2024 को कुल 75 मोबाईल जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये से ज्यादा का मोबाईल बरामद कर उनके वास्तविक धारक को वापस किया गया है।

### पुलिस ने 21 लीटर शराब व एक बाइक को किया बरामद, कारोबारी फरार

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : कछवां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओसांव नहर पुल के समीप से एक बाइक और 21 लीटर देसी शराब बरामद किया है । लेकिन कारोबारी पुलिस को देख भागने में सफल रहा । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ओसांव नहर के रास्ते से होकर एक कारोबारी शराब की खेप को लेकर आ रहा है । सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए उक्त चिन्हित स्थल की ओर कुच कर गई ।

उन्होंने बताया कि पुलिस को देख कारोबारी शराब एवं बाइक को छोड़कर फरार हो गया । उक्त स्थल से पुलिस ने एक बाइक और 21 लीटर देसी शराब बरामद कर लिया है ।

### बखोरापुर मे खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण किया गया

आरा , प्रातः किरण। भारत प्लस एथॉनल कंपनी लिमिटेड कंपनी के सिएमडी सह उद्योगपत्ती बखोरापुर भोजपुर निवासी ने अपने निजी आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित कर बॉलीबॉल और भार तोलक महिला पुरुष खिलाड़ियों के बिच खेल सामग्री का वितरण किया खेल सामग्री वितरण का कार्य उद्योगपत्ति के बड़े भाई स्वर्गीय शैलेश सिंह के पत्नी और पुत्र प्रिंस सिंह ने किया जहाँ अवेनजर क्लब आरा के 30 बॉली बॉल खिलाडी बच्चों को बॉली बॉल खेल का सभी खेल सामग्री के साथ आरा के भारतोलन खेल के 20 खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण किया गया जिसमे महिला पुरुष दोनो वर्ग के खिलाडी सम्लित रहे खेल सामग्री पा कर महिला पुरुष सभी खिलाड़ियों मे हर्ष का जहाँ खिलाड़ियों ने बताया की उद्योगपत्ती श्री सिंह को खेल से काफी अधिक लगाओ होने के बात कहते श्री सिंह के इस कार्य को सराहा वही इस आशय की बात बताते उद्योगपत्ती ने अपने सम्बोधन मे कहा की खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार खेल से शारीरिक एवं मानसिक वीकृति दूर होती है तो दूसरी तरफ खेल से भी सामाजिक समरास्ता कायम होती है और खेल से व्यक्ति अपने जीवन की ऊचाई के अंतिम छोर तक ले जाता है और उसका सुख भी प्राप्त करता है खेल सामग्री के इस वितरण के मौके पर जीतेन्द्र सिंह, देव सिंह, धीरज कुमार, टिंकू सिंह सहित कई गन्यमान लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे जहाँ खेल सामग्री पा कर खिलाड़ियों मे जोश भरा उत्साह रहा ।

# भोजपुर पुलिस के द्वारा अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को बिहिया थाना क्षेत्र से 7.406 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया

- गिरफ्तार अभियुक्त बिहार राज्य के अलावा दिल्ली एवं हरियाणा राज्य में गांजा तस्करी के आधा दर्जन कांडों में संलिप्त है

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-05.10.2024 को डी०आई०यू० के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मखदुमपुर में गुड्डु सिंह उर्फ रामप्रताप सिंह पे०-रामकृपाल सिंह गांजा लाकर बिकी कर रहे है ।पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त आसूचना का सत्यापन, अपराधकर्मी की गिरफ्तारी एवं मादक पदार्थ (गांजा) की बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष, बिहिया के नेतृत्व में थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों एवं अंचलाधिकारी, बिहिया के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए ग्राम मखदुमपुर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पकड़ाये एक व्यक्ति से पुछताछ के कम में अपना नाम व पता 1. गुड्डु सिंह उर्फ रामप्रताप सिंह पे०-रामकृपाल सिंह साकिन-मखदुमपुर, थाना-बिहिया, जिला-भोजपुर बताया।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को थाना पुलिस ने किया जब्त

गिद्धौर, प्रातः किरण। गिद्धौर थाना क्षेत्र के छतरपुर नदी घाट से मुख्य सड़क से अवैध बालू लोड कर ले जा रही एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पतसंडा पंचायत में बालू अवैध उत्खनन की जानकारी गिद्धौर थाना पुलिस को मिली। जिसको लेकर त्वरित कारवाई करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार,एसआई अनुज कुमार एवं पुलिस के जवान छ्तरपुर पंचमुखी मंदिर के पास से जा रहे अवैध बालू ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। वहीं थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले गिद्धौर थाना ले आयी। इधर गिद्धौर प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के छूतरपुर नदी से बालू उत्खनन की जानकारी मिली थी। जिस पर मेरे नेतृत्व में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं ट्रैक्टर वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### संध्या आरती मे उमड़ी श्रद्धालु भक्तगणो का हुजूम, माता के जयकारे से गुंजा गगन पुरानी बाजार दुर्गा मंदिर मे चौथे दिन की गई मां कुष्मांडा की पूजा अराधना



प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी भोजपुर। भोजपुर जिले के नगर पंचायत गडहनी सहित पुरानी बाजार शिवमन्दिर के दुर्गा स्थान पर रविवार को शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आदिशक्ति श्री दुर्गा देवी के चौथे स्वरूप माँ कूष्मांडा की पूजा अराधना विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न की गई।वहीं संध्या बेला मे माँ के अनन्य भक्तो के द्वारा घंटा शंखनाद के साथ आरती वंदन की गई।इस अवसर पर मां कूष्मांडा देवी को लाल पुष्प, गुलाब का फूल चढाया गया।वहीं मातारानी की प्रिये भोग मालपुआ, पेठा इत्यादि का भोग लगाया गया। इस दौरान मातारानी के जयकारा से नगर पंचायत गडहनी सहित पुरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।वहीं पण्डित अमरेन्द्र कुमार मिश्र एवं पुजारी प्रदीप ओझा ने कहा कि नवरात्रि के चतुर्थ दिन माँ कुष्माण्डा की पूजा और आराधना की जाती है। पूरा संसार कूष्मांडा ही है। पौराणिक आख्यानों में कूष्मांडा देवी ब्रह्मांड का निर्माण करती हैं। अपने उदर से अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से पुकारा जाता है।कूष्मांडा देवी की कल्पना एक गर्भवती स्त्री के रूप में की गई है अर्थात जो गर्भस्थ होने के कारण भूमि से अलग नहीं है। इन देवी को ही तृष्णा और तृप्ति का कारण माना गया है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्ड कूम्हडे को कहा जाता है।दुर्गा सप्तशती के कवच में लिखा है - कुत्सितः कूष्मा कूष्मा-त्रिविधतापयुतः संसारः, स अण डेमांसपेश्यामुदररूपायां यस्याः सा कूष्मांडा.ह्व।अर्थात वह देवी जिनके उदर में त्रिविध तापयुक्त संसार स्थित है वह कूष्मांडा हैं। देवी कूष्मांडा इस चराचार जगत की अधिष्ठात्री हैं। जब सृष्टि की रचना नहीं हुई थी उस समय अंधकार का साम्राज्य था। देवी कुष्मांडा जिनका मुखमंडल सैकड़ों सूर्य की प्रभा से प्रदीप्त है उस समय प्रकट हुई। उनके मुख पर बिखरी मुस्कुराहट से सृष्टि की पलकें झपकनी शुरू हो गयी और जिस प्रकार फूल में अण्ड का जन्म होता है उसी प्रकार कुसुम अर्थात फूल के समान मां की हंसी से सृष्टि में ब्रह्मण्ड का जन्म हुआ। देवी कूष्मांडा सूयमंडल में निवास करती हैं और यह सूर्य मंडल को अपने संकेत से नियंत्रित रखती हैं।

#### मां कुष्मांडा का स्वरूप

मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं। इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है। मां दाहिने प्रथम हाथ में कुंभ अपनी कोख से लगाए हुए हैं, जो गर्भावस्था का प्रतीक माना जाता है। दूसरे हाथ में चक्र, तीसरे में गदा और चौथे में देवी सिद्धियों और निधियों का जाप करने वाली माला को धारण करती हैं। बांए प्रथम हाथ में कमल पुष्प, द्वितीय में शर, तृतीय में धनुष तथा चतुर्थ में कमंडल लिए हुए है। देवी अपने प्रिय वाहन सिंह पर सवार हैं।कूष्मांडा मां सिंह पर आरूढ़, शांत मुद्रा की भक्तवत्सल देवी हैं।

श्री कूष्मांडा के पूजन से अनाहत चक्र

### चार को संगठन की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षो के लिए किया गया निष्कासित





प्रातः किरण संवाददाता

चरपोखरी। लाखा प्लस टु उच्च विद्यालय बरनी चरपोखरी के सभा कक्ष में अंचल प्रथमिक शिक्षक संघ चरपोखरी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष शंकर पंडित की अध्यक्षता में हुई जिसमें अंचल के चार पदधारकों, अखिलेश राय पूर्व सचिव, सुनील उपाध्याय एवं शोला कुमारी उप सचिव तथा रितेश श्रीवास्तव को जिला प्रतिनिधि द्वारा संगठन विरोधी कार्य करने के करण उन्हें संगठन की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षों के लिए निलंबित किया गया।साथ ही नये सचिव के पद पर जितेन्द्र कुमार राय, उपसचिव उषा कुमारी, अभय कुमार तथा संरक्षक के पद पर गांधी जी राय एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी के पद पर राधेश्याम मिश्रा को सर्व सम्मति से चुना गया। यह चुनाव जिला प्रा शि संघ भोजपुर के प्रधान सचिव, नंदजी सिंह एवं राज्य कार्य समिति सदस्य परमात्मा पांडे एवं जिला के कार्यकारी अध्यक्ष संपत कुमार राय के देख रेख मे संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए कार्यकारी जिला अध्यक्ष संपत कुमार राय ने कहा कि शिक्षकों के सभी समस्याओं तथा सभी तरह के बकाया राशि का भुगतान जल्द होगा। इस संबंध में संगठन सजग, सचेत तथा संवेदनशील है। बैठक में अरविंद पांडे, शंकर मुंडा, राज कुमार यादव, शिवजग राम, शौरभ मिश्रा, संजीत पासवान, मो मुस्ताक कमाल, अनील कुमार, आशीष मिश्रा, सुधीर कुमार, कमलेश साह, राजेश कुमार, विमलेश कुमार, बेंकटेश चौधरी, नागेश तिवारी, संजय कुमार, जितेंद्र कु सिंह आदि प्रमुख थे।

### शुभारंभ : एमएलसी ने नारियल फोड़ धर्मशाला निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



बिक्रमगंज (रोहतास) , प्रातः किरण। नगर परिषद क्षेत्र बिक्रमगंज स्थित अनजबित सिंह कॉलेज समीप स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर परिसर में रविवार को धर्मशाला निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़ और कंक्रीट डालकर किया। विधान पार्षद को बाबा गणिनाथ पूजा समिति के संरक्षक सह बिक्रमगंज नगरपरिषद के पूर्व सभापति गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर सम्मानित किया। इनके अलावा बिहार सरकार के बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह, वार्ड सदस्य नीरज गुप्ता, श्यामजी प्रसाद, ददन प्रसाद, शिवनाथ गुप्ता, अंजनी प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, लोजपा के जगनारायण शाह, केशव शाह, मुन्ना प्रसाद, ठेकेदार संजय कुशवाहा, बाबा गणिनाथ पूजा समिति के अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, चिंटू प्रसाद, विंध्याचल प्रसाद, डॉ अविनाश गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता सहित कई लोगों ने विधान पार्षद को फूलों का माला देकर सम्मानित किया। विधान पार्षद ने बाबा गणिनाथ के प्रति पूर्ण श्रद्धा रखते हुए धर्मशाला के निर्माण में तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आशा ही नहीं मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह मंदिर और धर्मशाला समाज को संगठित करने में आधार स्तंभ साबित होगा। उपस्थित लोगों ने बड़े हर्ष के साथ बाबा गणिनाथ का जयकारा लगाया।

# नप गड़हनी के पुरानी बाजार प्राचीन मंदिर में बंगाल के सुप्रसिद्ध मंदिर में विराजेंगी माँ दुर्गा





प्रातः किरण संवाददाता

गड़हनी भोजपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर पंचायत गड़हनी के पुरानी बाजार शिव मंदिर के प्रांगण में स्थित प्राचीन मंदिर दुगार्पूजा को लेकर विख्यात है।यहां माँ दुर्गा के नव स्वरूपो की पूजा विधि विधान के साथ पारम्परिक ढंग से किया जाता है।प्रतिपदा से दशमी पर्यन्त विभिन्न प्रकार की कार्यक्रमो की धूम रहती है।विशेष रूप से सप्तमी से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य प्रतियोगिता, भजन संध्या, रात्रि जागरण पूजा महोत्सव की शोभा बढाती हैं।वहीं पूजा समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों के द्वारा विधि व्यवस्था संधारण की जिम्मेदारी बाखूबी निभाई जा रही है।समिति के द्वारा एक माह पूर्व से ही पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई है जो अन्तिम चरण पर है।पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा को लेकर नई कमिटी का गठन कर दिया गया है जिसमे सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह को मुख्य संरक्षक, राहुल कुमार को अध्यक्ष, दीपक केसरी को सचिव, भीम कुमार सोनी को कोषाध्यक्ष, सुमन कुमार चौरसिया संयोजक, समर गुप्ता को उपाध्यक्ष, राजू कुमार एवं मृत्युंजय सिंह उर्फ रामभरोसा को उपसचिव, पंकज कुमार एवं सोलू कुमार को उपकोषाध्यक्ष, धनजी शर्मा उर्फ भुअर को पूजा प्रभारी, महामंत्री दीपक सोनी को महामंत्री, अमरेन्द्र कुमार मिश्र (पत्रकार) को मीडिया प्रभारी, मंच संचालन रितेश गुप्ता को मंच संचालन, मनीष कुमार, शंभू कुमार, सोनू कुमार, हर्ष कुमार एवं करिमन कुमार को सुरक्षा प्रमुख, सांस्कृतिक पदाधिकारी संयोजक राम विष्णु राम उर्फ वीरेन्द्र राम को सांस्कृतिक पदाधिकारी संयोजक, मुन्ना बारी, अशिम कुमार राय उर्फ टुनटुन बाबा, सुनील कुमार केसरी, बुधन, पीर मोहम्मद एवं राजेश सोनी को सांस्कृतिक पदाधिकारी पद की जिम्मेदारी दी गई है।उन्होंने बताया कि इस बार प्राचीन देवी मंदिर को रंग-बिरंगे मनमोहक फूलों के साथ रंगीन रौशनी, पंडाल की सुंदरता में चार चांद लगायेगी।दुगार्पूजा के दौरान कॉस्मेटिक फूलों से मंदिर को सजाया जाएगा और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित होगी। पुरानी बाजार गड़हनी में बीते 100 साल से पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा को लेकर नवयुवक संघ के साथ आस-पास के युवा तैयारी में लग गए हैं। मूर्ति बनाने से लेकर पंडाल निर्माण और लाइट-साउंड की व्यवस्था कर ली गई है। गड़हनी नगर पंचायत के पुरानी बाजार में नपं समेत प्रखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके के लोगों की भीड़ जुटती है। दशहरा में लोगों को पुरानी बाजार शिवमन्दिर के पास मां की भव्य प्रतिमा के साथ मनमोहक पंडाल का नजारा देखने को मिलेगा वहीं लोग मेला का भी आनन्द उठायेंगे। पूजा को लेकर लोगों में उत्साह है और सुबह से ही युवाओं की टोली चंदा काटने निकल जा रही है। आस-पास मेले की तैयारी भी हो रही है। मेले में चाट-छोले से लेकर मिठाई और समोसे की दुकानें लगाने की तैयारी है।

#### रंग बिरंगे रौशनी से जगमग होगा पूजा पंडाल

इस अवसर पर गिरिडीह झारखंड के कारीगरों के द्वारा बनाये गये पंडाल को रौशनी से जगमग करेंगे मुन्ना टेन्ट चर्चित पंडाल निमार्ता। वे गड़हनी के अन्य पंडालों से अलग हटकर यहां रंग-बिरंगे फूलों से पंडाल का निर्माण कर रहे हैं।वहीं डेकोरेशन का काम मुन्ना टेन्ट करेंगे और पंडाल की खूबसूरती में गड़हनी के निरंजन भगत की ओरिजनल फूल तथा टेंट के लाइट से पंडाल व मूर्ति में चार चांद लगेगी।

### सोन नदी में डुबने से सात बच्चे की हुई मौत

प्रातः किरण संवाददाता

रोहतास/ रोहतास थाना क्षेत्र के तुंबा गांव के समीप सोन नदी में डुबने से तुंबा के एक हीं परिवार के सात बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि एक ही परिवार के 7 बच्चे नहाने के लिए सोन नदी गए थे। इसी दौरान एक के बाद एक सभी बच्चे नदी में डूब गए। तुंबा गांव के रहने वाले कृष्णा गोंड के चार बच्चे शामिल हैं, जबकि एक बच्चा उसकी बहन का है। वहीं दो अन्य बच्चे भी इसी गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में एक बच्ची भी शामिल है। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया है। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची है। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता दोनों बच्चों को तलाश किया जा रहा है। पांच बच्चों का शव नदी से बरामद कर लिया गया है। पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल है। मृतक के परिजनों का बुरा हाल है । सोन नदी के डूबे मृतकों को सूची (01) निभा कुमारी, 15 वर्ष, पिता -- नंदकिशोर गोंड, रांची।(02) निधि कुमारी, 12 साल -- नंदकिशोर गोंड, रांची।(03) पवन कुमार, 06 साल -- नंदकिशोर गोंड, रांची।(04) अभय कुमार, 10 साल -- केदार गोंड, तुंबा।(05) विवेक कुमार, 12 साल -- टुनटुन गोंड, तुंबा।(06) राजू कुमार, 12 साल -- कृष्णा गोंड, (07) गुनगुन कुमारी, 08 साल, पिता -- नंद किशोर गोंड, रांची, लापता है।

### शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन आरण्य देवी मंदिर में लोगों ने की पूजा



- महिला एवं युवतियों ने मंदिर में जलाया आस्था का दीप

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को देवी दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में आज सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा है। शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि षष्ठी तिथि की रात्रि माता का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट के कार्य कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगरों की टीम जुट गई है। श्रृंगार में देशी-विदेशी फूलों का उपयोग किया जाएगा। सप्तमी तिथि की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा। सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा। चौथे दिन भी श्रद्धालु-भक्त के बीच मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के द्वारा बेसन से निर्मित बुंदिया व मुड़ी प्रसाद के रुप में वितरण किया गया। इस मौके पर नवरात्रि पूजा संचालन समिति के संतोष कुमार सिंह, अशोक सिंह, अभिषेक मिश्रा उर्फ गोलू मिश्रा, विकास कुमार पांडेय एवं रिशु कुमार उर्फ सोनू आदि सक्रिय है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 07 अक्टूबर, 2024





# मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होना चाहते हैं जूनियर एनटीआर

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले दिन जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला था। फिल्म ने ओपनिंग डे पर दमदार कमाई भी की थी, साथ ही समीक्षकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया भी मिली, लेकिन अब दर्शकों के सिर से देवरा का क्रेज उतरता नजर आ रहा है। इन सब के बीच अब हाल ही में, जूनियर एनटीआर ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने की इच्छा जताई है।

हाल ही में, एक साक्षात्कार में जूनियर एनटीआर से हॉलीवुड में काम करने को लेकर पूछा गया। इस पर अभिनेता ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने की इच्छा जताई। एसोसिएट प्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं मार्वल यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगा, क्योंकि मार्वल, मेरे लिए बहुत खास है।

आयरन मैन को बताया पसंदीदा पात्र

अभिनेता ने आगे कहा, आयरन मैन मेरे पसंदीदा पात्रों में से एक है, क्योंकि आपके पास सुपर पावर होने की जरूरत नहीं है। आपको पावर पाने के लिए भगवान होने की जरूरत नहीं है। आप जानते हैं, वह सिर्फ एक इंसान है। जिस तरह का दिमाग उसके पास है, यह इतना सरल है कि हर कोई एक सुपरहीरो है। आप, मैं, हम सभी हैं। इसलिए, मार्वल मेरे लिए बहुत ही रोमांचक चीज है और मैं उनके यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगा।

### बच्चों को गर्व महसूस कराना चाहते हैं अभिनेता

हालांकि, जूनियर एनटीआर की यह इच्छा केवल प्रोफेशनल नहीं, बल्कि पर्सनल भी है। वह चाहते हैं कि उनके बच्चे उन पर गर्व करें। अभिनेता ने कहा, मेरे बच्चे भी मार्वल से प्यार करते हैं। अगर मुझे मार्वल यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिलता है, तो यह उनके लिए बहुत गर्व का पल होगा। मैं वह गर्व उनकी आंखों में यह देखना चाहता हूं।



# करियर की गाड़ी को धक्का देने के मकसद से बिग बॉस 18 में एंट्री करेंगी नायरा बनर्जी

बिग बॉस 18 जल्द ही दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए हाजिर होने वाला है। शो के प्रीमियर से पहले ही मेकर्स दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए सलमान खान का प्रोमो जारी कर रहे हैं। वही, दर्शक भी शो के 18 कंटेस्टेंट को देखने के लिए बेताब हैं। शो के इस सीजन में अभिनेत्री नायरा बनर्जी भी हिस्सा ले रही हैं। नायरा बनर्जी को मधुरिमा बनर्जी के नाम से भी जाना जाता है। वह एक भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं, जिन्होंने हिंदी, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ सिनेमा में काम किया है। नायरा ने मनोरंजन इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले कानून की डिग्री हासिल की। उनके अभिनय करियर की शुरुआत दक्षिण भारतीय फिल्मों से हुई।

बिग बॉस 18 से पहले भी नायरा बनर्जी कई रिएलिटी शोज में नजर आ चुकी हैं। नायरा का असली नाम मधुरिमा बैनर्जी था अभिनेत्री ने साल 2016 में अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम नायरा बनर्जी रख लिया नायरा की उम्र 37 वर्ष है। टीवी ऑडियंस के बीच नायरा एक लोकप्रिय चेहरा हैं। नायरा एक मिडिल क्लास फैमिली से बिलॉन्ग करती हैं। नायरा ने कथक की तालीम भी हासिल की हुई है।

टीवी शोज की बात करें तो नायरा रक्षाबंधन, पिशाचिनी, फ...से फैंटसी 2, खतरों के खिलाड़ी 13, एक्सक्यूज मी मैडम जैसे लोकप्रिय शोज का हिस्सा रह चुकी हैं। नायरा बॉलीवुड में भी एंट्री कर चुकी हैं। उन्होंने साल 2009 में फिल्म टॉस ए फिलप ऑफ डेस्टिनी से अपना डेब्यू किया, उसके बाद बॉलीवुड फिल्म कमाल धमाल मालामाल किया। हालांकि, नायरा का करियर साउथ में भी काफी शानदार रहा है, उन्होंने मलयालम सिनेमा में फिल्म कूथारा से डेब्यू किया। इसके बाद 2010 में नायरा ने तमिल फिल्म वल्लावनुक्कु पुल्लम आयुधम में सहायक भूमिका निभाई।

बिग बॉस 18 में नायरा का मुकाबला और 17 कंटेस्टेंट्स से होने वाला है। इस बार शो की लिस्ट में निया शर्मा, तेजिंदर पाल सिंह बग्गा, अतुल किशन, विवियन डिसेना, अविनाश मिश्रा, सारा अफरीन खान, एलिस कौशिक, ईशा सिंह, करणवीर मेहरा, शहजादा धामी, चाहत पांडे, शिल्पा शिरोडकर, नायरा बनर्जी, गुणरत्न सदावर्ते, हेमलता शर्मा, श्रुतिका राज अर्जुन, चुम दरांग, मुस्कान बामने और रजत दलाल शामिल हैं।



# तनु वेड्स मनु 3 की स्क्रिप्ट पूरी, फिल्म में ट्रिपल भूमिका निभाएंगी कंगना रणौत!

**सफल बॉलीवुड फ्रेंचाइजी तनु वेड्स मनु कथित तौर पर अपनी तीसरी किस्त की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, निर्देशक आनंद एल राय और उनके राइटिंग पार्टनर हिमांशु शर्मा ने तनु वेड्स मनु 3 की कहानी को अंतिम रूप दे दिया है। जानकारी के अनुसार, नई फिल्म कॉमेडी, रोमांस और नाटक के अपने अनूठे मिश्रण को बनाए रखते हुए, वहीं से जारी रहेगी जहां पिछले दो भाग समाप्त हुए थे।**

### तनु वेड्स मनु 3 पर आया बड़ा अपडेट

रिपोर्ट के मुताबिक, तनु वेड्स मनु 3 में कंगना रणौत को ट्रिपल भूमिका में दिखाया जाएगा। यह पहली बार होगा जब अभिनेत्री एक ही फिल्म में तीन किरदार निभाएंगी। यह विचार तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में उनकी दोहरी भूमिका के बाद आया है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, कंगना अपने करियर की पहली ट्रिपल भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं और पूरी कहानी का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। वहीं, फिल्म में आर माधवन एक ही भूमिका निभाएंगे।

### 2025 के मध्य में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

आनंद एल राय वर्तमान में फिल्म तेरे इश्क में पर काम कर रहे हैं। इसके पूरा होने के बाद वह तनु वेड्स मनु 3 पर काम शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग 2025 के मध्य में शुरू होने की संभावना है। बॉक्स ऑफिस पर फ्रेंचाइजी के सफल ट्रैक रिकॉर्ड को जारी रखते हुए, फिल्म के 2026 में एक महत्वपूर्ण नाटकीय आकर्षण बनने की उम्मीद है। इस बीच कंगना रणौत अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की तैयारी कर रही हैं।

### तनु वेड्स मनु फ्रेंचाइजी

आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म तनु वेड्स मनु साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसकी दूसरी किस्त साल 2015 में आई, जिसका नाम तनु वेड्स मनु रिटर्न्स था। दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कलेक्शन किया। अब दर्शकों को इसकी तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार है।

# श्रुति हासन ने पूरी की रजनीकांत-लोकेश कनगराज की कुली की शूटिंग



लोकेश कनगराज और रजनीकांत ने कुली के लिए हाथ मिलाया है, जिसकी शूटिंग विजाग में चल रही थी। हाल ही में में अब टीम ने विजाग का शूटिंग शेड्यूल पूरा कर दिया है, जिसका हिस्सा श्रुति हासन भी थीं। अब खबर है कि फिल्म में प्रीति का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री श्रुति से अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। एक महीने तक चले विजाग शेड्यूल में रजनीकांत ने पहले शूटिंग खत्म कर दी थी, फिर नागार्जुन और श्रुति शूटिंग कर रहे थे। बाकि कलाकारों की शूटिंग बाकी है, लेकिन श्रुति ने अपने हिस्से की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। अब श्रुति के फिल्म के आगामी चेन्नई शेड्यूल का भी हिस्सा होने की उम्मीद है।



# ऋत्विक के साथ ब्रेकअप को लेकर आज भी खरी-खोटी सुनती हैं आशा नेगी

आशा नेगी टीवी की जानी मानी अभिनेत्री हैं। आशा अब भले ही स्क्रीन पर कम दिखती हैं, लेकिन एक समय ऐसा था, जब बड़ी तादाद में लोग अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए बेताब रहते थे। आशा को टीवी शो पवित्र रिश्ता से लोकप्रियता हासिल हुई थी। इस शो में उनका नाम ऋत्विक धनजानी के साथ भी जुड़ा था। फैंस को दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री भी काफी पसंद आई थी। अब हाल ही में, आशा नेगी ने ऋत्विक के साथ अपने ब्रेकअप पर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है।

### ऋत्विक के साथ अपने ब्रेकअप पर बोलीं आशा

हाल ही में, हाउटरफ्लाई से बातचीत में आशा ने कहा कि एक ही टेलीविजन पर साथ काम करने वाले कलाकार अक्सर एक-दूसरे को डेट करते हैं। अभिनेत्री ने कहा, लोगों को आपकी केमिस्ट्री पसंद आती है, इसलिए ऐसा होता है। इसलिए, मुझे लगता है, टेलीविजन में लोग बहुत जल्दी एक-दूसरे के साथ जुड़ जाते हैं।

### ब्रेकअप से ऐसे उबरीं आशा नेगी

इंटरव्यू में आगे जब अभिनेत्री से पूछा गया कि ऋत्विक के साथ उनके ब्रेकअप से वह कैसे उबरीं। इस का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि सब कुछ संभालना मुश्किल होता है क्योंकि इसमें परिवार शामिल होते हैं। इस बात में कोई शक नहीं है, ब्रेकअप के बाद दुख बहुत होता है और फिर आपको सब कुछ संभालना भी पड़ता है।

### फैंस आज भी सुनाते हैं खरी-खोटी

फैंस की प्रतिक्रिया पर आशा नेगी ने कहा, अगर आप एक कलाकार हैं, तो बहुत प्रशंसक क्लब होते हैं... मुझे अभी भी बहुत सारी गालियां मिलती हैं और उन्हें भी मिलती हैं। बता दें कि आशा और ऋत्विक अपने रिश्ते के बारे में बहुत मुखर थे। इसलिए जब वे अलग हुए, तो यह उनके प्रशंसकों के लिए एक झटका था। आशा ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से सिंगल हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि जब भी वह किसी को डेट करेंगी तो अपने फैंस को जरूर बताएंगी।



# दिशा वकानी ने ठुकरा दिया बिग बॉस 18 का प्रस्ताव?

**चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 18 जल्द शुरू होने जा रहा है। एक बार फिर अपने पसंदीदा शो के लिए दर्शक उत्साहित हैं। साथ ही इस बार हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दयाबेन यानी अभिनेत्री दिशा वकानी भी इस बार शो का हिस्सा बनेंगी।**

अब नई रिपोर्ट्स में इस तरह के दावों को खारिज किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दिशा ने मेकर्स का करोड़ों का ऑफर ठुकरा दिया है।

### इस बार भी ठुकरा दिया ऑफर

पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा तेज है कि इस बार बिग बॉस 18 में दिशा वकानी रौनक लगाएंगी। लेकिन, अब ताजा अपडेट यह बताई जा रही है कि अभिनेत्री ने इस बार भी शो का ऑफर ठुकरा दिया है। बिग बॉस के मेकर्स काफी समय से दिशा वकानी को अपने शो का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दिशा हर बार बिग बॉस का प्रस्ताव ठुकरा देती हैं। इस बार भी निर्माताओं ने उन्हें अच्छी खासी रकम के साथ शो का ऑफर दिया। लेकिन, कहा जा रहा है कि उन्होंने इस बार भी यह ऑफर ठुकरा दिया है।

### कितनी रकम हुई ऑफर?

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा वकानी को इस बार भी मेकर्स ने अप्रोच किया है। उन्हें कोई छोटी मोटी नहीं, बल्कि 65 करोड़ रुपये की रकम की पेशकश की गई। लेकिन, बताया जा रहा है कि इस बार भी दिशा वकानी ने शो का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अभी मेकर्स या अभिनेत्री की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### होस्ट की कुर्सी संभाल रहे सलमान खान

बिग बॉस 18 सलमान खान ही होस्ट कर रहे हैं। पहले कयास लगाए गए थे कि भाईजान इस बार शो होस्ट नहीं करेंगे, जिससे दर्शक काफी निराश हुए। लेकिन, अब यह साफ हो चुका है कि इस बार भी होस्ट की कुर्सी सलमान खान ही संभाल रहे हैं।

# कास्टिंग काउच के दर्द से गुजर चुके हैं मुंजा फेम अभय

मुंजा की बड़ी सफलता के बाद, अभय वर्मा बॉलीवुड में एक लोकप्रिय चेहरा बन गए हैं। आउटसाइडर होने के कारण उन्हें भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें कास्टिंग काउच भी शामिल है। इंस्टेंट बॉलीवुड के हवाले से उन्होंने कहा, मैं कभी भी उस स्थिति में नहीं पहुंचा जहां मैंने ना कहा हो, दरअसल, ऐसा एक बार हुआ था, लोग जीवन में अलग-अलग चीजें चाहते हैं।

झ्रअभिनेता ने आगे बताया कि इस अनुभव के बाद उन्होंने अपने सपने को छोड़ने का फैसला कर दिया था। उन्होंने कहा, मैं उस समय इस बात को समझने में बहुत नासमझ था, यह एक बार हुआ था, और बाद में मैंने कहा, मैं अपने टीवी का रिमोट सबको क्यों दूंगा ताकि वे चैनल बदल सकें? यही मेरी जिंदगी है, और यही मेरा लक्ष्य है। अभिनेता ने आगे बताया कि यह मेरी यात्रा है और किसी को भी मुझे इसके बारे में बताने का अधिकार नहीं है।



## कलर्स 'बिग बॉस' के नए सीज़न को लॉन्च करने को तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** 'बिग बॉस' चाहते हैं... नहीं! इस साल 'बिग बॉस' जानते हैं... आपके अनुसार रियलिटी टेलीविज़न के बाप के बारे में आप जो कुछ भी जानते हैं, उसे भूलने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि इसके सबसे प्रसिद्ध तकियाकलाम को नया रूप मिलने वाला है!




## इराया लाइफस्पेस लिमिटेड ने एबिक्स, इंक. के अधिग्रहण के बाद स्ट्रेटिजिक रिस्ट्रक्चरिंग का खुलासा किया

**मुंबई, एजेंसी।** इराया लाइफस्पेस लिमिटेड (बीएसई- 531035) ने एबिक्स, इंक. और इसकी ग्लोबल सहायक कंपनियों के सफल अधिग्रहण के बाद व्यापक स्ट्रेटिजिक रिस्ट्रक्चरिंग इनिशिएटिव की घोषणा की है।

## क्रोमा में फेस्टिवल ऑफ़ ड्रीम्स की शुरूआत, इलेक्ट्रॉनिक्स की जमकर खरीदारी करें और जीतें आकर्षक इनाम!




**मुंबई, एजेंसी।** क्रोमा में फिर एक बार शुरू हो चूका है सालाना फेस्टिवल ऑफ़ ड्रीम्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस को अपग्रेड करने का बेहतरीन मौका फिर एक बार मिल रहा है। 3 नवंबर तक सभी क्रोमा स्टोर्स और 222.ष्ह्म्श्वद्व.ष्श्वद्व पर बेजोड़ ऑफर्स का आनंद लीजिए। देश भर के 500 से ज़्यादा क्रोमा स्टोर्स में खरीदारी करके 100 टाटा मोटर कार, 500 हीरो बाइक और 5000 टाइटन वॉचेस जीतने का अवसर उपभोक्ताओं को मिलेगा, हर खरीदारी पर मिलेंगे एश्योर्ड फ्री गिफ्ट्स। बेजोड़ डिस्काउंट्स और ऑफर्स के साथ, टीवी और होम अप्लायंसेस पर मिल सकता है अनलिमिटेड 10ब इंस्टेंट कैशबैक, साथ ही स्मार्टफोन्स और लैपटॉप्स की विशाल रेन्ज पर मिलेगा अनलिमिटेड 5ब कैशबैक। क्रोमा इन्फिनिटी-रिटेल लिमिटेड के डेप्युटी सीईओ श्री शिबाशीष रॉय ने कहा, ÷हमारा फेस्टिवल ऑफ़ ड्रीम्स कैम्पेन शुरू करके और हमारे उपभोक्ताओं को बेजोड़ डिस्काउंट और कैशबैक, कार, बाइक और वॉचेस जीतने का मौका देकर त्योहारों की खुशियों में चारचांद लगाकर हमें बहुत खुशी हो रही है। हर परिवार के उत्सव को कुछ खास बनाना और त्योहारों की खरीदारी को यादगार अनुभव बनाना हमारा लक्ष्य है।÷

## 3800 पर्सनालाईज़्ड वीडियो 800 पिनकोड्स पर 38 मिलियन ग्राहकों तक पहुँचे

**मुंबई, एजेंसी।** हाउस ऑफ हेलन (पूर्व में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) ने देश में एक इनोवेटिव डिजिटल कैंपेन शुरू किया है, जिसमें एआई का उपयोग करके पूरे देश में डेंटिस्ट्स के वीडियो बनाए गए हैं। इन वीडियो में ओरल हैल्थ में सुधार लाने और लोगों के दैनिक अनुभव खुशनुमा बनाने में उनकी भूमिका प्रदर्शित की गई है। इस अभियान के लिए एआई की मदद से डेंटिस्ट्स के 4000 कस्टमाईज़्ड वीडियो बनाए गए हैं, जो उन्हें 'डॉक्टर्स ऑफ जॉय' के रूप में सम्मानित करते हैं। ये व्यक्तिगत वीडियो लोगों की ओरल हैल्थ की समस्याओं को ठीक करके उन्हें खुशी के क्षण प्रदान करने और खुशी फैलाने में डेंटिस्ट की भूमिका के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं। ये वीडियो विभिन्न शहरों में साझा किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों के जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करना है। ये वीडियो देश के 800 पिनकोड्स में वितरित किए जाएंगे, साथ ही यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रसारित किए जाएंगे, जो मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों के 3.8 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचेंगे। हेलन में कैटेगरी लीड- ओरल हैल्थकेयर, किश्लय सेठ ने कहा, सेन्सोडाइन में हम लोगों को स्वस्थ और खुशनुमा जीवन प्रदान करने में डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं।

# म्यूचुअल फंड है या नोट छापने की मशीन, साल भर में दिया 46ब से भी ज्यादा का रिटर्न

**मुंबई एजेंसी।** अक्टूबर का पहला सप्ताह के दौरान शेयर बाजार में खूब गिरावट देखने को मिली। एक अक्टूबर को बीएसई सेंसेक्स 84,190 पर था जो कि शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024 को 81,688 अंक तक लुढ़क गया। इससे पहले, 25 सितंबर 2024 को सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक को पार किया था। बाजार बीते सप्ताह वहां से करीब पांच परसेंट टूट गए हैं। हालांकि, मार्केट के कुछ क्षेत्रों में सुधार हुआ है। फिर भी अधिकांश सूचकांकों के लिए मूल्यांकन अभी भी ऊंचा लगता है। ऐसे में सवाल उठता है कि रिटेल इन्वेस्टर कहां पैसे लगाएं?




### ऐसे में क्या है बेहतर विकल्प

कुछ विशेषज्ञों को ऐसे में वैल्यू डिस्कवरी फंड दिखता है। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक बेहतर विकल्प लगता है जो लंबी अवधि में परिसंपत्ति बनाना चाहते हैं। अब आईसीआईसीआई प्रुडेंसियल डिस्कवरी फंड को ही देखिए। इसने पिछले 20 से अधिक वर्षों (रेगुलर प्लान) में सालाना आधार पर 21.19 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। कभी-कभार खराब प्रदर्शन के बावजूद, फंड ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार मजबूत प्रदर्शन किया है।

### कितना दिया है रिटर्न

पिछले कुछ दशकों में यह फंड सभी इक्विटी श्रेणियों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक रहा है। इस महीने की पहली तारीख को इस फंड के रिटर्न का हिसाब लगाया गया तो पता चला कि इसने पिछले एक वर्ष के दौरान 46.5 फीसदी का रिटर्न दिया है। इस फंड ने पॉइंट-टू-पॉइंट आधार पर तीन वर्ष में 26.4 फीसदी, पांच वर्ष में 28.7 फीसदी, 10 वर्ष में 18 फीसदी का रिटर्न दिया है। जबसे इसकी लॉन्चिंग हुई है, जब से इसने 21.19 फीसदी का रिटर्न दिया है। मतलब कि इक्विटी श्रेणियों में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में यह शामिल है।

### निफ्टी 500 से भी ज्यादा रिटर्न

इस स्कीम ने विभिन्न समयावधियों में निफ्टी 500 टीआरआई से भी 3 से 8 फीसदी तक ज्यादा का फायदा दिया है। जनवरी 2013 से सितंबर 2024 की अवधि में पांच साल के रोलिंग रिटर्न पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी ने 15.4 फीसदी का औसत रिटर्न दिया है। वहीं निफ्टी 500 टीआरआई ने 13.6 फीसदी का औसत रिटर्न दिया। यह फंड दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश विकल्प है। खासकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश करने वालों के लिए।

### पोर्टफोलियो में कौन से स्टॉक

इस फंड के लिए स्टॉक चुनने में हमेशा लार्ज-कैप पर फोकस रहा है। इसमें मिड और स्मॉल-कैप शेयरों को छोटे हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। अक्सर, स्कीम ने पोर्टफोलियो का 70 प्रतिशत या उससे अधिक लार्ज-कैप शेयरों में रखा है। कभी-कभी यह कम भी हो जाता है। साल 2019 के अंत और 2020 की शुरुआत में, जब आईटी, फार्मास्युटिकल और ऑटोमोबाइल शेयरों में गिरावट आई, तो फंड ने इन क्षेत्रों में हिस्सेदारी बढ़ा दी, जिसमें बाद में अच्छी तेजी आई। हालांकि, पिछले 2-3 सालों में फंड ने बैंकों पर फोकस बढ़ाया है और उन्हें फंड में टॉप होल्डिंग्स बना दिया है। जबकि आईटी और फार्मा स्टॉक अभी भी शीर्ष सेगमेंट में शामिल हैं, लेकिन पोस्ट-कोविड अवधि से एक्सपोज़र कुछ हद तक कम हो गया है।

### लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट के लिए कैसा?

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी लिमिटेड के ईडी और सीआईओ एस नरेन बताते हैं कि यह फंड दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश विकल्प है। खासकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिये निवेश करने वालों के लिए। इसके अलावा, खराब प्रदर्शन की अवधि के दौरान, वह एकमुश्त निवेश के माध्यम से आक्रामक दीर्घकालिक निवेश के अवसर देखते हैं।

# अगले हफ्ते खुलेंगे दो नए आईपीओ, 6 की होगी लिस्टिंग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते दो आईपीओ खुलने जा रहे हैं। पिछले महीने आईपीओ की झड़ी लगने के बाद इस हफ्ते आईपीओ की संख्या कम है। जो दो आईपीओ अगले हफ्ते खुलेंगे, उनमें से एक मेन बोर्ड और दूसरा एसएमई बोर्ड से है। वहीं दूसरी ओर अगले हफ्ते 6 आईपीओ की लिस्टिंग भी होगी। लिस्टिंग होने वाले सभी आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस महीने कुछ बड़ी कंपनियों के आईपीओ भी खुलेंगे। सेबी से इन्हें मंजूरी भी मिल चुकी है।

आईपीओ के जरिए शेयर मार्केट में निवेश करना काफी लोग पसंद करते हैं। इसका कारण है कि लिस्टिंग पर काफी आईपीओ निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे देते हैं। कई आईपीओ तो 100 फीसदी प्रीमियम से भी ज्यादा पर लिस्ट होते हैं। ऐसे में निवेशकों का पैसा एक ही दिन में दोगुने से ज्यादा हो जाता है। पिछले हफ्ते केआरएन हीट एक्सचेंजर का आईपीओ करीब 114 फीसदी प्रीमियम पर लिस्ट हुआ था। अगर लिस्टिंग अच्छी न हो तो कई बार आईपीओ में निवेश घाटे का भी सौदा हो जाता है। मेन बोर्ड के इस आईपीओ का इश्यू साइज 264.10 करोड़ रुपये है। इसमें 173.85 करोड़ रुपये के 1.83 करोड़ फ्रेश इश्यू जारी होंगे। वहीं 90.25 करोड़ रुपये के 95 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत जारी किए जाएंगे। यह आईपीओ निवेश के लिए 8 अक्टूबर को खुलेगा। निवेशक इसके लिए 10 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगे।

### क्या करती है कंपनी?

यह एक कंस्ट्रक्शन कंपनी है। इसकी स्थापना 2010 में हुई थी। यह कंपनी रेजिडेंशियल, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल आदि प्रोजेक्ट का कंस्ट्रक्शन करती है। साथ ही यह इंफ्रास्ट्रक्चर और हॉस्पिटैलिटी प्रोजेक्ट के लिए सर्विस भी मुहैया कराती है। कंपनी आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल अपनी वर्किंग कैपिटल को पूरा करने, कुछ अधिग्रहण करने और सामान्य कॉर्पोरेट के लिए करेगी। यह एसएमई बोर्ड का आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 101.35 करोड़ रुपये है। कंपनी 61.06 लाख शेयर जारी करेगी जो पूरी तरह फ्रेश होंगे।

# राजस्थान की तपती जमीन पर उगा दिए सेब, फलों की खेती से लाखों रुपये कमाती है यह महिला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपसे कहा जाए कि देश में सेब की खेती किस राज्य में होती है तो आप कश्मीर या हिमाचल प्रदेश का नाम लेंगे। वहीं आपसे कहा जाए कि राजस्थान में भी सेब की खेती होती है तो आप चौंक जाएंगे। सोचेंगे कि ठंडे प्रदेशों में उगने वाला सेब राजस्थान की तपती जमीन पर भला कैसे उग सकता है। लेकिन यह 100 फीसदी सच है। और इसे सच कर दिखाया है संतोष देवी खेदड़ ने। संतोष देवी राजस्थान के सीकर में फलों की खेती करती हैं। इनके खेत में सेब के 100 पेड़ हैं। खास बात यह है कि यह ऑर्गेनिक खेती करती हैं। प्रत्येक पेड़ से सालाना 80 किलो सेब की पैदावार होती है। खेती के अलावा संतोष देवी नर्सरी का भी कारोबार करती हैं। फलों की खेती और नर्सरी से संतोष देवी सालाना करीब 40 लाख रुपये का कारोबार करती हैं। संतोष देवी राजस्थान के सीकर के बेरी गांव में रहती हैं। उन्होंने सेबों की खेती साल 2015 में शुरू की थी। उस दौरान उन्होंने 1.25 एकड़ के खेत के एक हिस्से में सेब के 100 पौधे लगाए थे। यहां सेब की खेती करना बड़ी चुनौती थी क्योंकि सेब की खेती ठंडे प्रदेश में की जाती है। उनके गांव में गर्मियों के मौसम में तापमान 45 डिग्री के करीब तक पहुंच जाता है। संतोष देवी बताती हैं कि वह खास किस्म के खेब उगाती हैं। किस्म के सेब होते हैं। ये ऐसे सेब हैं जिनकी पैदावार अधिक तापमान में होती है। वह कहती हैं कि इन सेबों को हिमाचल प्रदेश के एक किसान ने विकसित किया था। साथ ही अहमदाबाद स्थित नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (एनआईएफ) ने इसका सपोर्ट किया था। संतोष देवी को भरोसा था कि वह सीकर में इतनी गर्मी में सेब की खेती कर लेंगी। उन्हें ऑर्गेनिक खेती का भी अनुभव था। अनुभव और भरोसा के बदल पर उन्होंने लगभग नामुमकिन से काम को मुमकिन कर दिखाया। वह बताती हैं कि जब मिट्टी को ऑर्गेनिक तरीके से तैयार किया जाता है और केमिकल का इस्तेमाल न किया जाए तो किसी भी चीज की खेती आराम से की जा सकती है।

# रेकॉर्ड पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 700 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 12.6 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी हुई थी। वीकली ग्रोथ के हिसाब से देखें तो यह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अब तक की पांचवीं बड़ी बढ़ोतरी है। शुक्रवार को आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार 704.8 अरब डॉलर होने का अनुमान है। चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत इस मुकाम पर पहुंचने वाला चौथा देश बन गया है। चीन का विदेशी मुद्रा भंडार तो भारत से करीब पांच गुना है। अमेरिका के बाद चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है लेकिन फॉरेक्स रिजर्व के मामले में दूर-दूर तक कोई चीन के आसपास नहीं है। साल की पहली तिमाही में चीन का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 3500 अरब डॉलर था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर जापान है। उसका फॉरेक्स रिजर्व करीब 1,300 अरब डॉलर है। यूरोप का छोटा सा देश स्विट्जरलैंड इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है।

# एमेज़ॉन ने देश में डिलीवरी क्षमताएं बढ़ाने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ एमओयू पर दस्तखत किए

**मुंबई, एजेंसी।** एमेज़ॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज़ प्राईवेट लिमिटेड (एमेज़ॉन इंडिया) ने आज देश में अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए पोस्टल विभाग (इंडिया पोस्ट) के साथ एक मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत किए। एमेज़ॉन के ग्राहक केंद्रित और टेक्नोलॉजिकल कौशल के साथ इंडिया पोस्ट के अंतिम छोर तक पहुँच रखने वाले डिलीवरी नेटवर्क और दशकों की विशेषज्ञता की मदद से यह गठबंधन ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा। इस एमओयू के अंतर्गत ये दोनों अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में क्षमता को साझा करने, संसाधनों के ज्यादा प्रभावी उपयोग और एफिशियंसी बढ़ाने के लिए सुगम इंटीग्रेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान द्वारा अपने ऑपरेशंस में तालमेल बनाएंगे। इस गठबंधन द्वारा दोनों संगठनों का विकास होगा तथा एमेज़ॉन के ग्राहकों के लिए डिलीवरी के अनुभव में सुधार आएगा। खासकर दूरदराज और ग्रामीण हिस्सो के ग्राहकों को इस साझेदारी का विशेष लाभ मिलेगा। पिछले 2 से 3 सालों में एमेज़ॉन के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में इंडिया पोस्ट की पहुँच बढ़कर दोगुनी से ज्यादा हो गई है, जिसके पिकअप पॉईंट देश में 6 स्थानों से बढ़कर 13 स्थानों तक पहुँच गए हैं। एक अन्य पहल में एमेज़ॉन इंडिया पोस्ट के साथ एंड-टू-एंड इंटीग्रेटेड कैश-ऑन डिलीवरी समाधान प्रदान करने वाली पहली कंपनी बन गई। इन पहलों एवं अन्य सुधारों के साथ पिछले 18 महीनों में इंडिया पोस्ट द्वारा डिलीवर किए जाने वाले एमेज़ॉन के पार्सल बढ़कर लगभग 3 गुना हो गए हैं।




एमेज़ॉन इंडिया के वीपी, ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा, ''भारत में इंडिया पोस्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत में एमेज़ॉन की वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाई है। इसने ई-कॉमर्स को पूरे देश में पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत में दशकों से सेवा दे रहे इस प्रतिष्ठित संगठन के साथ हमारी पार्टनरशिप के साथ हम लॉजिस्टिक्स और कस्टमर सेवा के क्षेत्र में लगातार कई सालों तक नए मानक स्थापित करते रहेंगे। यह पार्टनरशिप सरकार द्वारा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रक्रियाओं द्वारा इंडिया पोस्ट की सेवाओं और पहुँच का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करने के लक्ष्य के अनुरूप है। आज दस्तखत किए गए इस एमओयू के साथ मुझे विश्वास है कि हमारे इस गठबंधन के नए चरण की शुरुआत होगी, और हम सबसे अच्छी सेवाएं प्रदान करने में समर्थ बनेंगे। एमेज़ॉन की प्रतिबद्धता और पूरे देश में इंडिया पोस्ट की पहुँच के साथ हम ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देंगे। हम भारत में ग्राहकों और समुदायों की सेवा करने में नई उपलब्धियाँ हासिल करते रहने के लिए आशान्वित हैं।''

मिस वंदिता कौल, सेक्रेटरी (पोस्ट्स), डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट ने कहा, ÷इंडिया पोस्ट अपने लगभग 165000 पोस्ट ऑफिसेज़ के विस्तृत नेटवर्क के साथ ई-कॉमर्स को पूरे देश में पहुँचाने के लिए मजबूत स्थिति में है।

# अदाणी समूह के प्राकृतिक गैस-ग्रीन हाइड्रोजन मिश्रण कार्यक्रम की शुरुआत, अभी तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह ने प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन के मिश्रण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। अहमदाबाद के कुछ इलाकों में इस प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन के मिश्रण वाली गैस की सप्लाई शुरू भी हो गई है। इसका उद्देश्य उत्सर्जन में कटौती और नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करना है।

फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटल एनर्जीज और अदाणी के सिटी गैस के संयुक्त उपक्रम अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने प्राकृतिक गैस में 2.2-2.3 प्रतिशत ग्रीन हाइड्रोजन का मिश्रण करने की शुरुआत की है। इस मिश्रित गैस को अहमदाबाद के शांतिग्राम इलाके के घरों में सप्लाई किया जा रहा है। कंपनी ने लिंक्डइन पर साझा एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। स्वच्छ तरीके से उत्पादित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में इंजेक्ट किया जाता है और फिर इस मिश्रण का इस्तेमाल कम उत्सर्जन के साथ गर्मी और बिजली पैदा करने में किया जाता है।

कंपनी ने अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे पवन उर्जा और सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू किया है। इसके तहत पानी को इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के तहत हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के रूप में अलग-अलग किया जाता है। इस प्रक्रिया के बाद प्राप्त हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस के साथ मिलाया जाता है। अब यही मिश्रित गैस घरों में खाना पकाने वाली गैस के रूप में सप्लाई की जा रही है। कंपनी ने बताया कि अभी चार हजार घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को हाइड्रोजन मिश्रित गैस की आपूर्ति की जा रही है।

गौरतलब है कि अभी सरकारी ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी द्वारा ही सूरत के कवास इलाके में हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जा रही थी। साथ ही गेल कंपनी भी इंदौर में हाइड्रोजन मिश्रित सीएनजी की सप्लाई कर रही है। हालांकि अदाणी समूह का यह प्रोजेक्ट अभी तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। कंपनी की योजना है कि धीरे-धीरे प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन के मिश्रण को पांच प्रतिशत तक ले जाया जाएगा और फिर आठ प्रतिशत तक। साथ ही अहमदाबाद के अन्य इलाकों में भी इस गैस की आपूर्ति शुरू करने की योजना है।

कार्बन उत्सर्जन कम करने और अक्षय ऊर्जा के स्त्रोतों की तरफ बढ़ने की दिशा में यह अहम कदम है। इससे ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी कम होगा और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी। इससे सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। परीक्षणों में पता चला है कि प्राकृतिक गैस में 10 प्रतिशत तक ग्रीन हाइड्रोजन मिलाई जा सकती है और इसका मौजूदा पाइपलाइंस या उपकरणों पर असर नहीं पड़ेगा। वहीं पाइप्स के मैटेरियल में बदलाव करके प्राकृतिक गैस में 30 फीसदी तक ग्रीन हाइड्रोजन मिलाई जा सकेगी। जलवायु परिवर्तन से निपटने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हाइड्रोजन को अहम ऊर्जा स्त्रोत माना जा रहा है। हालांकि इसके उत्पादन की लागत एक बड़ी चुनौती है।

# कोको गॉफ चीन ओपन के फाइनल में पहुंची, अब ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता से सामना



**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिका की कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को पाउला बडोसा को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर चीन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। यह लगातार तीसरा मैच है जब गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद दमदार वापसी कर मैच को अपने नाम किया। डब्ल्यूटीए-1000 स्तर के इस टूर्नामेंट के फाइनल में छठी रैंकिंग वाली गॉफ के सामने रविवार को फाइनल में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन या चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। यह 20 साल की खिलाड़ी 19वी रैंकिंग पर काबिज बडोसा के खिलाफ शुरुआती सेट को गंवाने के बाद दूसरे सेट में 1-3 से पिछड़ रही थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी कर मुकाबले को अपने नाम किया।

भारत-बांग्लादेश

# रिंकू सिंह ने बनवाया 'गॉड प्लान' टैटू, बताई इसे बनवाने की कहानी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच ग्वालियर में शुरू होने वाली टी20 सीरीज से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपने टैटू पर बात की है। रिंकू ने बीते दिनों ही गॉड प्लान टैटू बनाया है। यह क्यों बनाया? इस बाबत बाते करते हुए रिंकू ने कहा कि हर कोई जानता है कि मेरी एक प्रसिद्ध कहावत है गॉड प्लान (ईश्वर की योजना)। मैंने अपना टैटू उसी के आधार पर डिजाइन किया है। मुझे इसे प्राप्त किए हुए कुछ सप्ताह हो गए हैं। भगवान की योजना शब्द एक वृत्त के अंदर लिखा हुआ है, जो सूर्य का प्रतीक है। टैटू का मुख्य पहलू आईपीएल में मेरे द्वारा मारे गए 5 छक्कों का प्रतिनिधित्व है - दो कवर के ऊपर, एक लॉन्ग-ऑन, लॉन्ग-ऑफ और डीप फाइन-लेग पर, इसने मेरा जीवन बदल दिया। इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन्हें टैटू में शामिल करूंगा।

बता दें कि रिंकू को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि आईपीएल 2023 के दौरान यश दयाल के खिलाफ लगाए गए 5 छक्कों के कारण मिली थी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए रिंकू ने आखिरी 5 गेंदों पर गुजरात टाइटंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को 5 छक्के लगाए थे और अपनी टीम को असंभव जीत दिलाई थी। रिंकू ने उक्त सीजन के 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जिससे उन्हें भारतीय टीम में बुलाया गया।

# 37 साल के सुरेश रैना ने तूफानी बैटिंग से मचाई तबाही

## शाकिब अल हसन का तो भर्ता बना दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर सुरेश रैना ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हालांकि वह आज कल युनाइटेड स्टेट्स में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जी हां, रैना सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, जो नेशनल क्रिकेट लीग द्वारा आयोजित कराया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में वह न्यू यॉर्क लायंस के लिए खेल रहे हैं। बीते 5 अक्टूबर को न्यू यॉर्क लायंस और लॉस एंजिलिस वेव्स के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें सुरेश रैना ने पुराने दिनों की तरह गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को भी नहीं छोड़ा।

**सुरेश रैना ने शाकिब अल हसन की लगाई क्लास** - 37 साल के सुरेश रैना अमेरिका में गजब की फॉर्म में नजर आए। उन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबका दिल जीत लिया। वहीं लॉस एंजिलिस वेव्स के लिए खेल रहे शाकिब अल हसन की उन्होंने धज्जियां उड़ा दी। रैना ने शाकिब के ओवर में दो गगनचुंबी छक्के लगाए। इसके अलावा चौका भी जड़ा। शाकिब के ओवर से कुल 18 रन आए थे।

बांग्लादेशी ऑलराउंडर ने मैच में सिर्फ 1 ओवर ही डाला। रैना की आतिशी पारी की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने 28 गेंद पर 53 रन बनाए। उनके बल्ले से इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के देखने को मिले।

विमेंस टी-20 वर्ल्डकप

# भारत ने पाकिस्तान को हराया

## 6 विकेट से जीता मैच




**नईदिल्ल, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और पाकिस्तान ने इनिंग की शुरूआत धीमी की।

पाकिस्तान की धीमी लय जारी रही जबकि भारतीय गेंदबाज ने अपनी आक्रामकता बनाए रखी जिस कारण निदा डार (28) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सकी तथा टीम 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 105 रन की बना पाई। भारतीय गेंदबाजों अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल ने क्रमश 3-2 विकेट अपने नाम किए जबकि रेणुका ठाकुर, दीप्ति शर्मा, आशा सोभना ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। भारत ने 106 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 गेंदें रहते मैच अपने नाम किया। लक्ष्य प्राप्ति के दौरान शैफाली वर्मा ने 32, जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 और हरमनप्रीत कौर ने 29 रन बनाए।

रोहित शर्मा ने किया खुलासा

# ऋषभ पंत के मास्टरप्लान ने भारत को टी20 विश्व कप में दिलाई जीत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल अभी भी प्रशंसकों के दिमाग में ताजा है। चाहे वह सूर्यकुमार यादव का कैच हो, डेथ ओवर में तेज गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी हो या विराट कोहली का दृढ़ अर्धशतक, ऐसे कई कारक हैं जिन्होंने भारत को खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराने में मदद की। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा ने अब एक और कारक का खुलासा किया है जिसने भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में रोहित ने खुलासा किया कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मैच को धीमा करने के लिए एक शानदार चाल सोची जिससे भारत को दक्षिण अफ्रीका की लय को बाधित करने में मदद मिली और भारत के पक्ष में जीत का रास्ता बन गया।

उन्होंने शो में कहा, जब दक्षिण अफ्रीका को 30 गेंदों पर 30 रन चाहिए थे, उससे ठीक पहले एक छोटा ब्रेक था। पंत ने अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करके खेल को रोक दिया - उनके घुटने में चोट थी, इसलिए उन्होंने अपने



घुटने पर टेप लगा लिया, जिससे खेल धीमा हो गया - क्योंकि खेल तेज गति से आगे बढ़ रहा था और उस समय, बल्लेबाज बस यही चाहता था कि गेंद जल्दी फेंकी जाए। लेकिन हमें लय तोड़नी थी। जब मैं फील्ड सेट कर रहा था और गेंदबाजों से बात कर रहा था, तो अचानक मैंने देखा कि पंत जमीन पर गिर गया। फिजियोथेरेपिस्ट आ गया था और उसके घुटने पर टेप लगा रहा था। क्लासेन मैच के फिर से शुरू होने का इंतजार कर रहा था। मैं यह नहीं कह रहा कि यह एकमात्र कारण है, लेकिन यह उनमें से एक हो सकता है, पंत साहब ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल किया और चीजें हमारे पक्ष में हो गईं।

इस ब्रेक के बाद, हार्दिक पांड्या ने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया जिससे भारतीय टीम के लिए खुद को फिर से ड्राइविंग सीट पर लाने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि डेविड मिलर ने भी टीम से खिताब छीनने की कोशिश की, लेकिन आखिरी 2-3 ओवरों में दबाव दक्षिण अफ्रीका पर था और भारत ने इस स्थिति का फायदा उठाया। उन्होंने कहा, ऐसा ही हुआ।

हार्दिक ने उस ओवर में क्लासेन को आउट किया और उसके बाद से दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनना शुरू हो गया। फिर सभी लड़के इकट्ठे हुए और बल्लेबाजों को स्लेज करना शुरू कर दिया, जिसका कारण मैं यहां नहीं बता सकता, लेकिन यह जरूरी था क्योंकि हमें किसी भी कीमत पर जीतना था।

# हॉकी स्टार रानी रामपाल का सूटकेस टूटा, खिलाड़ी ने एयरलाइंस पर निकाली भड़ास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम की स्टार प्लेयर रानी रामपाल रविवार की सुबह उस समय भड़क गई जब एयर इंडिया ने उनके लगेज को गलत तरीके से हैंडल किया। रानी ने सोशल मीडिया पर एयरलाइन की आलोचना की और 6 अक्टूबर को अपने टूटे सूटकेस की तस्वीर पोस्ट की।

भारतीय हॉकी स्टार हाल ही में अमेरिका और कनाडा की छुट्टियों पर थीं और अपने खाली समय में खूब मौज-मस्ती कर रही थीं। छुट्टियों के आखिर में उन्हें उस समय बुरा लगा जब उन्होंने बैगेज बेल्ट से अपना लगेज उठाया और पाया कि वह टूटा हुआ है। रानी ने ट्विटर पर कहा, इस शानदार सरप्राइज के लिए एयर इंडिया का शुक्रिया। आपका स्टाफ हमारे बैग के साथ ऐसा ही व्यवहार करता है। आज दोपहर कनाडा से भारत लौटते समय दिल्ली में उतरने के बाद मैंने पाया कि मेरा बैग टूटा हुआ है।

रानी को अपने पोस्ट पर एयर इंडिया की ओर से तुरंत जवाब मिला जिसमें उनसे उनकी उड़ान का विवरण साझा करने के लिए कहा गया। हॉकी खिलाड़ी ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। ट्विटर थ्रेड में कई अन्य यात्रियों ने भी रानी जैसी ही शिकायत की और एयरलाइन पर उनके सामान की गलत तरीके से देखभाल करने का आरोप लगाया।

गौर हो कि रानी रामपाल अपने असाधारण कौशल, समर्पण और प्रेरणादायक यात्रा के लिए जानी जाती हैं, जिसने उन्हें खेल में एक किंवदंती बना दिया है। 4 दिसंबर 1994 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के गांव शाहाबाद मारकंडा में जन्मी रानी रामपाल का जीवन शुरुआती प्रतिकूलताओं से भरा था। उनके पिता, एक गाड़ी-खींचने वाले, गुजारा करने के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन रानी का हॉकी के प्रति जुनून छोटी उम्र से ही निर्विवाद था। उन्हें 6 साल की उम्र में खेल से परिचित कराया गया और उन्होंने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता बलदेव सिंह के मार्गदर्शन में शाहाबाद हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण लेना शुरू किया। उन्होंने 2008 में मात्र 14 वर्ष की उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और भारत की अब तक की सबसे कम उम्र की हॉकी खिलाड़ी बन गईं। 2010 में उनका विश्व कप पदार्पण हुआ, जब वह केवल 15 वर्ष की थीं, और वह विश्व कप में भाग लेने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने सात गोल किए, जिससे भारत को 1978 के बाद से अपनी सर्वश्रेष्ठ विश्व कप रैंकिंग हासिल करने में मदद मिली।

# धोनी या रोहित, किसकी कप्तानी में खेलना है पसंद, कपिल शर्मा शो में शिवम दुबे ने दिया जवाब

**मुंबई (एजेंसी)।** नेटफ्लिक्स पर कपिल शर्मा शो के नए एपिसोड में भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे को एक चुनौती दी गई। होस्ट ने दुबे से पूछा कि वह अपने पसंदीदा कप्तान का नाम बताएं क्योंकि उन्होंने



एमएस धोनी और रोहित शर्मा दोनों के नेतृत्व में खेला है। भारतीय ऑलराउंडर ने एक चुटीला जवाब देने का फैसला किया जिसने दर्शकों, होस्ट और उसी पैनल पर बैठे भारतीय क्रिकेटरों को प्रभावित किया। शिवम दुबे ने चुटीला जवाब दिया, जब मैं चेन्नई के लिए खेलता हूं, तो एमएस धोनी सर्वश्रेष्ठ होते हैं, जब मैं भारत के लिए खेलता हूं तो रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ होते हैं। जवाब पर एक मजेदार प्रतिक्रिया में रोहित शर्मा ने दुबे से तुरंत पूछा कि क्या उन्होंने इस तरह के टॉक शो में आने से पहले अपने जवाबों का अभ्यास किया है। शिवम दुबे हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए थे। दुबे को पीठ में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके स्थान पर तिलक वर्मा को शामिल करने की घोषणा की।

दुबे अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वे ईरानी कप के लिए मुंबई की टीम से भी बाहर हो गए। हालांकि उनकी चोट की गंभीरता स्पष्ट नहीं है, लेकिन टीम प्रबंधन ने उनकी स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए सतर्क रुख अपनाया है।

एशिया कप आस्ट्रेलिया-श्रीलंका

# एशिया कप चैंपियन श्रीलंका लगातार दूसरा मैच हारी




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप चैंपियन श्रीलंका महिला टी20 विश्व कप में झटके पर झटका खा रही है। पाकिस्तान के बाद ऑस्ट्रेलिया टीम ने उन्हें हरा दिया है। गत चैंपियन की बल्लेबाजी अच्छी थी लेकिन गेंदबाजी ने निराश कर दिया। शारजहा के मैदान पर खेले गए मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए थे। इसमें हर्षिता ने 35 गेंदों पर 23 तो निष्काशी ने 40 गेंदों पर 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेघन ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया टीम ने बेथ मूनी के 43 रनों की बदौलत 4 विकेट खोकर 14.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने मैच जीतने के बाद कहा कि हां, हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं इससे खुश हूं। हम परफेक्ट हुए बिना भी अच्छे थे, हमने गेंद के साथ परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठाया। विकेट थोड़े नीचे और धीमे हैं और हम देखेंगे कि पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच में यह कैसा होता है। हमने यहां पहले कुछ गेम देखे थे और यह हमारे काम आए। हम पूरे टूर्नामेंट में कुछ अलग चीजें आजमाएंगे। हमारी बल्लेबाजी लाइनअप में खेल को तोड़ने के लिए कुछ खिलाड़ी हैं।

वहीं, श्रीलंकाई कप्तान चमारी अथापत्थु ने कहा कि हम पिछले 2 महीनों में अच्छा क्रिकेट खेल रहे थे, यहां तक ??कि वॉर्मअप में भी। हम दुर्भाग्य से दो मैच हार गए हैं। हम कम टर्न और उछाल वाली इन पिचों पर संघर्ष कर रहे हैं। हमारी बल्लेबाजी शीर्ष तीन-चार बल्लेबाजों पर निर्भर है। हमारे पहले 4 बल्लेबाजों ने संघर्ष किया और इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि हम अपने अगले गेम में सुधार करेंगे और हमारी लड़कियां दुबई में अच्छा प्रदर्शन करेंगी। दुबई बल्लेबाजी के लिए बेहतर है इसलिए मुझे उम्मीद है कि हम वहां बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

**श्रीलंका महिला** - विशमी गुणरत्ने, चमारी अथापथु (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, हसीनी परेरा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा।

**ऑस्ट्रेलिया महिला** - एलिसा हीली (विकेटकीपर/कप्तान), बेथ मूनी, एलिसे पेरी, एशले गार्डनर, फोबे लीचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम, सोफी मोलिनक्स, मेगन शुट्ट, डार्सी ब्राउन।

# भारतीय लड़की ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर से सगाई की

## शादी के लिए इस्लाम अपनाने को तैयार, दोनों अगले साल शादी करेंगे

**न्यू यॉर्क (एजेंसी)।** भारत की एक और लड़की पाकिस्तानी क्रिकेटर से शादी करने जा रही है। लड़की का नाम पूजा बोमन है और न्यू यॉर्क में रहती हैं। पूजा ने हाल ही में पाकिस्तानी स्पिनर रजा



हसन से सगाई की। दोनों अगले साल जनवरी-फरवरी में शादी करने जा रहे हैं। 32 साल के रजा हसन ने इंस्टा पोस्ट में पूजा से सगाई का ऐलान किया। फोटो में पूजा हसन के साथ इंगेजमेंट रिंग को दिखाती नजर आ रही हैं। दोनों ने समुंदर किनारे फोटो शूट कराया। रजा ने लाल रंगा कुर्ता पहना हुआ है, जबकि पूजा ने वाइन क्लर की सूट में दिख रही हैं। रजा ने आंखों पर सन ग्लास लगा रखा है। दोनों के चेहरों पर स्माइल है। रजा अपनी मंगेतर पूजा का हाथ पकड़े रोमांटिक अंदाज में खड़े हैं। रजा हसन ने इस पोस्ट के जरिए पूजा से सगाई का ऐलान किया।

### रजा ने लिखा- मैंने शादी के लिए पूछा और वो मान गई

रजा हसन ने पोस्ट में लिखा, यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि मैंने सगाई कर ली है। मैंने अपने प्यार से पूरी जिंदगी साथ बिताने का सवाल पूछा और वह तैयार हो गई। अपने नए सफर के लिए हम उत्साहित हैं।

### इस्लाम अपनाने को तैयार हैं पूजा

रजा हसन ने मीडिया आउटलेट से कहा, मैं पूजा से शादी करने को लेकर बहुत खुश हूं। उन्होंने बताया कि पूजा हिंदू धर्म में विश्वास रखती हैं, लेकिन उनका इस्लाम धर्म में बेहद दिलचस्पी है और वह अपने होने वाले पति के लिए धर्म बदलने को तैयार हैं। रजा ने अक्टूबर 2014 में वनडे डेब्यू किया, जो उनका पहला और आखिरी वनडे साबित हुआ।

# मेगा ऑक्शन नियम से खुश नहीं हैं आधी आईपीएल फ्रेंचाइजी

## राइट टु मैच में बदलाव पर सबसे ज्यादा विवाद, पुराना नियम चाहते हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल मेगा ऑक्शन के नियमों में बदलाव से कुछ टीमें खुश नहीं हैं। सबसे ज्यादा विवाद राइट टु मैच नियम में बदलाव को लेकर हो रहा है। कुछ टीमों ने बीसीसीआई को लेटर लिखकर आपत्ति भी जताई है।

बोर्ड ने 28 सितंबर को लीग की नई रिटेंशन पॉलिसी लागू की थी, इनमें राइट टु मैच कार्ड नियम की वापसी हुई। इस नियम के अनुसार, टीमें अगर किसी प्लेयर को रिटेन नहीं कर पाती हैं, तो उन्हें मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड का इस्तेमाल कर अपने साथ रख सकेंगी। हालांकि, इसमें एक बदलाव हुआ है जो टीमों को पसंद नहीं आ रहा।

यह समझिए या मान लीजिए रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने रिटेन नहीं किया। उनका नाम ऑक्शन में आया और उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10 करोड़ रुपए में खरीद लिया। अब अगर मुंबई चाहे तो आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर रोहित को 10 करोड़ रुपए में अपने साथ ही रख सकती है। 2018 के मेगा ऑक्शन में बेंगलुरु ने राइट टु मैच कार्ड से युजवेंद्र चहल को खरीदा था।

**इस नियम पर विवाद हुआ है** - नई रिटेंशन पॉलिसी में राइट टु मैच कार्ड की वापसी हुई है। इसी नियम पर विवाद हुआ है। इस नियम के अनुसार, टीमें चाहें तो अपने नॉन-रिटेन (जिसे रिटेन नहीं किया गया है) को नीलामी के दौरान अपने पास रख सकती हैं।




**राइट टु मैच कार्ड के नियम में क्या बदलाव हुआ है** - इस बार एक नया क्लॉज जोड़ा गया। जिसके अनुसार नॉन रिटेन खिलाड़ी पर बोली लगाने वाली टीमों के पास राइट टु मैच कार्ड के बाद खिलाड़ी की कीमत बढ़ाने का मौका रहेगा। मान लीजिए, चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 प्लेयर रिटेन किए और उनके पास एक आरटीएम कार्ड बचा है। टीम मोईन अली को रिटेन नहीं कर सकी। अब अगर ऑक्शन में हैदराबाद ने मोईन को 6 करोड़ रुपए देकर खरीदा, तो चेन्नई अपने आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर मोईन को अपनी टीम में ही रख सकती है।

नए क्लॉज के अनुसार, जैसे हैदराबाद ने मोईन पर 6 करोड़ की बोली लगाई और सीएसके ने आरटीएम कार्ड यूज किया, तो हैदराबाद उस कीमत को बढ़ा कर 9 या 10 करोड़ रुपए तक भी कर सकती है। अब अगर सीएसके ने आरटीएम कार्ड यूज किया तो उन्हें बढ़ी हुई कीमत में मोईन को खरीदना होगा। अगर सीएसके ने आरटीएम कार्ड यूज नहीं किया तो मोईन बढ़ी हुई कीमत में हैदराबाद के पास चले जाएंगे।

**क्लॉज पर इसीलिए हुआ विवाद** - इस क्लॉज से राइट टु मैच कार्ड यूज करने वाली टीम का नुकसान होगा। या तो उसे ज्यादा पैसे देने होंगे या फिर खिलाड़ी को छोड़ना होगा।

**फ्रेंचाइजी का कहना है** - कुछ फ्रेंचाइजी ने बोर्ड को पत्र लिखकर कहा है कि अतिरिक्त मौकों से यह नियम कमजोर होगा। राइट टु मैच कार्ड का उद्देश्य खिलाड़ी की मार्केट वैल्यू तय करना है। यदि कोई फ्रेंचाइजी खिलाड़ी पर मनमाने ढंग से बोली लगाएगी और उतनी कीमत कार्ड का इस्तेमाल करने वाली फ्रेंचाइजी को चुकानी होगी तो यह उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

**नए क्लॉज के पीछे बोर्ड का यह तर्क है** - बोर्ड ने नई रिटेंशन पॉलिसी की घोषणा करते हुए राइट टु मैच कार्ड नियम पर कहा था कि सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को खिलाड़ी के लिए अपनी बोली बढ़ाने का एक अंतिम अवसर दिया जाना चाहिए। इसके बाद ही राइट टु मैच कार्ड रखने वाली टीम अपने अधिकार का प्रयोग कर सकती है। बोर्ड ने यह भी कहा था कि यह बोली कितनी भी बड़ी हो सकती है।

**राइट टु मैच कार्ड का इस्तेमाल हो सकता है** - हर टीम नीलामी में ज्यादा से ज्यादा 6 राइट टु मैच कार्ड का प्रयोग कर सकती है। इस कार्ड का इस्तेमाल तभी हो सकता है, जब टीम ने किसी खिलाड़ी को रिटेन न किया होगा। यानी कि रिटेन खिलाड़ियों की संख्या बढ़ने पर राइट टु मैच कार्ड की संख्या कम होगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार



## ग्रेटर नोएडा में सड़क किनारे खेत में मिले युवक-युवती के शव, पुलिस मान रही सुसाइड

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक-युवती के शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक युवक-युवती बुलंदशहर के रहने वाले थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अभी इसे प्रेम संबंध में आत्महत्या मान रही है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को रविवार सुबह दादरी थाना इलाके में खेत में एक युवक-युवती के शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को शवों के पास एक मोटरसाइकिल और एक बैग भी मिला है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी भी इंस्पेक्टर सहित मौके पर जांच-पड़ताल में जुटे हैं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास छानबीन करने के साथ ही दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत एक युवक-युवती का शव मिला है। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था शिव हरी मीना व डीसीपी ग्रेटर नोएडा फॉरेंसिक टीम और डॉग डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं। फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान आसपास वोमेटिंग (उल्टियां) होना पाया गया है। प्रथमदृष्ट्या जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। मृतक युवक-युवती पड़ोसी जिले बुलंदशहर के रहने वाले हैं, दोनों के परिजन मौके पर मौजूद हैं। मृतक युवक के भाई ने पुलिस को युवक ने उसके मोबाइल फोन पर आत्महत्या करने के संबंध में मैसेज किया था। वह मैसेज मृतक के भाई द्वारा पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। दोनों शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। इस मामले में सभी बिन्दुओं पर गहनता से जांच करते हुए आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 'भारत के युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में झोंकना चाहती है कांग्रेस: अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में, दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 500 किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामद की गई है, जो नशे के कारोबार के मामले में दिल्ली में सबसे बड़ा भंडाफोड़ है। आश्चर्य की बात यह है कि कोकीन के कारोबार से जुड़े 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी भारतीय युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई के आरटीआई प्रकोष्ठ का अध्यक्ष है। 5,600 करोड़ रुपये के ड्रग सिंडिकेट के मास्टमाइंड तुषार गोयल का कांग्रेस कनेक्शन जगजाहिर हो चुका है, जो दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। तुषार गोयल ने आज भी अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आरटीआई सेल चेयरमैन, कांग्रेस लिखा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि 5,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 500 किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामदगी केस के तार दुबई से भी जुड़े हैं। इसके साथ-साथ 40 किलोग्राम मेरियाना भी जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है। गौरतलब है कि एक ओर जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नशामुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, 'बॉटम टू टॉप' और 'टॉप टू बॉटम' अप्रोच के साथ बेहतर समन्वय को अपना रही है, वहीं दिल्ली में पकड़ी गई कोकीन की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक, निंदनीय और शर्मनाक है। यह घटना साबित कर रही है कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नशे का सामान बिक रहा है और नशे का कारोबार हो रहा है।

# कांग्रेस को मिली बहुमत तो कौन बनेगा हरियाणा का मुख्यमंत्री, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा एवं दीपेंद्र हुड्डा के नामों की चर्चा



**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना 8 अक्टूबर को होगी, लेकिन विपक्षी कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री पद की दौड़ पहले ही तेज हो चुकी है। शनिवार को जब हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा था तभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने पूर्ण बहुमत मिलने का दावा करना शुरू कर दिया था। उनमें से कुछ ने अपना नाम सीएम पद के लिए पेश करने से परहेज नहीं किया। हालांकि, सभी ने एक बात समान रूप से कही कि अंतिम फैसला आलाकमान का होगा।

हरियाणा में अगर कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलती है तो सीएम बनने की रेस में सबसे आगे भूपेंद्र सिंह हुड्डा हैं, जो 2005 से 2014 तक दो बार सीएम रह चुके हैं। उन्होंने विधानसभा चुनावों और हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में भी हरियाणा में पार्टी की अगुआई की है। उन्होंने कहा, मैं अभी रिटायर नहीं हुआ हूं। कांग्रेस पार्टी ही सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री कौन होगा, यह पार्टी हाईकमान तय करेगा। वहीं, उनकी धुर विरोधी और सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा को भी सीएम पद के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। एक प्रमुख दलित चेहरा होने के अलावा, वह गांधी परिवार के साथ अपनी निकटता के लिए भी जानी जाती हैं। उन्होने कहा, कांग्रेस मेरे विशाल अनुभव और पार्टी के प्रति मेरी निर्विवाद निष्ठा से इनकार नहीं कर सकती। शैलजा कांग्रेस की एक वफादार सिपाही हैं और हमेशा कांग्रेस के साथ रहेंगी। हर कोई जानता है कि कांग्रेस का सीएम कौन होगा, इसका फैसला हमेशा पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाता है। कांग्रेस के हलकों में एक और नाम की चर्चा है। अगर सीनियर हुड्डा सीएम की दौड़ से बाहर हो जाते हैं, तो उनके बेटे और रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा सीएम की कुर्सी के लिए मजबूत दावेदार के रूप में उभरेंगे। शैलजा के द्वारा सीएम पद की दावेदारी पेश करने पर दीपेंद्र ने कहा, शैलजा ने जो भी कहा है उसमें कुछ भी गलत नहीं है। अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाता है। आपको बता दें कि अपनी सभी चुनावी रैलियों में दीपेंद्र ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार जाने वाली है और कांग्रेस भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में अपनी सरकार बनाने जा रही है। शनिवार को अपने गृह क्षेत्र कैथल में वोट डालने के बाद राज्यसभा सांसद और एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा, सीएम बनने की महत्वाकांक्षा रखना गलत नहीं है। हम सीएम चेहरे के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा लिए गए निर्णय को स्वीकार करेंगे। आपको बता दें कि उनके समर्थन सुरजेवाला को भी सीएम की रेस में देखते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि हरियाणा कांग्रेस प्रमुख और दलित नेता उदय भान, जो हुड्डा के वफादार माने जाते हैं, भी सीएम पद के दावेदारों में से एक हैं। सूत्रों ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि दिल्ली में एआईसीसी नेताओं के साथ एक बैठक में भान ने भी दावा किया था कि अगर पार्टी सीएम के रूप में किसी दलित चेहरे का नाम बताएगी तो वह अपना दावा पेश करेंगे। कांग्रेस के प्रचार अभियान के दौरान इन नेताओं ने अक्सर सीएम बनने की अपनी महत्वाकांक्षाओं को व्यक्त किया था और उम्मीद जताई थी कि पार्टी चुनाव जीतेगी।

## एग्जिट पोल की खुल चुकी है पोल, मैं पक्का जीतूंगा: अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने शनिवार को कहा कि एग्जिट पोल की पोल खुल चुकी है। उन्होंने दावा किया है कि वो अंबाला कैंट के चुनावी मैदान में जीत का परचम लहराने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक मतदान का पूरा आंकड़ा नहीं आया है। चुनाव आयोग रात 11 बजे के बाद अंतिम आंकड़े जारी करेगा। ऐसे में मुझे लगता है कि इससे पहले कुछ कहना उचित नहीं रहेगा। आयोग द्वारा बिना आंकड़े जारी किए कैसे एग्जिट पोल आ सकते हैं ।

उन्होंने कहा, मुझे अंबाला कैंट का पता है। मैं भारी मतों से जीत का परचम लहराने जा रहा हूं। इसके अलावा, हरियाणा में भाजपा तीसरी बार जीत के साथ हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा, एग्जिट पोल को लेकर कई लोग दावे कर रहे हैं, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कई बार एग्जिट की पोल की पोल खुल चुकी है। ऐसे में मुझे इस पर विश्वास नहीं रह गया है। अंबाला कैंट में लोगों के बीच में उत्साह देखने को मिल रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं भारी मतों से यहां से जीतूंगा।

उधर, जम्मू-कश्मीर को लेकर भी विज ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद आतंकवाद पर कुठाराघात लगा है। आतंकवाद में 80 फीसद की कमी आई है। वहां पर जी -20 का आयोजन हुआ है। वहां पर अब सभी के अधिकार बहाल हो गए। पहले अनुच्छेद 370 की वजह से लोगों को अधिकार नहीं मिल पाता था। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर को नर्क बना

# नोएडा में घर बनाने का मौका



**नोएडा , एजेंसी।**
एनसीआर में अपना खुद का घर बनाने का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली से सटे नोएडा शहर के अलग-अलग सेक्टरों में रिहायशी प्लॉट की योजना लॉन्च की गई है। दिवाली से पहले यहां अपनी सुविधानुसार अलग-अलग साइज के प्लॉट खरीद सकेंगे।

जानकारी के अनुसार, नोएडा प्राधिकरण ने 25 आवासीय प्लॉटों की योजना लॉन्च की है। इस योजना में आगामी 25 अक्टूबर तक ही आवेदन किया जा सकता है। यह प्लॉट शहर के अलग-अलग सात सेक्टरों में हैं। इन प्लॉटों का आवंटन ई-बोली के जरिये होगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये प्लॉट सेक्टर-30, सेक्टर 43, सेक्टर 44, सेक्टर 99, सेक्टर 105, सेक्टर 122 और सेक्टर 151 में हैं। इनमें से सिर्फ सेक्टर-151 में नए प्लॉट हैं, बाकी जगह सरेंडर किए गए या आवंटन निरस्त हुए प्लॉट हैं। पैसा जमा नहीं करने और अन्य वजहों से इनके आवंटन निरस्त किए गए थे।

इस योजना में 120 से लेकर 450 वर्ग मीटर तक के प्लॉट हैं। इनका आवंटन अन्य योजनाओं की तरह ई-बोली के जरिये ही किया जाएगा। जो सबसे ज्यादा ऊंची बोली लगाएगा, उसी को प्लॉट आवंटित किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जिन सेक्टर में ये प्लॉट हैं, उसका आवंटन रेट प्लॉट का रिजर्व प्राइज होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस महीने आवेदन का समय समाप्त होने के बाद अगले महीने ई-बोली की प्रक्रिया की जाएगी। आवेदन करने वालों को बोली की तारीख और समय ई-मेल के जरिये बता दिया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अभी 25 से अधिक और प्लॉट खाली पड़े हुए हैं, जिन पर कोई विवाद नहीं है।

# अमीर राज्य के लोग कब तक गरीब रहेंगे, वनमंत्री कश्यप ने किया हसदेव में कोयला खनन का बचाव



**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने राज्य में कोयला खनन और अन्य विकास परियोजनाओं का बचाव करते हुए कहा कि ये लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए आवश्यक हैं। पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में, कश्यप ने कहा कि 'इस संसाधन संपन्न क्षेत्र के लोग कब तक गरीब रहेंगे? विकास और ऊर्जा समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।' बातचीत के दौरान कश्यप ने आगे कहा, लोगों को रोजगार की जरूरत है। हां, अगर पेड़ काटे जाते हैं, तो उस नुकसान की भरपाई करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रभावित समुदायों के स्वास्थ्य और आजीविका की रक्षा की जाए। ऐसी परियोजनाओं के लिए ग्राम सभा की सहमति के मुद्दे पर कश्यप ने कहा, कानून ग्राम सभाओं को ना कहने की शक्ति देता है। कुछ मामलों में, उन्होंने उस शक्ति का उपयोग किया है, लेकिन ज्यादातर मामलों में उन्होंने (कोयला खनन और अन्य परियोजनाओं) का समर्थन किया है। जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरण्य वन में कोयला परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई के विरोध के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने माना कि कुछ लोगों ने कोयला और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए जंगलों की कटाई का विरोध किया है, लेकिन जोर देकर कहा कि ज्यादातर ने इनका समर्थन किया है। देश का तीसरा सबसे बड़ा कोयला भंडार बता दें कि छत्तीसगढ़ में 57 बिलियन टन कोयला भंडार है, जो इसे झारखंड और ओडिशा के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य बनाता है। यह मध्य प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बाद सबसे बड़े वन क्षेत्र वाले राज्यों में तीसरे स्थान पर है, जहां इसके कुल भौगोलिक क्षेत्र का 44 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वनों से ढंका हुआ है। हसदेव अरण्य में हैं तीन कोयला ब्लॉक छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित हसदेव अरण्य कोयला क्षेत्र में तीन कोयला ब्लॉक मौजूद हैं... पहला परसा, दूसरा परसा ईस्ट केंटे बसन (पीईकेबी) और तीसरा केंटे एक्सटेंशन कोल ब्लॉक (पीईकेबी)। तीनों कोयला ब्लॉक राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित किए गए हैं। 1,701 वर्ग किलोमीटर में फैला हसदेव अरण्य का जंगल भारत के सबसे व्यापक घने वन क्षेत्रों में से एक है। यह 25 लुप्तप्राय प्रजातियों, 92 पक्षी प्रजातियों और 167 दुर्लभ और औषधीय पौधों की प्रजातियों का घर हैं। हसदेव अरण्य वन 1,70,000 हेक्टेयर में फैला हुआ है और यह क्षेत्र देश की राजधानी दिल्ली से भी बड़ा है। भारतीय खान ब्यूरो के अनुसार, इस वन में 5,179.35 मिलियन टन कोयला भंडार है। जनवरी में, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पीईकेबी कोयला खनन परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का स्वतः संज्ञान लिया और राज्य वन विभाग से रिपोर्ट मांगी।

# भारतीय डॉक्टरों के बिना अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा संकट में, ग्रीन कार्ड में तेजी जरूरी: एएपीआइई



**न्यूयार्क , एजेंसी।** अमेरिका (स) में भारतीय मूल के चिकित्सकों के एक प्रमुख संगठन के अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के बाद सरकार बनाने वाले अमेरिकी प्रशासन से आव्रजन एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधारों को प्राथमिकता देने और भारत के चिकित्सा पेशेवरों के लिए 'ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आह्वान किया है। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। 'अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन ) के अध्यक्ष डॉ. सतीश कथुला ने ' विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारतीय चिकित्सकों के बिना अमेरिका की स्वास्थय सेवाएं चरमरा डाएंगी। सभी लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करना, आव्रजन और वीजा, चिकित्सा में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, विविधता और भेदभाव का विरोध- ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें अगले 'व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) प्रशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए। 1982 में स्थापित किया गया था। यह अमेरिका में भारतीय मूल के 1,20,000 से अधिक चिकित्सकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा जातीय चिकित्सा संगठन है। कथुला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसे कई चिकित्सक हैं जिनके पास 15-20 साल से अमेरिका में रहने के बाद भी एच-1बी कार्य वीजा ही है। उन्होंने कहा, ''हमें उन्हें 'ग्रीन कार्ड देने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाना होगा ताकि वे अमेरिका में रह सकें और अपने वीजा की स्थिति की चिंता किए बिना अपना काम जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि इनमें से कई चिकित्सक देश में ऐसे स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं जहां चिकित्सकीय सेवाओं की पहुंच बहुत कम है। एच-1बी कार्य वीजा पर रह रहे हजारों चिकित्सक ऐसे स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं जहां स्थानीय चिकित्सक जाना नहीं चाहते। कथुला ने कहा, ''अगर वे वास्तव में चले जाते हैं, तो कुछ शहरों में पूरी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो जाएगी, इसलिए हमें 'ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को वास्तव में तेजी से आगे बढ़ाना होगा और इसे प्राथमिकता देनी होगी।

# पश्चिमी देशों को नेतन्याहू की दो टूक, आपके समर्थन के साथ या उसके बिना जीतेंगे



**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की जमकर आलोचना की है। मैक्रॉन ने एक रेडियो साक्षात्कार में इजरायल को हथियारों की आपूर्ति रोकने का आह्वान किया था और कहा था कि सभी सभ्य देशों को दृढ़ रहना चाहिए। नेतन्याहू ने इसे शर्मनाक करार दिया। सवाल किया कि क्या उनकी तरह ईरान हिजबुल्लाह, हूती, हमास और उसके सहयोगियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहा है? नेतन्याहू ने शनिवार को एक वीडियो संदेश में कहा, मैक्रॉन और अन्य पश्चिमी नेता अब इजरायल के खिलाफ हथियार प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं, और जोर देकर कहा कि इजरायल उनके समर्थन के साथ या उसके बिना जीतेगा। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, लेकिन युद्ध जीतने के बाद भी उनकी शर्मिंदगी लंबे समय तक जारी रहेगी। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल आज सभ्यता के दुश्मनों के खिलाफ सात मोर्चों पर अपना बचाव कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा, क्या ईरान हिजबुल्लाह, हूती, हमास और उसके अन्य सहयोगियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहा है? बिल्कुल नहीं। ये सब साथ खड़े हैं। लेकिन जो देश कथित तौर पर इस आतंकी संगठनों का विरोध करते हैं, वे इजरायल पर हथियार प्रतिबंध लगाने का आह्वान करते हैं। नेतन्याहू ने दावा किया कि इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की मिसाइल और रॉकेट क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना सीमा के पास लेबनानी समूह की सुरंग प्रणाली को नष्ट कर रही है। हालांकि खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन हमने संघर्ष का संतुलन बदल दिया है।

लगभग एक महीने पहले, जैसे ही हम गाजा में हमास बटालियनों को नष्ट करने के अंत के करीब पहुंचे, हमने उत्तरी इजरायल के निवासियों से किए गए वादे को पूरा करना शुरू कर दिया। 23 सितंबर से, इजरायली सेना ने पूरे लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई नागरिक हताहत हुए हैं और कई क्षेत्रों से निवासियों को विस्थापित होना पड़ा है।

# एमपॉक्स से लड़ रहा कांगो, 800 से ज्यादा मौतों के बाद टीकाकरण शुरू

## अमेरिका और यूरोपीय संघ ने भेजे टीके

**ब्राज़ाविल, एजेंसी।** मंकीपॉक्स संक्रमण से निपटने के लिए डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो ने टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया। यूरोपीय संघ और अमेरिका से 2.65 लाख टीके मिलने के बाद कांगो ने लोगों का टीकाकरण होने लगा है। कांगो अधिकारियों ने शनिवार को गोमा शहर में खुराकें वितरित कीं।

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इस बार एमपॉक्स संक्रमण के चलते 859 से ज्यादा मौत हुई हैं। जबकि 30 हजार से अधिक संदिग्ध मामले हैं। जो इस साल अफ्रीका में दर्ज किए गए सभी मामलों का 80 फीसदी और मौतों का 99 फीसदी है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक आपातकाल घोषित किया है।




कांगो के स्वास्थ्य मंत्री रोजर काम्बा ने कहा कि टीकाकरण अभियान शनिवार से शुरू कर दिया गया। खुराकें केवल जोखिम वाले क्षेत्रों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दी जाएंगीं। टीकाकरण के लिए योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बच्चों के लिए स्वीकृत टीके की कम से कम 30 लाख खुराकें जापान से आने की उम्मीद है।

दरअसल दुनिया के कई देश इन दिनों मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे हैं। अफ्रीकी देशों से शुरू हुआ ये वायरल संक्रमण यूएस-यूके सहित कई एशियाई देशों में भी बढ़ता जा रहा है। वायरल जूनोटिक रोग से मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के देश सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

**क्या है एमपॉक्स संक्रमण:** एमपॉक्स एक वायरल संक्रमण है जो संक्रमित वस्तुएं, निकट संपर्क, और शरीर के तरल पदार्थों से फैल सकता है। संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग की गई वस्तुएं जैसे कपड़े, चादर, तौलिए आदि के इस्तेमाल से बचें। संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थ या घाव के संपर्क में आने से भी संक्रमण फैलने का खतरा हो सकता है। सामुदायिक तौर पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

**भारत में भी जारी है अलर्ट:** मंकीपॉक्स के खतरे को देखते हुए 14 अगस्त को डब्ल्यूएचओ ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया था। बढ़ते खतरे के देखते हुए भारत को भी अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। मंकीपॉक्स के जोखिमों को देखते हुए भारत सरकार ने तैयारियों को बढ़ाने और संभावित प्रकोप को कम करने के लिए कई उपाय किए हैं। संक्रमण की आशंका की स्थिति में रोगियों के इलाज के लिए कुछ अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। भारत सरकार ने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए मंकीपॉक्स के मामलों को प्रभावी ढंग से पहचानने और प्रबंधित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं।

## शक्ति प्रदर्शन - दो अमेरिकी बी-1बी बमवर्षकों ने दक्षिण कोरियाई वायु सेना के साथ किया संयुक्त अभ्यास

**सोल, एजेंसी।** अमेरिका के दो बी-1बी भारी बमवर्षकों ने सशस्त्र सेना दिवस पर दक्षिण कोरियाई वायु सेना के साथ संयुक्त अभ्यास किया। इनमें से एक ने राष्ट्रीय समारोह में भी भाग लिया। यह जानकारी अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान ने शनिवार को दी। सशस्त्र सेना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान, एक अमेरिकी बी-1बी बमवर्षक विमान ने राजधानी के दक्षिण में सियोल एयर बेस के ऊपर दो एफ-15के जेट प्लेन के साथ उड़ान भरी। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक यह उड़ान दक्षिण कोरिया के प्रति अमेरिकी सुरक्षा प्रतिबद्धता का प्रदर्शन थी। यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के अनुसार, दो यूएस बी-1बी बमवर्षकों ने 1 अक्टूबर की सुबह गैंगवॉन प्रांत के पिलसुंग रेंज में दक्षिण कोरियाई वायु सेना के दो एफ-15के जेट के साथ उड़ान भरी। इसके बाद एक जेट ने समारोह के लिए सेओंगनाम तरफ भी उड़ान भरी। बता दें उत्तर कोरिया सोल और वाशिंगटन के संयुक्त अभ्यास का विरोध करता रहा है। वह इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताता है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल को असामान्य व्यक्ति और कठपुतली करार दिया। किम ने कहा, कठपुतली यूं ने परमाणु हथियार संपन्न देश के सामने अपनी सैन्य ताकत का बखान किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129